CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –103 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





अधीर रंजन चौधरी को किया लोकसभा से निलंबित पृष्ठ 3

■ हिंसा की संक्रामक प्रक्रिया को रोकने में हो सकती है डाक्टरों की भूमिका
■ खाद्य महंगाई के लिए सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां जिम्मेदार पृष्ठ 4

■ उत्तर कोरियाई नेता ने सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए आदेश पर किए हस्ताक्षर
■ बेलारूस की सीमा पर दो हजार सैनिकों को तैनात करेगा पोलैंड पृष्ठ 9

विश्व कप में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं बोल्ट पृष्ठ 10

### विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा, मोदी ने साधा निशाना

# ये इंडिया नहीं, घमंडिया गठबंधन है

- पीएम मोदी ने कहा, 2028 में अच्छी तैयारी के साथ आना
- विपक्ष का मोदी के भाषण के दौरान वाकआउट
- प्रधानमंत्री ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया



**नई दिल्ली**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरफ से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को लोकसभा में गिर गया। ये अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिरा है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बोलने के दौरान ही विपक्षी पार्टियों ने वॉकआउट कर दिया था।

विपक्ष का कहना था कि करीब दो घंटे तक बोलने के बाद भी पीएम मोदी ने मणिपुर का जिक्र नहीं किया। हालांकि पीएम मोदी ने भाषण के आखिरी हिस्सों में मणिपुर पर विस्तृत बयान दिए। मोदी ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया, जिसमें वे मणिपुर पर 1 घंटे 52 मिनट बाद बोले। बड़ी बात ये कि जब प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर बात शुरू की। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा– यूपीए को लगता है कि देश के नाम का इस्तेमाल कर विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है। ये इंडिया गठबंधन नहीं है। ये घमंडिया गठबंधन है। इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। सबको प्रधानमंत्री बनना है। प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 2018 में मैंने नेता सदन के नाते उनको (विपक्ष) काम दिया था कि 2023 में वो अविश्वास प्रस्ताव लाएं। अब 2028 में लाने का काम उनको दे रहा हूं, लेकिन कम से कम थोड़ी तैयारी करके आएं। ताकि जनता को लगे कि कम से कम वो विपक्ष के लायक है।'

**भारत की उपलब्धियों पर विपक्ष को अविश्वास**–पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ढ्ढस्न्न लिखता है कि भारत ने अति गरीबी को करीब-करीब खत्म कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है जल जीवन के जरिए 4 लाख लोगों की जान बच रही है। यूनीसेफ ने कहा कि स्वच्छ भारत के कारण हर साल गरीबों के 50 हजार रुपए बच रहे हैं। इन उपलब्धियों पर कांग्रेस समेत विपक्ष के कुछ दलों को अविश्वास है। जो सच्चाई दुनिया दूर से देख रही है, वो यहां रहकर नहीं देख पा रहे हैं।

**आपके लिए राजनीति प्राथमिकता**–विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरुआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए। लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। देश की जनता ने जिस काम के लिए उन्हें यहां भेजा, उस जनता से भी विश्वासघात किया गया है।

### मोदी को कांग्रेस का डर सताता है : अधीर रंजन

*कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वॉकआउट करने को लेकर कहा, मणिपुर के मुद्दे पर आज भी पीएम 'नीरव' ही बने रहे। 'नीरव' रहने के चलते मैंने सोचा कि नया नीरव मोदी देखने का क्या फायदा। इनके दरबारी सारी बात कह चुके हैं। पीएम मोदी जो दोहराते हैं वो ही बात उनके दरबारी कह चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी को कांग्रेस का डर सताता है।*

# फिर बढ़ा झीरम न्यायिक जांच आयोग का कार्यकाल, नोटिफिकेशन जारी



**रायपुर**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने झीरम न्यायिक जांच आयोग का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। आयोग का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा था। इसे देखते हुए सरकार ने आयोग का कार्यकाल 11 अगस्त से 10 फरवरी 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले इसी वर्ष फरवरी में आयोग का कार्यकाल बढ़ाया गया था। इस संबंध में सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

बता दें कि कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर 25 मई 2013 को बस्तर की झीरम घाटी में हुए एक नक्सली हमले में 31 लोग मारे गए थे। इसमें कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, उनके पुत्र दिनेश पटेल, दिग्गज नेता महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार जैसे नाम भी शामिल थे।

इस हमले में पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनका बाद में इलाज के दौरान निधन हो गया। तत्कालीन सरकार ने इस घटना की जांच के लिए न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था।

2018 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद मौजूदा कांग्रेस सरकार ने आयोग का पुनर्गठन किया। इसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश के अग्निहोत्री को आयोग का अध्यक्ष और न्यायमूर्ति जी. मिन्हाजुद्दीन आयोग के सदस्य बनाया गया है। साथ ही जांच में नए बिंदु भी शामिल किए गए हैं।

**सार संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने मिनीमाता को पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 11 अगस्त को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

### छत्तीसगढ़ में 50 से ज्यादा जजों के तबादले

**रायपुर।** हाईकोर्ट ने देर शाम कई न्यायिक सेवा के अधिकारियों का तबादले किये हैं। कई एडिश्नल व सेशंस जज, डिस्ट्रिक्ट जज, सिविल जज के तबादले किये गये हैं। 50 से ज्यादा जजों के तबादले किये गये हैं।

### मणिपुर में एक और दुष्कर्म की भयावहता सामने आई

**इम्फाल।** जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में बलात्कार और यातना का एक और भयावह मामला सामने आया है। अब एक राहत शिविर में रह रही पीड़िता ने पुलिस में एक विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें 3 मई को घटित अपराध का खुलासा किया गया है। इस 37 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में कहा, पांच-छह लोगों ने मुझे पकड़ लिया और गाली देना तथा मारना-पीटना शुरू कर दिया। मेरे विरोध के बावजूद मुझे जबरदस्ती नीचे गिरा दिया गया। इसके बाद उन्होंने मेरा यौन उत्पीड़न करना शुरू कर दिया... उन्होंने हिंसक तरीके से मेरे निजी अंग में अपनी उंगलियां डाल दीं। मदद के लिए मेरे चिल्लाने के बावजूद किसी से कोई मदद नहीं मिली।

### मणिपुर मुद्दे पर भाजपा सरकार से एमएनएफ नेता नाखुश

**आइजोल।** लोकसभा में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के एकमात्र सदस्य सी. लालरोसांगा ने गुरुवार को कहा कि जातीय हिंसा से निपटने पर केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकारों के रवैए से उनकी पार्टी बेहद नाखुश है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश

- विपक्षी सांसदों ने किया बिल का विरोध, हंगामा
- जबरदस्त हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित

**रायपुर**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। नई दिल्ली, 10 अगस्त (देशबन्धु)। जबरदस्त हंगामे के बीच राज्यसभा में गुरूवार को मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश किया गया। इसके विरोध में विपक्षी सांसदों ने जबरदस्त नारेबाजी की।

इस दौरान इंडिया गठबंधन से जुड़े विपक्ष के अधिकांश सांसद सभापति के आसन के निकट वेल में आ गए। सदन की कार्यवाही के लिए नियम पुस्तिका दिखा रहे कुछ सांसदों ने इस दौरान सभापति के आसन तक पहुंचने की भी कोशिश की। हालांकि, इन सांसदों को रोकने के लिए तुरंत ही गार्ड तैनात कर किए गए, ताकि विरोध जता रहे सांसद सभापति के आसन तक न पहुंच सके। राज्यसभा में हुए इस जबरदस्त हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, सपा व आरजेडी समेत इंडिया गठबंधन के दल इस विधेयक के खिलाफ हैं। विपक्ष के सांसदों रणदीप सिंह सुरजेवाला, जॉन बिटास, प्रियंका चतुर्वेदी का कहना है कि सरकार द्वारा लाए जा रहे इस बिल का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को कमजोर करना है।

**मुख्य न्यायाधीश की भूमिका नहीं होगी**–इसी वर्ष मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि चुनाव आयुक्तों का चयन राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाले पैनल की सलाह पर किया जाएगा। वहीं, केंद्र सरकार एक ऐसा कानून बनाने के लिए यह विधेयक लाई है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका नहीं होगी।

### आयोग को प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने की कोशिश

*उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उनको राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से कोई न्योता नहीं मिला है। इसलिए वो इस यात्रा में शामिल नहीं होंगे। हमारी संवेदनाएं उनकी यात्रा के साथ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारी (समाजवादी पार्टी) की विचारधारा अलग है। भाजपा और कांग्रेस की एक है।*

# जैव विविधता अधिनियम में संशोधन आदिवासी हितों के विपरीत : भूपेश

**रायपुर**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जैव विविधता अधिनियम में संशोधन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। ट्वीट कर भूपेश ने कहा कि ये संशोधन आदिवासी हितों के विपरीत है।

सीएम ने ट्वीट कर लिखा कि लोकसभा से 25 जुलाई एवं राज्यसभा से 1 अगस्त को जैव विविधता (संशोधन) विधेयक, पारित कर दिया गया। इस संशोधन के बाद जैव विविधता उल्लंघन से संबंधित अपराधों को समाप्त कर दिया जाएगा। कार्पोरेट सेक्टर को वन संसाधनों की लूट की छूट देना है।



उन्होंने आगे लिखा कि प्रस्तावित संशोधन में निजी क्षेत्र की कंपनियों को सभी प्रकार के वन क्षेत्रों में व्यापार की छूट देता है। इसका वास्तविक उद्देश्य कार्पोरेट सेक्टर को वन संसाधनों की लूट की छूट देना है। इस संशोधन के माध्यम से वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को भी बैक डोर से बाई पास करने की मंशा है। सीएम बघेल ने लिखा इस संशोधन से आदिवासियों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वन क्षेत्रों में कार्पोरेट जगत की एंट्री सरल करने से आदिवासियों के वन क्षेत्रों से बेदखली की आशंका उत्पन्न हो गयी है।

# आईपीएस बसंत कुमार रथ को समय से पहले सेवानिवृत्ति का आदेश

**रायपुर**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। गृह मंत्रालय ने एजीएमयूटी-कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बसंत कुमार रथ को सार्वजनिक हित में तत्काल प्रभाव से समय से पहले सेवानिवृत्ति दे दी है। जारी आदेश में कहा, मुझे ऊपर उद्धृत विषय पर 7 अगस्त, 2023 के पुलिस डिवीजन को संदर्भित करने और यह कहने का निर्देश दिया गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने बसंत कुमार रथ, आईपीएस (एजीएमयूटी-2000) की समयपूर्व सेवानिवृत्ति को मंजूरी दे दी है। अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति-लाभ) नियम, 1958 के नियम 16(3) के तहत सार्वजनिक हित में नोटिस के बदले तीन महीने का वेतन और भत्ते देकर तत्काल प्रभाव से सेवानिवृत्ति दी जाती है।

इसमें यह भी कहा गया है कि रथ की समयपूर्व सेवानिवृत्ति के 7 अगस्त, 2023 के आदेश की एक प्रति संलग्न है। अनुरोध है कि आदेश की एक प्रति रथ को तीन महीने की अवधि के लिए उनके वेतन और भत्तों की कुल राशि के बराबर राशि के चेक के साथ दी जाए, जिसकी गणना उसी दर पर की जाए, जिस पर वह पहले आहरित कर रहे थे। यह आदेश 7 अगस्त का है। इसमें कहा गया है कि अपेक्षित राशि का चेक जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा तैयार किया जा सकता है और उसे तामील किए जाने वाले आदेश के साथ अधिकारी को सौंपा जा सकता है। इसमें कहा गया है, समयपूर्व सेवानिवृत्ति के आदेश की प्राप्ति की स्याही-हस्ताक्षरित दिनांकित पावती के साथ-साथ अपेक्षित राशि के चेक रथ, आईपीएस (एजीएमयूटी-2000) से प्राप्त किए जा सकते हैं और जल्द से जल्द इस मंत्रालय को भेजे जा सकते हैं।

### आरबीआई ने रेपो दर में नहीं किया बदलाव

# जीडीपी विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

**मुंबई**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई को लक्षित दायरे में रखने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने गुरुवार को विकास अनुमान को यथावत बनाये रखने और महंगाई के अनुमान को बढ़ाते हुए नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया, जिससे आम लोगों के घर, कार और अन्य प्रकार के ऋणों की किस्तों में बढोतरी नहीं होगी। समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। चालू वित्त वर्ष में तीसरी द्विमासिक तीन दिवसीय बैठक के बाद आज जारी बयान में यह घोषणा की गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुये कहा कि फिलहाल नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं की जा रही है लेकिन नीतिगत दरों को यथावत बनाये रखने के बीच समिति ने समयोजन वाले रूख से पीछे हटने का निर्णय लिया है। फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत यथावत है।

### लाल किला, आईटीओ के आसपास धारा 144 लागू

**नई दिल्ली**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए राजघाट, आईटीओ और लाल किला के आसपास कई इलाकों में धारा 144 लगा दी है। पुलिस उपायुक्त (केंद्रीय) ने ट्वीट किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राजघाट, आईटीओ और लाल किले के आसपास के सभी इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गई है।

पुलिस उपायुक्त ने लिखा कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा की अनुमति नहीं है। 15 अगस्त को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से देश को संबोधित करेंगे।




### कैग का खुलासा
### भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट से मिली जानकारी

# रेलवे ने यात्री ट्रेनों में कमाई से अधिक किया खर्च

**नई दिल्ली**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने रेल मंत्रालय पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया है कि परिचालन अनुपात (ओआर) 2020-21 में 97.45 प्रतिशत के मुकाबले 2021-22 में 107.39 प्रतिशत था। क्योंकि रेलवे शुद्ध अधिशेष उत्पन्न नहीं कर सका। 8 अगस्त को रेलवे के वित्त पर सीएजी की 2023 की रिपोर्ट संख्या 13 में बताया गया कि बजट अनुमान में 96.15 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले, 2021-22 में रेलवे का परिचालन अनुपात 107.39 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया, इसका मतलब है कि रेलवे ने 100 रुपए कमाने के लिए 107.39 रुपये खर्च किए। 2020-21 के दौरान 97.45 प्रतिशत के परिचालन अनुपात की तुलना में, 2021-22 में गिरावट आई।

ऑपरेटिंग अनुपात कामकाजी खर्चों के अनुपात को दर्शाता है और उच्च अनुपात अधिशेष उत्पन्न करने की खराब क्षमता को इंगित करता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर रेलवे के पेंशन भुगतान पर खर्च को पूरा करने के लिए आवश्यक 51,215.94 करोड़ रुपये की वास्तविक राशि (48,100 करोड़ रुपए के बजाय) पेंशन फंड में विनियोजित की गई होती, तो रेलवे के कामकाजी खर्च में वृद्धि होती। बढ़े हुए कामकाजी खर्चों के साथ, 2021-22 में ओआर 107.39 प्रतिशत के बजाय 109.02 प्रतिशत होगा।

इस प्रकार रेलवे द्वारा दिखाया गया 107.39 प्रतिशत का ओआर रेलवे के वास्तविक वित्तीय प्रदर्शन को नहीं दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, फिर से, अगर रेलवे के डीआरएफ भुगतान पर व्यय को पूरा करने के लिए आवश्यक वास्तविक राशि (661.01 करोड़ रुपए) को डीआरएफ (शून्य के बजाय) में विनियोजित किया गया होता, तो रेलवे के कामकाजी खर्च में वृद्धि होती। बढ़े हुए कामकाजी खर्चों के साथ, 2021-22 में ओआर 107.39 प्रतिशत के बजाय 109.36 प्रतिशत होगा।

# 'भूपेश है तो भरोसा है' घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का करेंगे आंकलन

## कोटा एवं मरवाही विधानसभा में एप की शुरूआत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 10 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के आकलन की जिम्मेदारी संगठन के माध्यम से युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई छात्र संगठन को दी गई है,जिसके तहत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जन-जन तक कैसे पहुंच रही है उसका कितना लाभ मिल रहा है इन सभी चीजों का आकलन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पेंड्रा से भूपेश है तो भरोसा है अभियान का शुभारंभ किया , कांग्रेस के हस्द्ध युवक कांग्रेस जिला कांग्रेसी हुए अभियान में शामिल, प्रदेश में चल रही कांग्रेस सरकार की योजनाओं के संबंध में मतदाताओं के घर व्यावसायिक प्रतिष्ठान पहुंचकर दी जाएगी जानकारी, ज्यादा से ज्यादा लोगों तक योजना की जानकारी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया हैं ,इस संबंध में युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव ने बताया कि जन्म मृत्यु प्रमाण से लेकर आधार कार्ड राशन कार्ड खो जाने या नया बनवाने का भी काम किया जाएगा ,

चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस चुनावी मोड में आ गई है कांग्रेसी छत्तीसगढ़ सरकार की जन हितैषी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने कमर कस कर मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं, इसी क्रम में आज पेंड्रा से कोटा एवं मरवाही विधानसभा के लिए भूपेश है तो भरोसा है घर-घर चलो अभियान



की शुरुआत कार्यक्रम एन एस यू आई के कार्यकर्ता के साथ युवक कांग्रेस और कांग्रेस के अन्य विंग के सदस्य भी शामिल हुए अभियान के तहत कांग्रेसी भूपेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में चालू की गई योजनाओं का प्रचार प्रसार तो करेंगे ही साथ ही हर मतदाता से सीधे संवाद कर उनसे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ के संबंध में भी जानकारी लेंगे यदि उन्हें यह योजनाएं मिल रही है तो इसके लाभ हानि, यदि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो क्यों नहीं मिल रहा शीघ्र ही उन्हें योजना से जोड़ने के संबंध में कार्य किया जाएगा, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस से जोड़ने के लिए भी कांग्रेसी आज से निकल पड़े हैं।

युवा नेता एवं नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत फिलहाल 40 कांग्रेसी कार्यकर्ता व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ-साथ मतदाताओं के घर-घर जाने का लक्ष्य रखा है,साथ ही भूपेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मितान योजना जिसमें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर आधार कार्ड राशन कार्ड घर बैठे बनवाने के संबंध में भी जानकारी आम लोगों को दी जाएगी कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद रमेश साहू एल्डरमैन ओमप्रकाश बंका समेत कांग्रेसी शामिल हुए ज्ञात होगी आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस विधानसभा चुनाव कोटा से हारी थी इसलिए कांग्रेस इस बार कोटा को लेकर ज्यादा ही संजीदा नजर आ रही हैं।

# भाजपा के शक्ति केन्द्रों में लाभार्थी सम्मेलन

तखतपुर, 10 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा तखतपुर के शक्ति केंद्र ग्राम बीजा, घोरामार में लाभार्थी सम्मेलन आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी बिलासपुर दिनेश राजपूत अतिथि के रूप में शामिल हुए।

श्री राजपूत ने लाभार्थियों एवं भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष का अमृत काल गांव,गरीब, मजदूर,किसान, के जन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताते हुए प्रचार प्रसार की बात कही द्य साथ ही सभी से आग्रह किया कि केंद्र की मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, लाभार्थी सम्मेलन में रमेश पाठक, केसर सिंह, लल्लू सिंह, मुन्ना वस्त्रकार, जागेश्वर जगत, उमाशंकर साहू, मुरारी साहू, मुकेश साहू, मूलचंद ठाकुर, अजय साहू, लक्ष्मी तिवारी, गौरी शंकर चौबे, विक्रम सिंह, गोरे साहू, उधो साहू, मनोज साहू, राजेंद्र, पवन दास, कृष्ण कुमार गुप्ता, रामधन , दीपक ठाकुर, दिलखुश सिंह, मीनू यादव, अमोल सिंह, फूल तिवारी सहित अन्य शामिल हुए ।

# सामूहिक अनाचार के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

## घुमाने के बहाने ले गए थे, कार भी जब्त





**गोरेला पेंड्रा मरवाही,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। मरवाही के गांव में सामूहिक अनाचार के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है. आरोपियों ने महिला को कार में घुमाने के बहाने पास जंगल ले गये जहा आरोपियों ने बारी-बारी से अनाचार किया है। पुलिस ने अपराध दर्ज होने के 24घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला मरवाही थाना के क्षेत्र का हैं। 8अगस्त को एक महिला रिपोर्ट कराई थी कि 6 अगस्त को वह रोपा लगाने खेत गई थी। काम नहीं मिलने से वापस अपने घर आ रही थीं कि रास्ते में किराना दुकान के पास ग्राम धनौली का दिनेश चंद्रा अपने सफेद रंग की कार से आया उसके साथ में ग्राम टिकठी के लालू और बबलू चंद्रा थे यह लोग अपनी गाड़ी में इसके दोनों बच्चों को बैठा कर रखे थे। पीड़िता के द्वारा उन लोगों से बच्चों को कहां ले जा रहे हो पूछने पर बताये कि मिठाई खिलाने ले जा रहे हैं, तुम भी चलो। मना करने पर लालू के द्वारा प्रार्थीया के साड़ी को पकड़कर खींचकर गाड़ी में बैठा लिया और गाड़ी स्टार्ट कर जंगल की ओर ले गए और तीनों बारी-बारी से इसके साथ गलत काम किए हैं। रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी मरवाही के द्वारा उक्त गंभीर मामले के संबंध में सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल दी गई।

घटना के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक गौरेला पेंड्रा मरवाही पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि मामला गंभीर होने तथा महिला संबंधी मामले की तत्परता से कार्यवाही हेतु निर्देशित किए जाने पर 2 अलग अलग टीम का गठन कर आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना किया गया। प्रकरण के तीनों आरोपियों की पतासाजी कर उक्त टीम के द्वारा तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया पूछताछ पर आरोपियों के द्वारा अपराध करना कबूल किया तथा घटना में प्रयुक्त वाहन एमपी 65 0152 को आरोपी धनजीत उर्फ दिनेश चंद्रा के घर से जप्त किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर नन्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही तथा आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला थाना प्रभारी मरवाही, सहायक उप निरीक्षक नवीन मिश्रा, सहायक उप निरी मनोज हनोतिया, आरक्षक इंद्रपाल आर्मो ,राजेश शर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा की रही।

# सोनकुंड सोनमुड़ा से निकली कांवड़ यात्रा



## पेंड्रा के विभिन्न शिवालयों में किया गया जलाभिषेक

## स्वामी प्रपन्नाचार्य के सानिध्य में आयोजन

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्यकामता महाराज के नेतृत्व में सोन नदी के उद्गम स्थल मानस तीर्थ सोनकुंड सोनमुड़ा से कांवड़ यात्रा निकाली गई जो लगभग 15 किलोमीटर पैदल चलते हुए विभिन्न गांव से होकर पेंड्रा पहुंची और पेंड्रा के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया।

बोल बम की पूरे भारत में पवित्र पावन मास सावन कांवरियों की धूम पूरे भारत में जगह-जगह कंवर यात्रा निकालकर भगवान शिव को जल अर्पित कर रहे हैं।

इसी क्रम में सकोला निवासी मुकेश जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, कृष्ण कुमार पांडे( बसंतपुर) कृष्ण कुमार कैवर्त ( सेखवां ) जन सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा कांवरिया दलों को यथाशक्ति विभिन्न स्थलों पर जलपान की व्यवस्था कराई जा रही है।

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर स्वामी कृष्णप्रापन्नाचार्य जी के मार्गदर्शन में सोनकुंड से निकली भव्य कावड़ यात्रा (सोनमुड़ा - बसंतपुर - अमरपुर - पेंड्रा) जो पांच शिवालियो में सोनकुंड के जल से जलाभिषेक कर जिले की सुख, समृद्धि, शांति, की आराधना की, यात्रा में सहयोग बजरंग दल के कार्यकर्ताओं मे ने स्वागत कर पूरी यात्रा के सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग किया। जिसमें भारी संख्या में कावड़ यात्रियों ने जलाभिषेक किया।

# 25 गांवों के लोग कांवर यात्रा में हुए शामिल



## बेलपान से केकती तक निकाली गई यात्रा

**तखतपुर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। नर्मदा धाम बेलपान से केकती तक भव्य कांवर यात्रा डॉ. शैलेन्द्र सिंह के पहल पर जुड़े 25 गांवों के 1000 कांवरिये नर्मदा धाम बेलपान से इस वर्ष केकती तक भव्य कांवर यात्रा की शुरुवात डॉ. शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई। कांवरियों द्वारा नर्मदा जी का जल लेकर ग्राम- केकती के पुराने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। कांवर यात्रा के लिए तैयारी महीने भर से ग्राम केकती के वासियों द्वारा की गई तथा एकदम नये रास्ते का निर्धारण किया गया। यह यात्रा नर्मदा धाम बेलपान से उमरिया, हरदी, दैजा, राजपुर होते हुए ग्राम- केकली के पुराने शिव मंदिर से जलाभिषेक कर समाप्त हुई इस कार्यक्रम के अंतिम में भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर अजय सिंगरौल तखतपुर तथा सुरेश पाण्डेय केकली द्वारा भगवान शंकर की भव्य झांकी की प्रस्तुति दी गई। आयोजक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में यह आयोजन पहली बार हुआ है। लोग अत्यंत उत्साहित हैं । प्रतिवर्ष इसका आयोजन किया जायेगा ताकि आम जनता में भक्ति, प्रेम और सौहाद्र का माहौल बना रहे। जित्तू तिवारी, वास, ननकी रजक, भूमेन्द्र तिवारी, प्रमोद शर्मा, कोमल, रामस्वरूप, पन्ना पाली , लाला कौशिक, जय कश्यप, बंटी तिवारी , मनबोध यादव , निर्मल साहू, रामस्वरूप साहू , ईश्वर सिंह, मनबोध , देवेन्द्र च्यादव, कोमल यादव, घुरउ यादव, अमित यादव, प्रमोद यादव, हरिचरण वैष्णव, शिवदयाल सप्रे, वासु यादव, भय दर्शिका, प्रियल सहित अन्य शामिल हुए।

# नए सीएमओ ने किया पदभार ग्रहण



तखतपुर, 10 अगस्त (देशबन्धु)। तखतपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में भूपेश दीवान ने आज पदभार ग्रहण किया और कार्यालय के कर्मचारीयों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद सीएमओं ने कहा कि वे शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन एवं उसके लाभ पात्रहितग्राहीयों को मिले इसके लिए प्रयास करेंगे।

# शिक्षक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

तखतपुर,10 अगस्त (देशबन्धु)। स्कूल में शिक्षक के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला ढनढन में पदस्थ शिक्षक रामकुमार दुबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शाम 4 बजे स्कूल बंद कर घर जा रहे थे तभी आरोपी अशोक अनंत साथियों के साथ स्कूल पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। मना किया तो दैजा मोड़ के पास अशाोक अनंत अपने साथीयों के साथ पहुंचा और रामकुमार दुबे के पाकिट से मोबाईल को निकालकर मोबाईल को जमींन पर पटक दिया। पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 353, 341, 427 एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध जांच में लिया है।

# रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने सरिया व पुसौर क्षेत्र में किया पौधरोपण

रायगढ़ 10 अगस्त (देशबन्धु)। सरिया के ग्राम देवगांव से अमेरी जाने वाली सड़क किनारे और पुसौर नगर पंचायत क्षेत्र के बड़े तलाब के चारों ओर मेड़ पर पौधरोपण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम देवगांव और पुसौर नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों के मांग पर पर्यावरण जागरूकता रथ से बाड़ी और खेतों के मेड़ों पर रोपित करने के लिए पौधे भी वितरित किए गए।

**छ.ग.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
छठवीं मंजिल, टावर 'सी' कमर्शियल काम्प्लेक्स सी.बी.डी., सेक्टर-21, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
WWW.markfed.cg.nic.in mf ctrlroom-raipur@gov.in
क्र/ स्टेशनरी / 2175/2023 न.रा.अ.न. दिनांक 08/08/2023

**स्टेशनरी सामाग्री, नया टोनर क्रय एवं रिफलिंग हेतु निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर में एक वर्ष के लिये (1) स्टेशनरी सामाग्री, (2) नया टोनर क्रय एवं रिफलिंग प्रदाय किये जाने हेतु अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विपणन संघ की वेबसाईट wwww.markfed.cg.nic.in में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय तथा कार्यालयीन दिवस में राशि रू. 1000.00 के बैंक ड्राफ्ट (प्रति निविदा) जो छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर के नाम से देय हो के माध्यम से लेखा कैश कक्ष से प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रकाशन तिथि - 11.08.2023
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अवधि - 11.08.2023 से 31.08.2023 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय- 01.09.2023 सायं 5.30 तक
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान- 04.09.2023 दोपहर 3.00 बजे

संवाद- 38029/2

छठवीं मंजिल, टावर 'सी' कमर्शियल काम्पलेक्स, सी.बी.डी., सेक्टर-21, मुख्यालय नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)

# खंभे में बांधकर पिटाई सरपंच व साथियों पर बलवा का मामला दर्ज



**तखतपुर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। ढनढन के सरपंच और उसके साथियों पर पुलिस ने बलवा का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवचरण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सरपंच को प्रधानमंत्री आवास के लिए 20 हजार देने के बाद भी नाम नहीं आने के कारण पैसे मांगने को लेकर हुए विवाह 8 अगस्त को शाम 6 बजे सरपंच उमेश ध्रुव ,नरेन्द्र ध्रुव, दिलेश कर्ष, शिवम कर्ष, हरिश कौशिक, निरंजन कौशिक, मल्लू गोड अजय केंवट, रमेश ध्रुव, आकाश साहू, सजय साहू एवं अन्य ने शिवचरण के साथ मारपीट करते हुए उठाकर होटल के अंदर लोहे के खंभा में हाथ रस्सी में बांध कर गाली गलौच करते हुए डंडे से लोहे के राड से मारपीट की। तीन दिन पूर्व ढनढन सरपंच उमेश ध्रुव ने शिवचरण पर मारपीट का आरोप लगाते हुए सरपंच संघ के पदाधिकारियों के साथ थाने आकर अपनी सुरक्षा की मांग की थी ।साथ ही शिवचरण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की।

# रायगढ़ में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

रायगढ़ 10 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के उपर जहां पूरे छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार पहली बार आदिवासियों के सम्मान के अलावा अन्य आयोजन कराने में जुटी है उसी कार्यक्रम के तहत रायगढ़ जिला मुख्यालय में भी धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में वन बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों को उनके जमीन के पट्टे आबंटित किये गए। साथ ही साथ खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इतना ही नही विभिन्न योजनाओं के तहत आदिवासियों द्वारा किये गए कार्यों के लिये भी उन्हें पुरूस्कार प्रदान किये गए।

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

प्रो.नं. 272/23
प्रकरण क्रमांक- 25/2023
पेशी तारीख - 18/08/2023
संजय कुमार
बनाम
शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोरबा

उपरोक्त वादी संजय कुमार के द्वारा प्रतिवादी जिला सहकारी बैंक कोरबा के विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्ययवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 18/08/2023 की तिथि नियत है।

अतः प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे संबंध हो), को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 18/08/2023 को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 07/08/2023 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
(कृष्ण कुमार सूर्यवंशी)
प्रथम न्यायाधीश वर्ग-एक
जिला- कोरबा (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मै शुभम शुक्ला पिता श्री संजय शुक्ला, निवासी-तालापारा मेनरोड बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं, जो कि मैने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा वर्ष 2014-15 में फेरी क्वीन पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल भारतीय नगर बिलासपुर से उत्तीर्ण किया हूं। जहां से मुझे मूल टी.सी.एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका था, जो रख-रखाव के दौरान 15 दिवस पूर्व कहीं गुम गया है, जिसे काफी खोजबीन करने से भी प्राप्त नहीं हो सका है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति को मेरे नाम पर जारी टी.सी. एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त होता है तो मेरे द्वारा दिये गये नीचे दर्शित नाम एवं पते पर आवश्यक रूप से सूचित करने की कृपा करें।

दिनांक - 10/08/2023
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
शुभम शुक्ला
पिता श्री संजय शुक्ला
तालापारा मेनरोड,
बिलासपुर, तहसील
व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9300697403

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)**

पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन
फा.क्र./ 114, 115, 116, 117, 118 एवं 120 / निर्माण (पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/ 2023 / कोरबा, दिनांक 31.07.2023

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप मं निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 22.08.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 22.08.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 23 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी.रोड का निर्माण कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, रू. 1040.88 लाख) (द्वितीय निविदा) | 11,96,000/- | 9,000/- |
| 2 | वार्ड क्र. 23 अंतर्गत आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी.रोड का मरम्मत एवं उद्यान में बाउण्ड्रीवॉल एवं पाथवे का मरम्मत तथा विकास कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24 रू. 1040.88 लाख) (द्वितीय निविदा) | 10,00,000/- | 7,500/- 7,500/- |
| 3 | वार्ड क्र. 24 अंतर्गत एल.आई.जी. एवं ई.डब्ल्यू.एस. आवास के समीप पेवर ब्लॉक का प्रदाय एवं लगाने का कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, रू. 1040.88 लाख) (द्वितीय निविदा) | 11,98,000/- | 9,000/- |
| 4 | वार्ड क्र. 25 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी.नाली एवं सी.सी.रोड का निर्माण कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, रू. 1040.88 लाख) (द्वितीय निविदा) | 11,96,000/- | 9,000/- |
| 5 | वार्ड क्र. 25 अंतर्गत कुंआ भट्ठा में आर.सी.सी. नाली एवं सी.रोड का निर्माण कार्य एवं नाली ढकने का कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, रू. 1040.88 लाख) (द्वितीय निविदा) | 8,00,000/- | 6,000/- |
| 6. | वार्ड क्र. 30 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी.नाली एवं सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य। (नवीन अधोसंरचना मद 2023-24, रू. 1040.88 लाख) (द्वितीय निविदा) | 12,00,000/- | 9,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www. korbamunicipal. in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डानलोड किया जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
palikakharsia@gmail.com Tel Phone No. 07762-272277
क्रमांक/572/ न.पा.प./ लो.नि.वि./ 2023 खरसिया, दिनांक 10/08/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत संक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट/ रजिस्ट्री के माध्यम से निम्नांकित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. आवेदन करने की अंतिम तिथि - 31.08.2023 समय सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 04.09.2023 समय दोपहर 3.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने का समय एवं तिथि - 04.09.2023 समय सायं 4.30 बजे

| ग्रुप क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) | अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी. आर के रूप में | निविदा प्रपत्र का मूल्य डी.डी. के रूप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्मा साहू समाज खरसिया के लिये सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) | 10.61 | 8000.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 2. | मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान मेगं फर्सीकरण सौन्दर्यीकरण शेड निर्माण कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) | 12.62. | 10000.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 3 | जैन समाज के लिये हॉल शौचालय पानी व्यवस्था कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) | 10.36 | 8000.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 4 | कथलिक उरांव समाज के बाउंड्रीवाल, पानी निकासी, शेड निर्माण कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) | 9.84 | 7500.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 5 | ब्राम्हण समाज खरसिया के लिये 4 डिसमिल जमीन में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) | 10.61 | 8000.00 | प्रपत्र (A) 750/- |

टीप :- 1. अन्य शर्तें एवं नियम कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। 2. लिफाफा में uad.cg.gov.in से फार्म A डाउनलोड कर पूर्ण भरकर प्रस्तुत करना होगा, ओव्हर राईटिंग काट-छांट निविदा प्राप्त नहीं किया जावेगा। एवं ऐसी निविदा प्रपत्र निरस्त कर दी जावेगी, निविदा खोलने की तिथि के निर्धारित समय में ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं, प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। तथा लिफाफा प्रपत्र A निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि ''मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद खरसिया के नाम से देय होगा।

3. उक्त दिवस में निविदा खोलने संबंधित कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं होने पर अन्य दिवस में निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी। (नगर पालिका का समस्त करों का समय पर भुगतान करें।)

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खरसिया

# देश

उवाच "

संसद में अविश्वास प्रस्ताव का नतीजा जो भी हो मणिपुर में पिछले तीन महीने से जारी हिंसा से स्पष्ट है कि वहां राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों विफल रही है। दोनों जगह भाजपा की ही सरकार है एवं हिंसा की शुरूआत से ही राज्य सरकार के पक्षपाती रवैये के कारण मैतेई एवं कुकी समुदाय के बीच खाई इतनी गहरी हो चुकी है :-**विजय कुमार चौधरी, वरिष्ठ नेता जदयू**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.2 | 27.2 |
| मुंबई | 31.3 | 26.0 |
| कोलकाता | 32.6 | 27.0 |
| चेन्नई | 37.1 | 25.5 |

# अधीर रंजन चौधरी को किया लोकसभा से निलंबित, वीरेंद्र सिंह मस्त ने मांगी माफी

**मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया**

**नई दिल्ली**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित करते हुए उनका मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है।

सदन में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने के बाद लोकसभा स्पीकर बिरला ने अधीर रंजन चौधरी द्वारा सदन में लगातार किये जा रहे व्यवहार की जांच का मामला सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेजते हुए कमेटी की रिपोर्ट आने तक उन्हें सदन से निलंबित करने की घोषणा कर दी।



सदन में जब उनके निलंबन का यह प्रस्ताव पारित हुआ, उस समय अधीर रंजन चौधरी सहित कांग्रेस और अन्य कई विपक्षी दलों के सांसद मौजूद नहीं थे क्योंकि वे प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान ही सदन से वॉकआउट कर गए थे। इससे पहले भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सदन में खड़े होकर अपने कृत्य के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वे अपने नेता के अपमान को सहन नहीं कर पाए इसलिए ऐसा कर गए और वे अपने व्यवहार के लिए माफी मांगते हैं।

## मोदी सरकार अड़ियल है, मणिपुर पर बहस नहीं चाहती: कांग्रेस



**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि केंद्र मणिपुर मुद्दे पर बहस नहीं चाहता है। वह इस बात पर भी अड़ी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर राज्यसभा में नहीं बोलेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, 'राज्यसभा में 'इंडिया' गठबंधन के तीन सांसदों – द्रमुक के तिरुचि शिवा, माकपा के एलामाराम करीम और भाकपा के बिनॉय विश्वम – ने मणिपुर पर नियम 167 के तहत अर्थपूर्ण चर्चा के लिए राज्य सभा में एक प्रस्ताव पेश किया।' सभापति गतिरोध को तोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के दलों ने जरूरत पड़ने पर पारस्परिक रूप से स्वीकार्य मसौदे पर पहुंचने के लिए भाजपा द्वारा प्रतिनियुक्त लोगों के साथ बैठने की भी पेशकश की है। लेकिन मोदी सरकार जिद्दी है – यह 'मेरी बात माननी है तो मानो नहीं तो चलते बनो' वाली बात है। स्पष्ट रूप से, वह बहस नहीं चाहती है। निश्चित रूप से सरकार इस बात अड़ी है कि प्रधानमंत्री राज्यसभा में मणिपुर पर नहीं बोलेंगे।' रमेश की यह टिप्पणी मणिपुर में हिंसा पर चर्चा की विपक्ष की मांग पर राज्यसभा में हंगामे के बाद आई। विपक्ष इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री मोदी से विस्तृत बयान के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर चर्चा की मांग कर रहा है।

## ओवैसी ने मणिपुर, हरियाणा हिंसा को लेकर सरकार पर बोला हमला



**नई दिल्ली**। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अवश्विास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान 'भारत छोड़ो' आंदोलन के बारे में बात करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से गुरुवार को सदन में पूछा कि क्या वह इस तथ्य को जानते हैं कि आंदोलन को यह नाम एक मुसलमान ने दिया था। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए ओवैसी ने कहा, 'हमारे गृह मंत्री कल 'भारत छोड़ो' के बारे में बात कर रहे थे। अगर उन्हें पता होता कि 'भारत छोड़ो' शब्द एक मुस्लिम द्वारा रखा गया था, तो वह इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करते। मैं कहना चाहता हूं कि आप जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, उससे देश को नुकसान होगा। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि क्या हिंदुत्व देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने हरियाणा हिंसा का मुद्दा भी उठाया और कहा कि देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है और नूंह में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। मणिपुर पर उन्होंने कहा कि वहां महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है और कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है, लेकिन मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को क्यों नहीं

## मेरे खिलाफ दुष्प्रचार कर रही भाजपा : चड्ढा



नई दिल्ली, 10 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनकी छवि खराब करने के लिए उनके खिलाफ निराधार दुष्प्रचार कर रही है। श्री चड्ढा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश ने देखा कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तानाशाह सरकार ने दिल्ली सरकार का गला घोंटने के लिए असंवैधानिक बिल पास किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इतने से मन नहीं भरा है। अब मोदी सरकार ने एक नयी परंपरा शुरू की है कि जो भी उसके खिलाफ बोलेगा, उसकी सदस्यता खत्म कर देगी, उसको निलंबित कर देगी या एफआईआर कर देगी। मोदी सरकार को लोकतंत्र का ड्रामा करने के बजाय देश में तानाशाही शासन की घोषणा कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अफवाह कंपनी भाजपा के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में झूठ बोला कि गलत हस्ताक्षर हो गया। अमित शाह देश के दूसरे नंबर के मंत्री है। उनको सदन की कार्रवाई के बारे में समान्य ज्ञान की जानकारी होनी चाहिए। चयन समिति में किसी भी सदस्य द्वारा किसी भी सदस्य का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है और उसके हस्ताक्षर की जरूरत नहीं होती है। दअरसल, मोदी सरकार का एकमात्र मकसद राहुल गांधी की तरह राघव चड्ढा की भी सदस्यता खत्म करनी है। लेकिन हम लड़ना और जीतना जानते हैं। अगर गलत हथकंडे अपनाकर राघव चड्ढा की सदस्यता खत्म की गई तो वो दोबारा भी चुन कर आ जाएंगे। लेकिन अमित शाह जी को झूठ और अफवाह नहीं फैलानी चाहिए।

## यूपी विधानसभा में एमएसपी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में तकरार, सपा ने किया वॉकआउट



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को एमएसपी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी बहस हुई। सदन में किसानों की समस्याओं और उपज का समर्थन देने सहित कृषि से जुड़े कई मुद्दों पर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और रालोद के सदस्यों ने सवाल किए। समाजवादी पार्टी के सदस्य जियाऊर्रहमान, पंकज पटेल, मनोज कुमार पाण्डेय, अभय सिंह और डा. पल्लवी पटेल ने सवाल किया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्या कर रही है। सपा सदस्यों ने कहा कि सरकार रबी, खरीफ और जायद फसलों की एमएसपी को दोगुना करने के लिए क्या कर रही है। सपा के मनोज कुमार पाण्डेय ने सवाल था कि क्या कृषि मंत्री बताएंगे कि उन्होंने छुट्टा सांड़ द्वारा फसल नुकसान किए जाने पर कोई मुआवजा देने की बात शामिल करेंगे। सपा सदस्यों के सवालों का सिलसिलेवार जवाब देते हुए कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने सत्तारूढ़ होने के बाद किसानों की सारी फसलों के दाम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने लगातार समर्थन मूल्य बढ़ाया है और पिछली सरकारों से ज्यादा मूल्य बढ़ाया गया है।

## संसद से

### कलावती कहानी: कांग्रेस के मनिकम टैगोर ने शाह के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव नोटिस भेजा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने गुरुवार को महाराष्ट्र की महिला कलावती बंदुरकर के मामले में संसद को गुमराह करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश किया। शाह ने बुधवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा के दौरान महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में एक विधवा कलावती के घर 2008 में राहुल गांधी की बहुप्रचारित यात्रा का जिक्र किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए अपने विशेषाधिकार प्रस्ताव पत्र में, टैगोर ने कहा, 'मैं केंद्रीय गृह मंत्री शाह द्वारा संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन की ओर आपका ध्यान आकर्षित करने और एक नोटिस लाने के लिए लिख रहा हूं।' उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि लोकसभा के नियमों के अनुसार, सदन को संबोधित करते समय सटीक और सच्ची जानकारी की पवित्रता बनाए रखना मंत्री का कर्तव्य है।

### मणिपुर मुद्दे से भाजपा सरकार के निपटने के तरीके से एमएनएफ नेता नाखुश

आइजोल। लोकसभा में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के एकमात्र सदस्य सी. लालरोसांगा ने गुरुवार को कहा कि जातीय हिंसा से निपटने पर केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकारों के रवैये से उनकी पार्टी 'बेहद नाखुश' है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। लालरोसांगा की टिप्पणी तब आई जब एनडीए के सबसे पुराने सहयोगियों में से एक एमएनएफ ने 'मणिपुर संकट से गलत तरीके से निपटने' को लेकर लोकसभा में विपक्षी इंडिया ब्लॉक द्वारा प्रायोजित अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का फैसला किया है। मणिपुर मुद्दे से बेहद नाराज लालरोसांगा और मिजोरम से एमएनएफ के एकमात्र राज्यसभा सदस्य के. वनलालवेना, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

### यूपी के विधायकों ने विधानसभा में मोबाइल फोन पर बैन का विरोध किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधायक नई नियम पुस्तिका में प्रस्तावित राज्य विधानसभा में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध के खिलाफ हैं। विधायकों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सोमवार को सदन में पेश मसौदा नियम पुस्तिका में संशोधन पेश किया है। उन्होंने प्रश्नकाल की अवधि बढ़ाने, हर साल विधानसभा की बैठक 90 दिन करने, पूरक प्रश्नों की संख्या बढ़ाने, सदन के कामकाज में महिला सदस्यों की बड़ी भूमिका, और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जो सदस्यों द्वारा की गई कॉल को रिकॉर्ड करके इसे सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदस्य नए नियमों में संशोधन का सुझाव दे सकते हैं जिन्हें मसौदा नियम पुस्तिका, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रियाओं और कार्य संचालन के नियम, 2023 में शामिल करने के लिए राज्य विधानसभा की नियम समिति को भेजा जाएगा।

## सार संक्षेप

### ओमान में फंसे झारखंड के छह मजदूर, वतन वापसी की लगाई गुहार

रांची। झारखंड के छह मजदूर ओमान की राजधानी मस्कट में फंस गये हैं। वहां वे दाने-दाने को मोहताज हैं। इन मजदूरों ने वतन वापसी की गुहार सरकार से लगाई है। ये लोग राज्य के गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के रहने वाले हैं। ये 22 दिसंबर 2022 को मोबाइल टावर लगाने वाली कंपनी में काम करने ओमान गये थे। यहां कंपनी ने दो महीने का वेतन दिया। इसके बाद उनसे जबरन काम कराया जा रहा है, लेकिन बीते पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। इससे इनकी परेशानी बढ़ती जा रही है।

### बीएसएफ ने तरन तारन से 360 ग्राम हेरोइन बरामद की

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त तलाशी अभियान दौरान तरन तारन जिले के पल्लोपत्ति गांव से 360 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुबह के समय विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने पल्लोपत्ति गांव के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

### स्टालिन की पत्नी ने गुरुवायुर मंदिर को सोने का मुकुट दान किया, 14 लाख है कीमत

तिरुवनंतपुरम। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने गुरुवार को त्रिशूर जिले के गुरुवायुर में प्रसिद्ध श्री कृष्ण मंदिर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर को 14 लाख रुपए की कीमत का 32 सिक्कों का सोने का मुकुट दान किया। इसके अलावा दुर्गा स्टालिन ने मंदिर को एक चंदन घिसने की मशीन भी दान की।

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार का ठेकेदारों पर कड़ा रुख, कहा जांच होगी

**बेंगलुरु**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। ठेकेदारों के बिलों की मंजूरी रोकने पर अपना रुख कड़ा करते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि ठेकेदारों के बिलों को मंजूरी देने से पहले जांच की जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए, शिवकुमार ने कहा, 'शिकायतें उनके (भाजपा) और केम्पन्ना (राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष) द्वारा दी गई थीं। इन सभी शिकायतों पर न्याय देना होगा। उन्हें प्रचार के लिए कुछ भी करने दें।' 'मुझे पता है कि कौन उन्हें नई दिल्ली बुला रहा है और बयान देकर उन्हें प्रशिक्षित कर रहा है। मुझे यह भी पता है कि उन्हें मीडिया के सामने कौन पेश कर रहा है, इसके पीछे जो लोग हैं, वे अच्छी तरह से सुलझे हुए हैं और इसके बारे में बाद में बात करेंगे। जांच में ठेकेदारों को अपना काम साबित करना होगा। जिन ठेकेदारों ने ईमानदारी से काम किया है, सरकार उन्हें न्याय देगी।' कर्नाटक में कांग्रेस सरकार और ठेकेदारों के बीच दरार दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सरकार के खिलाफ जंग की राह पर उतरे ठेकेदारों ने पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा से बुधवार को मुलाकात की और उनसे लंबित बिलों को पूरा कराने के लिए उनका समर्थन करने का अनुरोध किया। राज्य ठेकेदार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने येदियुरप्पा से डॉलर्स कॉलोनी स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ उनके आंदोलन के लिए उनका सहयोग और समर्थन मांगा था। ठेकेदारों का आरोप है कि वह बिल में 15 फीसदी कटौती की मांग कर रहे हैं और इसकी शिकायत राज्यपाल थावरचंद गहलोत से भी की है। उन्होंने शिवकुमार को कमीशन के आरोपों पर अपने परिवार के देवता के सामने प्रतिज्ञा लेने की भी चुनौती दी। के.टी. बीबीएमपी कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मंजूनाथ ने कहा कि बीबीएमपी की सीमा और विधानसभा क्षेत्रों में कई परियोजनाएं शुरू और पूरी की गई हैं।



**ठेकेदारों के बिलों को मंजूरी देने से पहले जांच की जाएगी**

## यूट्यूब चैनलों पर सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए नए कानून पर विचार कर रहा केरल



**तिरुवनंतपुरम**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। यूट्यूब चैनलों पर अपमानजनक और भड़काऊ सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए एक विशेष नोडल अधिकारी को नियुक्त करने की घोषणा करते हुए केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को राज्य विधानसभा को सूचित किया कि चूंकि यह एक गंभीर मुद्दा है, नए कानून के जरिए इस पर कैसे लगाम लगाई जा सकती है, यह देखना जरूरी है। विजयन ने यह बात सदन में ट्रेजरी बेंच के विधायक पी. वी. अनवर द्वारा उठाए गए सवाल पर कही। विजयन ने कहा, 'राज्य आईटी सचिव नोडल अधिकारी हैं, जिन्हें यूट्यूब की सामग्री के बारे में शिकायतों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'न्यायालय के निर्देशों के आधार पर नोडल अधिकारी संबंधित अधिकारी को ऐसी सामग्री को ब्लॉक करने की सिफारिश भी कर सकते हैं।' हाल ही में, केरल में यूट्यूब चैनलों में भारी उछाल आया है, जो कई विषयों पर सामग्री प्रसारित करते हैं और कभी-कभी तो स्थिति बदतर भी हो गई है। अनवर का यहां के एक लोकप्रिय यूट्यूब चैनल प्रस्तोता के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है।

## गुजरात हाईकोर्ट का फैसला पलटा, सुप्रीम कोर्ट ने इकबाल हसन अली सैयद के खिलाफ एफआईआर

**अहमदाबाद**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इकबाल हसनअली सैयद के खिलाफ एफआईआर को खारिज कर दिया है, जो पहले गुजरात उच्च न्यायालय में सहायक सॉलिसिटर-जनरल के रूप में कार्यरत थे। इस फैसले से एक साल से अधिक समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई का अंत हो गया है, इसमें सैयद और पांच अन्य लोगों पर चोट पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने से लेकर जबरन वसूली और गलत तरीके से कैद करने जैसे अपराधों का आरोप लगाया गया था। ये आरोप अहमदाबाद स्थित व्यवसायी विरल शाह की शिकायत के बाद लगाए गए थे। यह मामला शाह से जुड़ी एक घटना से जुड़ा है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें एक व्यावसायिक विवाद के संबंध में उनके निजी सहायक ने पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के गांधीनगर आवास पर बुलाया था। व्यवसायी ने दावा किया कि उनकी कार में भागने से पहले वाघेला के आवास पर उन्हें धमकी दी गई, हिरासत में लिया गया और उन पर हमला किया गया। मामले की निगरानी जस्टिस एएस बोपन्ना और प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने की। उन्होंने आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 482 के तहत गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका को रद्द करने से इनकार करने के खिलाफ सैयद की अपील की अनुमति दी।



**सैयद और पांच अन्य लोगों पर चोट पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने से लेकर जबरन वसूली और गलत तरीके से कैद करने जैसे अपराधों का आरोप लगाया गया था**

## ईडी ने गिर तार तमिलनाडु मंत्री सेंथिल बालाजी के भाई की संपि ज तकी

**चेन्नई**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री सेंथिल बालाजी के भाई अशोक कुमार की संपत्ति जब्त कर ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने करूर में करूर-सलेम रोड पर अंडानकोइल पूर्व में अशोक कुमार की संपत्ति की तलाशी ली। आरोप थे कि अशोक कुमार 2.49 एकड़ जमीन पर सेंथिल बालाजी के फंड से एक विशाल हवेली का निर्माण कर रहे हैं। संपत्ति अशोक कुमार की पत्नी निर्मला के नाम पर पंजीकृत थी और मेलाकारुर उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत थी। यह संपत्ति निर्मला को उनकी मां लक्ष्मी ने उपहार में दी थी, जिन्होंने कथित तौर पर एक बैंक से लिए गए भारी ऋण का भुगतान करके इसे एक व्यक्ति से खरीदा

## एक साल का हिसाब मांगने वाले पहले अपने नौ सालो का हिसाब दें: मदन

**पटना**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। जदयू मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में परिवहन मंत्री शीला मंडल एवं समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने प्रदेशभर से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान किया। इस कार्यक्रम के दौरान शीला मंडल में कहा कि यह मामला स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में है। जांच के बाद जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उन पर निश्चित ही उचित कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग बेहतर तरीके से कम कर रहा है, अगर कहीं कोई लापरवाही या चूक हुई है तो उस पर सरकार की पैनी नजर है। बिहार में महागठबंधन की सरकार के एक साल पूरे होने पर माननीय मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बिहार के विकास और बिहार की जनता के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा आज महागठबंधन कि सरकार के एक साल का हिसाब मांग रही है, हम एक साल का हिसाब देने के लिए तैयार है मगर भाजपा भी अपने 9 वर्षों के शासनकाल का हिसाब दे। प्रधानमंत्री ने दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष सरकारी नौकरी देने का वादा किया था लेकिन वह वादा आज भी अधूरा है, मोदी जी ने 15-15 लाख गरीबों के खाते हैं भेजने की बात कही थी मगर वह भी जुमला निकल गया। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने युवाओं को जो भरोसा दिलाया था आज वह पूरा हो रहा है। इसके अलावा जातीय गणना का काम भी अंतिम दौर में है भाजपा के लोगों ने इसको रोकने का भी बहुत प्रयास किया था मगर न्यायालय से उन्हें असफलता हाथ लगी। नगर निकाय चुनाव के दौरान भी अतिपिछड़ा आरक्षण में अड़ंगा लगाने का पूरा प्रयास किया गया लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दलित, पिछड़ा और अति पिछड़ा आरक्षण के पक्षधर रहें हैं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पुरी कराने के बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को संपन्न करवाया। जनसुनवाई के दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद थे।



> हमारी सरकार बिहार के विकास और बिहार की जनता के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। विरोधियों की बयानबाजी से हमारी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, भाजपा आज महागठबंधन कि सरकार के एक साल का हिसाब मांग रही है, भाजपा अपने 9 वर्षों के शासनकाल का हिसाब दे:-**शीला मंडल, परिवहन मंत्री**

## प्रधानमंत्री बौखलाहट में अनर्गल बयान दे रहे हैं: भाकपा



**पटना**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री बौखलाहट में अनर्गल बयान दे रहे हैं। विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया बनने से प्रधानमंत्री की चेहरे पर परेशानी झलकने लगी है। यही कारण है विपक्षी गठबंधन को कभी ईस्ट इंडिया कंपनी से जोड़ रहे हैं तो कभी ह्यघमंडियाह्न कह रहे हैं। प्रधानमंत्री खुद घमंड में चूर हैं। उन्हें देश की जनता की नहीं सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है। मणिपुर और हरियाणा जल रहा है। मणिपुर हिंसा में करीब दो सौ व्यक्ति की जानें चली गयी। दिल्ली के बगल में हरियाणा में प्रयोजित दंगे हो रहे हैं। गुड़गांव से मजदूर अपने घर को लौट रहे हैं, इस पर प्रधानमंत्री एक शब्द नहीं बोलते लेकिन विपक्षी एकता पर सवाल उठाते हैं और विपक्षी गठबंधन को घमंडिया कहते हैं। भाकपा प्रधानमंत्री के बयान का निंदा करती है। मुंबई में होने वाली 31 अगस्त और एक सितंबर की बैठक के बाद प्रधानमंत्री की बौखलाहट और बढ़ जाएगी।

देशबन्धु
बिलासपुर, शुक्रवार 11 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कैसे बचेगा लोकतंत्र

क्या मोदी सरकार के लिए लोकतंत्र, संविधान की व्यवस्थाओं, सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की कोई अहमियत नहीं है। क्या मोदी सरकार हर उस फैसले को बदलेगी या पलटेगी, जिससे उसकी सत्ता पर कोई आंच आ सकती है। क्या देश पर 50 सालों तक शासन करने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपनी कठपुतली बनाने में जरा भी नहीं झिझकेगी। ये सारे सवाल दरअसल मानसून सत्र के दौरान आई एक खबर की उपज हैं। वैसे तो इस बार का मानसून सत्र मणिपुर मुद्दे पर हंगामे, राहुल गांधी की संसद में वापसी और सबसे अधिक मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के कारण खबरों में रहा है। लेकिन इन खबरों के शोर में कई जरूरी विधेयक सरकार ने आनन-फानन में पारित करवा लिए, इसकी खबर ही नहीं हुई। अब खबर आई है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय का उल्लंघन करते हुए मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण कब्जे की तैयारी में है। दरअसल 2024 के चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की शक्ति अपने हाथ में लेने के लिए सरकार नया विधेयक ला रही है। प्रस्तावित विधेयक में मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के पैनल से मुख्य न्यायाधीश का नाम हटाया गया है। विधेयक में तीन सदस्यीय पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सरकार के एक मनोनीत मंत्री हैं, मतलब साफ है कि मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति का संतुलन पूरी तरह अपने पक्ष में करना चाहती है। जबकि इससे पहले शीर्ष अदालत ने मार्च 2023 में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानक तब तक लागू रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद द्वारा कानून नहीं बनाया जाता। लेकिन सरकार के इस ताजा कदम से यही अंदेशा होता है कि अब चुनाव आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्था को मोदी सरकार अपने इशारों पर चलाने की बदनीयत रखती है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप मोदी सरकार पर सैकड़ों बार लगे। सरकार के पास इन्हें नकारने के लिए कोई संतोषजनक जवाब हैं भी नहीं। वैसे भी मोदी सरकार में जवाबदेही की परंपरा खत्म हो चुकी है। यहां सवाल के बदले या तो आरोप लगाए जाते हैं या फिर पुरानी बातों को उखाड़ कर नए सिरे से पेश किया जाता है। मणिपुर की गंभीर समस्या पर देश देख रहा है कि किस तरह सरकार जवाब देने में आनाकानी करती रही, प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने से बचते रहे तो मजबूरन इंडिया को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हुई और प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को संसद पहुंचे। उन्हें गुमान है कि बहुमत के कारण उनकी सरकार का कोई बिगाड़ नहीं हो सकता। लेकिन जिस पद पर वे बैठे हैं, वहां उन्हें बिगाड़ से ज्यादा ईमान की फिक्र करना चाहिए। प्रधानमंत्री से पहले उनकी सरकार के बाकी मंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर जो कुछ कहते रहे, उसमें मणिपुर की बात कम और अपनी सरकार की, प्रधानमंत्री की वाहवाही अधिक थी। क्या इस देश के लोगों ने भाजपा को बहुमत इसलिए दिया था कि वह देश में शांति और स्थिरता की बात छोड़कर अपनी तारीफें करती रहे। क्या भाजपा को या नरेन्द्र मोदी को अपने कामों पर इतना भरोसा नहीं है कि तारीफ का जिम्मा वो जनता पर छोड़ दें। 2014 के बाद 2019 में भी जनता को लगा कि भाजपा ही देश के लिए ठीक है, प्रधानमंत्री की कुर्सी पर फिर से नरेन्द्र मोदी को ही बैठना चाहिए तो उसने फिर से भाजपा के पक्ष में वोट किया। अब 2024 की बारी है। लेकिन अब शायद नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विश्वास डगमगाने लगा है। इसलिए प्रधानमंत्री संसद में आने से कतराते रहे, विपक्ष के सवालों का सामना करने से बचते रहे। और अब ऐसा विधेयक लाने जा रहे हैं, जिससे निष्पक्ष चुनाव की संभावनाएं ही खत्म हो जाएंगी।

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पारदर्शिता और निष्पक्षता रहे, इसलिए शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के अलावा भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम को समिति में रखना तय किया था। इससे चयन प्रक्रिया में जरूरी संतुलन बना रहता। मगर अब तो यह फैसला एकतरफा ही रहेगा। अगर विधेयक कानून बन गया तो नेता प्रतिपक्ष समिति में अकेला पड़ जाएगा, क्योंकि प्रधानमंत्री के साथ उनकी कैबिनेट का कोई मंत्री समिति में शामिल होगा। इस तरह नेता प्रतिपक्ष के फैसले का कोई महत्व ही नहीं रहेगा। यूं भी अब पंच परमेश्वर वाला जमाना तो रहा नहीं, जहां फैसला करने की आसंदी पर बैठे इंसान से पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जाए। केबिनेट मंत्री हर हाल में प्रधानमंत्री की राय के साथ ही जाएगा, नेता प्रतिपक्ष के साथ नहीं। इस विधेयक के जरिए मोदी सरकार ने अपनी मनमानी प्रवृत्ति को खुलकर जाहिर कर दिया है। सरकार के इस रवैये से अब डरने और सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि अब तक लोकतंत्र के नाम पर जो थोड़ी बहुत पर्देदारी थी, वो सब खत्म हो चुकी है। सरकार अपने इरादों को सरेआम प्रकट कर रही है। अब इसके बाद एक ही चीज बची है। सरकार एक ऐसा विधेयक और ले आए, जिसमें केवल चुनाव आयुक्त ही नहीं, भारत के मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष, राज्यों के मुख्यमंत्री सब का चयन सरकार ही करेगी और ये फैसला भी सरकार लेगी कि कौन वोट देगा, कौन नहीं। इसके बाद लोकतंत्र की जननी जैसे जुमलों की जुगाली की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। लोकतंत्र किस चिड़िया का नाम है, ये भी लोग भूल ही जाएंगे।

वैसे भी लोगों की याददाश्त अब कुंद हो चुकी है। 9 साल पहले किए गए वादों का हिसाब जब जनता नहीं ले रही तो लोकतंत्र के बारे में प्रधानमंत्री ने कब, क्या कहा, ये भी क्यों याद रखेगी। वैसे कांग्रेस ने इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया है। के सी वेणुगोपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास है। अरविंद केजरीवाल ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री का संदेश साफ है कि सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश उन्हें पसंद नहीं आएगा, उसे वो संसद में कानून लाकर पलट देंगे। विपक्ष के इन बयानों से जाहिर है कि उसे भाजपा की चालाकी समझ आ रही है। लेकिन सवाल ये है कि इस चालाकी का तोड़ विपक्ष कैसे निकालेगा। अभी 2024 के चुनाव में साल भर का वक्त है। इंडिया के पास तैयारियों के लिए अधिक समय नहीं है। अगर अभी से अपने सारे छोटे मोटे मतभेदों को किनारे कर इंडिया एकजुट होकर चुनाव में खड़ा होगा, तभी लोकतंत्र के बचने की कोई उम्मीद दिखेगी।

# हिंसा की संक्रामक प्रक्रिया को रोकने में हो सकती है डाक्टरों की भूमिका

■ डॉ अरुण मित्रा

देश के कई हिस्सों में हाल की घटनाओं ने भारतीय समाज के समझदार तत्वों की चेतना को झकझोर कर रख दिया है। आज़ादी के समय शिक्षा का स्तर बहुत निम्न था, गरीबी चरम पर थी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मात्र 2.7 लाख करोड़ था वह भी 34 करोड़ की आबादी के लिए, जो दुनिया की कुल जीडीपी का लगभग 3 फीसदी ही था। उस समय भी भारत के लोगों ने धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र पर आधारित संविधान को अपनाने का विकल्प चुना। यह इसके बावजूद था कि विभाजन के समय बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक दंगे हुए थे और दुनिया में अब तक का सबसे बड़ी जनसंख्या विस्थापन हुआ था।

इन घटनाओं ने भी सौहार्द्रपूर्ण समाज के लिए लोगों के निर्णय को नहीं रोका। बीच की कुछ घटनाओं को छोड़ दें तो देश के लोग तब से एक-दूसरे के प्रति बिना किसी नफरत के एक साथ रहते आ रहे हैं। अब, जब हम सभी क्षेत्रों में विकसित हो गये हैं और 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा कर रहे हैं, तो हमारे लोगों का एक वर्ग सांप्रदायिक आधार पर और दूसरों के खिलाफ नफरत से भर गया है और उनके मन में पूर्वाग्रह पैदा हो गया है।

समाज के एक वर्ग द्वारा विकसित की गई यह मानसिकता मानवतावाद की उस अवधारणा के खिलाफ है जिसके लिए भारत हमेशा खड़ा रहा है। जनता को कट्टरता, झूठे प्रचार और मनगढ़ंत इतिहास से बहकाया जा रहा है। जाति, धर्म, जनजाति, और जातीयता के आधार पर दूसरों के प्रति नफरत के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इससे दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा की हानि होती है।

इतिहास में दर्ज है कि भारत के विभाजन के समय सांप्रदायिक दंगों में 25 लाख से अधिक लोग मारे गए थे। वे हिंदू, सिख और मुस्लिम तीनों समुदायों के थे। नफरत अविश्वास को जन्म देती है जो आगे चलकर एक-दूसरे के खिलाफ हिंसा में तब्दील हो जाती है। हमने इसे 1984 में सिख विरोधी तथा 2002 में गुजरात में मुस्लिम विरोधी नरसंहार के दौरान देखा था।

ऐसी ही स्थिति कश्मीर में भी विकसित हुई जब अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों को आतंकवादी खतरे और राज्य सरकार के रवैये के तहत पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसलिए भारत में इस समय जो कुछ हो रहा है, वह कोई नई घटना नहीं है, बल्कि अतीत में ऐसी ताकतें जो करने की कोशिश करती रही हैं, उसका ही एक सिलसिला है। जिन अल्पसंख्यकों को हिंदुओं की बहुसंख्यक 80 फीसदी आबादी के लिए खतरा माना जा रहा है, उनके खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। मुसलमानों के तुष्टिकरण जैसे मिथक लोगों के दिमाग में घर कर गये हैं और यह भी कि वे मशरूम की तरह उगेंगे और चार पत्नियों से शादी करेंगे और जल्द ही हिंदू आबादी से आगे निकल जायेंगे। इस घृणा अभियान में तर्क या सबूत का अभाव है। ये बेतुके विचार इलेक्ट्रॉनिक टीवी मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और कानाफूसी अभियानों के माध्यम से फैलाये जाते हैं। ऐतिहासिक धारावाहिक कहे जाने वाले कई टीवी धारावाहिकों का इस्तेमाल बहुत ही सूक्ष्म तरीके से झूठ और नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है।

> सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

ऐसी स्थितियों में महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। स्त्री के शरीर को संघर्षों में एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है। मणिपुर की घटना, जहां महिलाओं को नग्न घुमाया गया और उनके साथ छेड़छाड़ की गई, को घृणा, क्रोध और हमारी सामाजिक व्यवस्था में गंभीर विचलन के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्थिति के प्रति राज्य की पूरी असंवेदनशीलता इस बात पर संदेह पैदा करती है कि क्या इन घटनाओं को राज्य के संरक्षण में किसी गुप्त उद्देश्य के साथ अच्छी तरह से योजनाबद्ध किया गया है। घृणा अभियान अपने आप नहीं रुकते।

अब हरियाणा में साम्प्रदायिक दंगे कराये गये हैं। नफरत फैलाने वाले खुलेआम घूम रहे हैं जबकि पीड़ितों पर अत्याचार किया जा रहा है। यूपी, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही घटनाएं होती रहती हैं। अगर अभी इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इससे गुजरात या मणिपुर के स्तर की बड़े पैमाने पर हिंसा हो सकती है।

जो ताकतें इस तरह के नफरत भरे अभियान चलाती हैं, वे हमेशा यह प्रयास करती रहती हैं कि वे कैसे जनता को अपने पक्ष में कर सकें। 1995 में देशभर में भगवान गणेश की दूध पीती प्रतिमा की घटना बेहद सफल परीक्षण थी। यह संदेश कुछ ही समय में पूरे देश में फैल गया, जबकि उस समय कोई सोशल मीडिया नेटवर्क नहीं था। जब लगा कि पूरा मिथक उजागर हो जायेगा तो यह तुरंत रुक गया। गौरतलब है कि इसके बाद गुजरात में हिंसा हुई थी। यह आश्चर्यजनक है कि महात्मा गांधी की भूमि पर ऐसी अभूतपूर्व हिंसा हुई।

ऐसी स्थितियों पर काबू पाने में डॉक्टर सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। समाज के स्वास्थ्य के संरक्षक के रूप में डॉक्टरों का कर्तव्य है कि वे अपनी बात कहें और उचित निर्णय लें। उन्हें आगे आना होगा और सद्भाव, प्रेम, और भाईचारे का प्रचार करने के लिए सम्पर्क कार्यक्रम बनाने होंगे। ऐसी स्थितियों में पीड़ित लोगों में आत्मविश्वास विकसित करने में डॉक्टर एक बड़ा साधन हो सकते हैं।

विक्टर फेंकल, एक ऑस्ट्रियाई मनोचिकित्सक, जो नरसंहार से बचे थे, ने नाजी एकाग्रता शिविरों में कैदियों को बेहतर भविष्य की आशा कभी नहीं खोने के लिए प्रेरित करने का एक महान काम किया। अपने लगातार प्रयासों से वह हिटलर के युद्ध हारने के बाद कई लोगों को मरने से बचाने और जीवित रहने में सक्षम बनाया था।

हमारी आवाज़ मायने रखती है। लेकिन हमारी चुप्पी पेंचीदा और कर्तव्य के प्रति लापरवाही हो सकती है। नफरत फैलाने वालों की लगातार धमकियों और राज्य की संदिग्ध भूमिका के बावजूद बदलाव आ रहा है। कई वैज्ञानिक जो अब तक शांत थे, मिथकों और अवैज्ञानिक विचारों को चुनौती देने लगे हैं। ताली और थाली बजाने वाले डॉक्टरों को अब एहसास हो गया है कि यह कोविड से छुटकारा पाने का वैज्ञानिक तरीका नहीं था। अंतत: हमें 1600 डॉक्टरों की जान की कीमत पर महामारी से लड़ना पड़ा। गौमूत्र या गोबर अभियान का कोई भी अभियान काम नहीं आया।

कई डॉक्टर इस बात को समझते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें बोलने की हिम्मत जुटानी चाहिए। घृणा अभियानों का राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर मुकाबला किया जाना चाहिए। डॉक्टरों को चुप नहीं बैठना है बल्कि देश को इस संकट से बाहर निकालने के उपाय खोजने हैं। डॉक्टर अपने मरीजों के साथ संवाद कर सकते हैं और नरम स्वर में प्यार और करुणा की बात कर सकते हैं जो हमारे पेशे का एक हिस्सा है।

फिर उनसे उनकी भाषा में बात करें। हमें उन ताकतों की पहचान करने से नहीं कतराना चाहिए जो सौहार्द्र बिगाड़ने पर तुले हुए हैं। हमें यह समझना होगा कि इस तरह की हिंसा एक महामारी स्वास्थ्य समस्या है और इस प्रकार योजना बनायें जैसे हम अन्य बीमारियों के लिए करते हैं। प्राथमिक रोकथाम दृष्टिकोण स्थिति को खराब होने से रोकना है और हिंसा शुरू होने से पहले हिंसा को रोकना है। द्वितीयक रोकथाम जोखिम वाली आबादी और अंतर्निहित जोखिम कारकों को लक्षित करना है।

सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

समय आ गया है कि हम चुप्पी तोड़ें।
गलत के सामने कभी बगलें न झांकें।।

# खाद्य महंगाई के लिए सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां जिम्मेदार

क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार टमाटर, अदरक सहित तमाम सब्जियों, मसालों, दालों एवं चावल की कीमतों में वृद्धि की वजह से वेज थाली 34 फीसदी महंगी हो चुकी है, जबकि नॉन वेज थाली मात्र 13 फीसदी हुई है। देश में जून, जुलाई महिने के बाद लगातार तीसरे महिने अगस्त में खाद्य महंगाई अपने अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर रिकॉर्ड बना रही है। दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, अदरक अभी भी 200-250 रुपए के पार चल रहे हैं। आटा, दाल, दूध, मसाले सहित रोजमर्रा की तमाम जरूरी खाद्य सामग्रियों की कीमतें भी जुलाई महिने में अपने 'ऑल टाईम हाई' लेबल पर खेल रहीं हैं। आम आदमी बेबस और लाचार है, मगर सरकार मानने को तैयार नहीं है कि देश में महंगाई है? सरकार दावा कर रही है कि देश में थोक महंगाई दर पिछले 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है।

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों की रसोई का सारा खेल बिगड़ चुका है। गरीबों और मध्यमवर्ग की थाली से टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया की चटनी गायब है। देश की आधी आबादी यानि लगभग 70-72 करोड़ लोग खाद्य महंगाई की चपेट में आ चुके हैं, लेकिन सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में लगातार तीसरे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। जून महीने में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी पर आ गई है। सरकार तर्क दे रही है कि जून में थोक महंगाई की दर में गिरावट मुख्य रूप से मिनरल ऑयल्स, खाने-पीने की चीजें, बेसिक मेटल्स, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस और कपड़ों की कीमतें कम होने के कारण आई है।


डॉ. लखन चौधरी

> अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है।

सवाल उठता है कि आखिरकार बाजार की वास्तविक महंगाई और महंगाई के सरकारी आंकड़ों को लेकर इस कदर विरोधाभास क्यों है? यदि वास्तविकता में महंगाई दरें सामान्य हैं, तो फिर खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान क्यों छू रहीं हैं? महंगाई को अक्सर आंकड़ों में दिखाने, प्रस्तुत करने, समझने की कोशिश की जाती है। ठीक है कि महंगाई की आंकड़ों की भाषा होती है, लेकिन इसके इतर आम जनजीवन पर महंगाई का व्यापक प्रभाव एवं असर होता है। महंगाई की वजह से आम आदमी के खान-पान, रहन-सहन एवं जीवन स्तर में गुणात्मक गिरावट आ जाती है। महंगाई का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। सामान्य महंगाई यानि मुद्रास्फीति से उत्पादकों को मुनाफा होता है, जिससे निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, लेकिन दीर्घकाल में उपभोक्ताओं पर इसका बुरा या नकारात्मक प्रभाव पढ़ता है। उपभोक्ताओं की वास्तविक आय घट जाती है, और अंतत: बाजार में मांग सिकुड़ने लगती है। इसकी वजह से उत्पादक इकाईयां बंद होने लगती हैं। कुल मिलाकर सामान्य से अधिक महंगाई सबके लिए हानिकारक ही होती है।

सरकार के अनुसार जून में खुदरा यानि फुटकर महंगाई 4.81 फीसदी पर पहुंच गई है। मई में यह 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गई थी। सरकार का तर्क है कि जून में सब्जियों की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई बढ़ी है। तेज गर्मी, असमय बारिश जैसी प्राकृतिक घटनाओं ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिससे सब्जियों के दाम बढ़े हैं। चूंकि प्रचलित महंगाई दर के निर्धारण में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है, लिहाजा खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो अगस्त महिने के बाद सामान्य हो जायेगी।

वैसे तो जुलाई के महिने में सब्जियों की कीमतें हमेशा अधिक हो जाती हैं। लेकिन इस बार आलू, प्याज को छोड़कर शेष सब्जियों ने जिस तरह से रिकॉर्ड तोड़ महंगाई पैदा की है, यह विचार-विमर्श का एक गंभीर मसला है। यद्यपि यह महंगाई बहुत कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से है, इसके बावजूद इस कमरतोड़ महंगाई के लिए कहीं न कहीं सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं।

दरअसल इस महंगाई की सबसे बड़ी वजह उत्पादन की कमी है। देश की 142 करोड़ की आबादी के लिए जितनी खाद्य वस्तुओं यानि रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजों की जरूरत है, उस तादाद में देश में उत्पादन नहीं हो रहा है। कई चीजों का यदि उत्पादन है, तो ऊंचीं कीमतों के लालच में बड़े पैमाने पर निर्यात कर दिया जा रहा है। खाद्य महंगाई की सबसे बड़ी वजह मांग-पूर्ति का असंतुलन है। प्राकृतिक कारणों से उत्पादन प्रभावित होने की वजह से आपूर्ति बुरी तरह घटती जा रही है। जिसकी वजह से साल के कुछ महिनों जैसे जून-जुलाई, अक्टूबर-नवम्बर, मार्च-अप्रैल आदि में जलवायु परिवर्तन जैसे कारणों से सब्जियों, फलों, दूध, दाल, तेल आदि रोजमर्रा की जरूरी जिंसों के दाम आसमान छूने लगते हैं।

सरकार को दीर्घकालिक कृषि नीति बनाने की जरूरत है, जिस दिशा में सरकार का ध्यान केवल कागजी खानापूरी तक सीमित है। इसके लिए कृषि को उद्योग का दर्जा देकर कृषि में भारी सरकारी निवेश की दरकार है, जिससे देश की विशाल जनसंख्या के लिए जरूरत के अनुसार उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। फलों, सब्जियों इत्यादि के भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाने की वजह से इन मौसमों में होने वाली जमाखोरी और कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है।

अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है। यानि सरकारी नीतियों की असफलता महंगाई के लिए न सिर्फ जिम्मेदार है, अपितु कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की उदासीनता और कृषि क्षेत्र को लेकर अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां वर्तमान महंगाई की सबसे बड़ी वजह है।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

# युवा ही है विकास की प्रथम और अंतिम सीढ़ी

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस सन् 2000 से विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता रहा है। सन् 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसंबर को इसे मनाने के लिए प्रस्ताव लाया गया था। सन् 2000 में इसे पहली बार आयोजित किया गया। इस बार हम 23 वें अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के आयोजन से जुड़ रहे हैं। इसके आयोजन से पूर्व प्रतिवर्ष एक नई थीम लाई जाती है। पिछली बार 2022 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की थीम-'अंतर पीढ़ीगत एकजुटता, सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना रखी गई थी।' इस वर्ष 2023 में युवा दिवस की थीम - 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर' रखी गई है। युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस की परिपाटी शुरू की। किसी भी राष्ट्र के निर्माण अथवा उसके विकास में सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका उस राष्ट्र के युवाओं की ही हुआ करती है। लोकतंत्र से लेकर अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी तथा चिकित्सा विज्ञान का विकास भी युवाओं के हाथ की लगाम है। वैश्विक मंदी तथा प्रदूषण, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं का समाधान भी युवा पीढ़ी के हाथों में ही है। इसमें कोई संशय नहीं की आज दुनिया का कोई भी देश यदि बीते कल को पीछे छोड़कर एक नई ऊर्जा के साथ अपना वर्तमान जी रहा है तो इसका श्रेय युवा पीढ़ी को ही जाता है। युवा शक्ति को सही दिशा मिल सके तो वह एक इतिहास लिख जाती है। इसके विपरीत गलत मार्गदर्शन संपूर्ण समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध होता है।

किसी भी देश की असली ताकत उस देश के युवाओं के बलिष्ठ कंधों पर ही समाहित होती है। युवा पीढ़ी में ही वह शक्ति होती है जो किसी भी तरह के परिवर्तन कर दिखाती है। मानव सभ्यता को जब-जब अपने अस्तित्व के लिए नई दिशा की जरूरत महसूस हुई तब- तब उसने अपनी युवा पीढ़ी की ओर ही निहारा है। प्रत्येक युवा में दो खास विशेषताएं होती हैं। पहली - उसमें स्फूर्ति की और ऊर्जा का सैलाब होता है। वे कुछ भी कर गुजरने की शक्ति से लबरेज होते हैं। दूसरा- यह कि उन्हें उनके युवा काल में उतनी ठोकरें नहीं मिलती हैं कि वे जल्द ही निराश हो जाएं। तात्पर्य यह कि एक युवा का जीवन उसके मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को ऐसे पराजित कर जाता है मानो वह कोई चुनौती थी ही नहीं। भारत वर्ष के संदर्भ में हर प्रकार के विकास और नवीन तकनीक की रीढ़ की हड्डी युवा वर्ग ही है। हमारे देश की जनसंख्या में बड़ा हिस्सा युवाओं का ही है। यही कारण है कि भारतवर्ष को युवाओं का देश कहा जाता है। हम अपने गुलामी के दिनों के इतिहास को खंगालें तो हमें जानकारी मिलती है कि- हमारी स्वतंत्रता की आधारशिला युवा कंधों पर ही रखी गई थी। शहीद-ए- आजम भगत सिंह से लेकर चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, सुभाषचंद्र बोस ऐसे अनेक नाम हैं, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि भारतवर्ष और भारत मां की ओर उठने वाली विरोधी आंखें नोच ली जाएंगी।

आज के युवा को हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सबक लेने की जरूरत है। उस वक्त के भारतीय युवाओं ने देश को कहां से कहां लाकर खड़ा कर दिया! मुझे फिल्मी गीत की कड़ियां इस संबंध में याद आ रही हैं जो कुछ इस तरह है - 'हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के... इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के ...' आज इस बात की प्रबल जरूरत है कि देश का युवा अपनी जिम्मेदारी समझे! हम यह देख रहे हैं कि 21वीं सदी में हमारे देश का युवा भटका हुआ है! यूरोपीय संस्कृति ने उसे पथभ्रष्ट कर रखा है। आज का युवा देश की तरक्की नहीं बल्कि खुद की तरक्की के सपनों में खोया हुआ है। परमार्थ की जगह स्वार्थ उन पर पूरी तरह राज कर रहा है। जैसा कि इस वर्ष की थीम में कहा गया है- 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर...' इसे पाने के लिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी से जुड़ना होगा। भारत विकासशील देश की श्रेणी में है। उसे विकसित राज्य की श्रेणी युवा कंधों पर टिकी देखी जा रही है। आज के युवा को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में रुचि लेने की जरूरत है। एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का फौलादी जिगर, दृढ़ इच्छाशक्ति, पराक्रम, धैर्य एवं संयम जैसे गुणों से परिपूर्ण होना जरूरी है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# बच्चों को कुपोषण मुक्त बनता आंगनबाड़ी केंद्र

आज़ादी के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा था उनमें बच्चों में कुपोषण की समस्या भी एक थी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों में कुपोषण बहुत ज़्यादा थी। गरीबी और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिसका असर बच्चों में देखने को मिलता था। इस समस्या से निजात पाने के लिए भारत सरकार द्वारा हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया। जहां महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलकर महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। गर्भवती महिलाएं व बच्चों का पंजीकरण और टीकाकरण किया जाता है। आगे चलकर इसमें गांव की किशोरी बालिकाओं के लिए पैड्स भी उपलब्ध करवाई जाने लगी।

आंगनबाड़ी कार्यक्रम को भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को और उनकी मां को कुपोषित होने से बचाने के लिए भारत सरकार व बाल विकास सेवा कार्यक्रम के द्वारा शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत 6 वर्ष की आयु के 8 करोड़ बच्चों को सम्मिलित किया गया है। इस योजना का शुभारंभ केंद्र सरकार द्वारा 1985 में किया गया था। वर्ष 2010 के बाद राज्य सरकारें भी इसमें सहयोग देने लगी हैं। याद रहे कि लगभग 400 से अधिक जनसंख्या वाले स्थान पर एक आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना का प्रावधान है। जनसंख्या के आधार पर किसी ग्राम पंचायत में एक से अधिक आंगनबाड़ी खोला जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका इस केंद्र को संचालित करती हैं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से इसे मूर्तरूप दिया जाता है। जिसे आईसीडीएस कहा जाता है। इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है जिसे मुख्य सेविका कहा जाता है। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कार्य से जुड़े मामलों में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

लेकिन सरकार के सभी प्रयासों के बावजूद देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अपने उद्देश्य और लक्ष्य से पीछे नज़र आता है। जहां जागरूकता की कमी के कारण अभिभावक बच्चों को केंद्र तक नहीं पहुंचाते हैं और इसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान के जिला बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के ढाणी भोपालाराम गांव में देखने को मिला है। जहां माता-पिता अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक भेजने के इच्छुक नज़र नहीं आते हैं। इस केंद्र की आंगनबाड़ी सहायिका नरेश का कहना है कि 'हमें बच्चों के माता-पिता कहते हैं कि हमारे बच्चों को घर से आंगनबाड़ी लेकर आप खुद जाओ, और फिर बाद में उनको घर भी आप ही छोड़कर जाओगे।'

**भावना लूणकरणसर, बीकानेर राजस्थान**

CMYK

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर

शुक्रवार 11 अगस्त 2023

उल्टा पुल्टा

मां ने बेटा को डांटते हुए कहा कि तुम बहुत शरारती हो, देखने में बंदर लगते हो?
बेटा- नहीं मम्मी, आप झूठ बोलती हैं। पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि तुम बिलकुल अपने पापा की शक्ल से मिलते हो।

# कलेक्टर ने अरपा तट संवर्धन योजना के कार्यों का किया निरीक्षण



**बिलासपुर** , 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत के साथ शहर में अरपा नदी को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए किये जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना, पचरीघाट बैराज और शिवघाट बैराज के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदारों से निर्माण कार्य के सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों को हर हाल में युद्धस्तर पर काम करके 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा को नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने अरपा रिवर फ्रंट में बन रहे उद्यान, रिवर व्यू रोड एवं परियोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों से कहा कि बिलासपुर शहर के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूरा करें।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में हर्षोल्लास एवं गरिमामय माहौल में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने संयुक्त रूप से आज पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गये सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सवेरे 9 बजे होगा। कलेक्टर ने रिहर्सल के दौरान सभी विभागों के जिला प्रमुखों को उपस्थित होने के निर्देश दिए है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा एवं मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे। पुलिस, एनसीसी, नगर सेना, जेल प्रहरी एवं एसएएफ और होम गार्ड की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक परेड किया जाएगा। समारोह स्थल पर स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मानने के लिए कलेक्टर संजीव कुमार झा ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। स्वतंत्रता दिवस की रात्रि में सभी शासकीय, सार्वजनिक एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में रोशनी करने की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# संपादकीय

## आरक्षित सीटों का सत्ता समीकरण

*सामाजिक संदर्भों के साथ ही राजनीति में भी जातीय समीकरणों का बहुत महत्व है। कहना होगा कि सत्ता का गणित इसी जातीय समीकरण से तय होता है। छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य में इस समीकरण का महत्व और भी ज्यादा है क्योंकि विधानसभा की 90 सीटों में से 39 सीटें आरक्षित है। राजनीतिक दलों का इन सीटों पर जोर सबसे ज्यादा होता है। विधानसभा की 29 सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। ये सीटें ज्यादातर सरगुजा और बस्तर संभाग में हैं। एससी वर्ग के लिए 10 सीटें आरक्षित हैं। एससी वर्ग की सबसे अधिक आबादी बिलासपुर संभाग में है। इन 39 सीटों में जिस पार्टी ने अधिक सीटें जीती हैं, छत्तीसगढ़ में सरकार उसी पार्टी की बनी है। वर्ष 2018 के चुनाव में एसटी की 29 में से 27 सीटें कांग्रेस ने जीती थी और उसमें दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाई थी। सभी पार्टियां इस समीकरण को समझती हैं और उनका पूरा चुनाव अभियान इसी के ईद-गिर्द चलता रहा है। कांग्रेस के किसी बड़े नेता का अभी छत्तीसगढ़ दौरा नहीं हुआ। भाजपा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ कई केन्द्रीय मंत्रियों की सभाएं हो चुकी है। 13 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होने जा रहा है। वे जांजगीर जिले में कांग्रेस के भरोसे के सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके जांजगीर दौरे का उद्देश्य समझा जा सकता है। बिलासपुर संभाग के इस जिले में श्री खड़गे की सभा कराकर कांग्रेस सर्वाधिक एससी आबादी वाले संभाग में इस वर्ग के वोटरों को साधने की चुनावी रणनीति बनाई है। 2013 के चुनाव में भाजपा इस वर्ग के वोटरों को साधने में सफल रही थी और उसने 10 सीटों में से 9 सीटें जीत ली थीं। उस चुनाव में एससी वर्ग में गुरु की पदीय गरिमा वाले बालदास को भाजपा ने प्रचार के लिए हेलिकाप्टर तक उपलब्ध कराया था। वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा ने इस तरह के प्रयास की कोई जरूरत नहीं समझी क्योंकि उसे लगा रहा था कि जोगी कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी का गठबंधन यह काम कर लेगा। गठबंधन को जैसी सफलता की उम्मीद थी, वैसी सफलता नहीं मिली। भाजपा आरक्षित सीटों से साफ हो गई। वर्ष 2023 का चुनाव किसी भी पार्टी के लिए आसान दिखाई नहीं दे रहा है। जो चुनावी स्थितियां बनती हुई दिखाई दे रही हैं, उनमें कम से कम कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर की स्थिति बन सकती है। सर्व आदिवासी समाज आदिवासियों का एक मजबूत संगठन है, जिसके नेता अरविन्द नेताम जो कभी कांग्रेस में थे, पार्टी से इस्तीफा देकर आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी 29 सीटों से समाज का उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं। भानुप्रतापपुर के उपचुनाव में भी समाज से अपना उम्मीदवार उतारा था और 13 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। जीत-हार में 13 प्रतिशत वोटों की भूमिका बहुत बड़ी हो जाती है। आम आदमी पार्टी भी छत्तीसगढ़ में अपनी ताकत आजमाने के लिए तैयार है। ऐसे में वोटों के विभाजन की दृष्टि से भी यह चुनाव खास होने वाला है।*

# सार-संक्षेप



## बिल्हा में लक्ष्मीनाथ कर रहे कार्यकर्ताओं का सम्मान

**बिलासपुर**,10 अगस्त (देशबन्धु)। नवम्बर में होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दल जमीनी स्तर पे सक्रिय हो चुके हैं। इसी कड़ी में लक्ष्मीनाथ आपके द्वार अभियान के तहत बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के गाँवों में पहुँचकर बूथ स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का कांग्रेस गमछा भेंट कर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर रहे कांग्रेस नेता लक्ष्मीनाथ साहू द्वारा विगत माह भर से इस अभियान के माध्यम से अब तक 45 से अधिक गावों में भूपेश सरकार की योजनाओं को गाँव गाँव में प्रचारित करते हुए इस बार सरकार के साथ ही बिल्हा से कांग्रेस विधायक बनाने अपील कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने कहा की बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मान करने से पार्टी मजबूत हो रही है पंच-सरपंच से लेकर विधायक-सांसद का चुनाव जीताने में इनकी अहम भूमिका होती है साथ ही पंचायत स्तर पे छोटी-छोटी समस्याओं से हो रही नाराजगी भी दुर की जा सकती है जिसका लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिलेगा।

## प्रत्येक ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण व राष्ट्रगान का गायन होगा



**बिलासपुर**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत पंचायत एवं नगर निगम क्षेत्रों में 9 से 15 अगस्त 2023 जनपद स्तर पर 12 से 20 अगस्त स्थान की पहचान कर्तव्य पथ पर स्मारक निर्माण आदि 21 से 26 अगस्त युवा दल का आगमन एवं अंतिम कार्यक्रम की तैयारी 27 से 28 अगस्त तथा कर्तव्य पथ पर अति महत्त्वपूर्ण अतिथियों के समक्ष अंतिम कार्यक्रम 29 से 30 अगस्त 2023 तक होंगे। कार्यक्रम में दो भाग होंगे जिसमें पंचायत स्तरीय कार्यक्रम और पंचायत से जनपद पंचायत और दिल्ली तक मिट्टी यात्रा आयोजित होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत एक शिलापलकम स्थापित कर 9 से 15 अगस्त 2023 के मध्य लोकार्पण किया जाएगा जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायतों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान का गायन होगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुट्ठी भर मिट्टी या मिट्टी का दीया हाथ में लेकर पंचप्राण की शपथ लेंगे। वसुधा वंदन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के द्वारा 75 देशी और ज्यादा समय तक टिकाऊ पौधों का पौधारोपण किया जायेगा। मिट्टी यात्रा कार्यक्रम में प्रत्येक गाँव से मिट्टी जनपद पंचायत स्तर पर लाया जायेगा। के पौधे उसके बाद जनपद पंचायत स्तर से मिट्टी को एकत्रित कर कलश में एकत्र कर दिल्ली भेजा जावेगा। अंतिम कार्यक्रम में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का होगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 27 से 30 अगस्त के बीच में मिट्टी कलश ले जाया जाएगा। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 30 अगस्त को अमृत वाटिका के साथ पौधारोपण द्वारा एकेएएम स्मारिका को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा।

# पदोन्नति आदेश को तत्काल निरस्त करने संघ सौंपेगा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**बिलासपुर** , 10 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के सभी शिक्षा संभाग में संयुक्त संचालकों द्वारा शिक्षकों के पदोन्नति आदेशों में नियम विरूद्ध संशोधन कर व्यापक स्तर पर की गई अनियमित्ता की जॉच करते हुये संशोधित आदेश को तत्काल निरस्त करते हुये दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर के द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा के नाम कलेक्टर जिला बिलासपुर के माध्यम से कल शुक्रवार को अपरान्ह 01.30 बजे ज्ञापन सौपा जावेगा। संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्धारित अवधि में कम्पोजिट बिल्डिंग बिलासपुर के सामने प्रांगण में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने कहा गया है।

# आवारा पशुओं को सड़क से दूर रखने के अभियान की कमिश्नर ने की समीक्षा

**बिलासपुर**, 10 अगस्त ( देशबन्धु) । संभागायुक्त के.डी कुंजाम ने वीसी के जरिए अधिकारियों की बैठक लेकर आवारा पशुओं को मुख्य मार्गों से हटाने जारी अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में आवारा पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाने एवं दुर्घटना से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट लगाने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। संभागायुक्त ने कहा कि गत दिवस हुए बैठक में मुख्य सचिव द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। आप सभी उक्त निर्देशों पर अमल करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें और सतत् निगरानी भी करते रहें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि गौठान, गौशाला या कांजी हाउस में रखे गए पशुओं को किसी भी प्रकार की चारा या पानी की कमी न हो। उन्होंने सभी जिलों से अब तक की गई कार्यवाही की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में अधिकारियों ने एक-एक करके अपने-अपने जिले में की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया। संभागायुक्त कार्यालय से सभी जिलों से सर्वाधिक दुर्घटना वाले सड़कों की जानकारी सहित दुर्घटना रोकने किये जा रहे प्रयासों, आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने की गई कार्यवाही, गौठान, कांजी हाऊस एवं गौशाला की संख्या सहित अन्य जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। बैठक में संभाग के जिलों के कलेक्टर वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त अखिलेश साहू, श्रीमती अर्चना मिश्रा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# परीक्षा प्रणाली में संसोधन की मांग एनएसयूआई ने कुलपति निवास घेरा

## दो विषयों में पूरक परीक्षा का प्रावधान लागू करने आग्रह



**बिलासपुर** , 10 अगस्त (देशबन्धु)। आज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में परीक्षा प्रणाली मे संशोधन करने हेतु अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी को कुलपति निवास में ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने तीन बिंदुओं पर अपनी बात रखते हुए छात्रहित में मांग पूरा करने की बात कही। (1) दो विषयों पूरक परीक्षा का प्रावधान लागू किया जाए - अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 में लगभग 1,10,000 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमे से 30प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम में पूरक और फेल घोषित किये गए हैं, जिसमें से 80प्रतिशत परीक्षार्थी केवल दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने के कारण फेल घोषित किये गए हैं, उन परीक्षार्थी को पूरक घोषित कर पूरक परीक्षा मे सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाए। (2) तीन विषयों में पुनर्मूल्यांकन का नियम - विश्वविद्यालय में परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होने के पश्चात पुनर्मूल्यांकन केवल दो विषयों मे कर पाते हैं, उन सभी परिक्षार्थियों को तीन विषयों में पुनर्मूल्यांकन कराये जाने का नियम लागू किया जाए। (3) प्रायोगिक परीक्षा हेतु पुनः अंतिम अवसर प्रदान किया जाए - विश्वविद्यालय मे सैकड़ों परीक्षार्थी ऐसे हैं जो सभी सैधांतिक परीक्षाओं मे उत्तीर्ण हैं परंतु कुछ विधार्थी ऐसे हैं, जो किन्ही विशेष कारणों से प्रायोगिक परीक्षाओं से वंचित रह गए हैं,वे आज भी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय का चक्कर काट रहे हैं, उन परिक्षार्थियों को जो प्रायोगिक परीक्षा से वंचित रह गए हैं उन्हे एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाए। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि तीन वर्षों के कोरोनाकाल के ऑनलाईन/ब्लैंडेड मोड के परीक्षा के पश्चात इस वर्ष सत्र 2022-23 में परीक्षाएं भौतिक रूप से आयोजित की गई हैं, जिसके कारण इस वर्ष का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों से कम रहा,विभिन्न कारणों को ध्यान में रखकर मांग पूरा किया जाए। कुलपति निवास में ज्ञापन सौंपने में जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के साथ मुख्य रूप से प्रदेश सचिव लोकेश नायक, सुमित शुक्ला,जिला महासचिव सुबोध नायक, दुष्यंत कौशिक, प्रवीण साहू, शिवांश गुप्ता,मयंक पांडेय, हिमांशु सिंह, लक्की सिंह ठाकुर, दीपक नायक, भरत साहू,ईशान भोसले,आकाश सिंह,तरुण, राहुल यादव, अरुण पटेल, उमेश पटेल,सीतीज आदि एनएसयूआई के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जलाशयों में जलभराव की स्थिति संतोषजनक

## वृहद एवं मध्यम जलाशयों में 83 प्रतिशत एवं लघु जलाशयों में 65 प्रतिशत औसत जलभराव




**बिलासपुर** , 10 अगस्त (देशबन्धु)। कमिश्नर के.डी. कुंजाम की अध्यक्षता में संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई जलाशयों में जल की उपलब्धता के साथ ही चालू खरीफ में खाद, बीज एवं फसलों की ताजा हालात की समीक्षा की गई। बताया गया कि जलाशयों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हैं। नहरों से खेती किसानी के कामों में तेजी लाने के लिए पूर्व में ही पानी छोड़े गए हैं। समिति ने जरूरत के अनुसार नहरों में सिंचाई का प्रवाह और बढ़ाने का निर्णय लिया। मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं अधिकारी वीसी के जरिए समिति की इस बैठक में शामिल हुए।

जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ए.के.सोमावार ने बैठक में संभाग की प्रमुख जलाशयों में जलभराव एवं प्रस्तावित सिंचाई क्षमता की जानकारी दी। बताया गया कि संभाग की सबसे बड़ी मिनीमाता हसदेव बांगो परियोजना में 83.26 प्रतिशत, खारंग जलाशय में 96.20 प्रतिशत एवं मनियारी जलाशय में 100 प्रतिशत जल भरा हुआ है। इसी प्रकार निर्माणाधीन अरपा भैंसाझार परियोजना में 29.50 प्रतिशत एवं केलो परियोजना में 33.66 प्रतिशत पानी का भराव है। मध्यम परियोजनाओं के अंतर्गत घोंघा जलाशय में 72.36 प्रतिशत, केदार जलाशय में 83 प्रतिशत, पुटका जलाशय में 61 प्रतिशत, किंकारी जलाशय में 52 प्रतिशत एवं खम्हार पाकुट जलाशय में 70 प्रतिशत तक जलभराव है। इसी तरह संभाग के अंतर्गत शामिल 512 लघु सिंचाई जलाशयों में भी जल की 60 से 65 प्रतिशत तक उपलब्धता है। इन सिंचाई जलाशयों से संभाग में खरीफ मौसम में 5 लाख 9 हजार हेक्टेयर रकबे में सिंचाई का लख्य रखा गया है। बैठक में विधायक डॉ. बांधी ने खारंग जलाशय से प्रवाहित जल की मात्रा और बढ़ाने की मांग की जिस पर समिति ने सहमति व्यक्त करते हुए बढ़ाने का निर्णय लिया। डॉ. बांधी ने उतेरा फसल के रूप में तिवरा की खेती को प्रोत्साहन देने का सुझाव दिया ताकि गाय-बैलों के लिए कुना के रूप में चारा उपलब्ध हो सके। सक्ती जिले में यूरिया की कमी की जानकारी मिलने पर कमिश्नर श्री कुंजाम ने एक-दो दिन में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर संजीव कुमार झा, सीई ए.के. सोमावार एवं डी.के. बुम्मेकर, संयुक्त संचालक कृषि श्री चौहान सहित सिंचाई एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कल से

**बिलासपुर**, 10 अगस्त ( देशबन्धु) । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2 अगस्त से शुरू हो चुका है। इसके साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारियों द्वारा निर्वाचक नामावलियों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है, जो 31 अगस्त तक चलेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 12, 13, 19 एवं दिनांक 20 अगस्त 2023 को अवकाश के दिनों में भी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाये जायेंगे।

## जानिये, पुनरीक्षण के दौरान क्या किया जा सकता है

मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम, पता, स्थान की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाया जा सकता है। नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है। आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ा जा सकता है। दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाया जा सकता है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति मे उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो तो नवीन मतदाता बनने हेतु फॉर्म 6 भरकर आवेदन कर सकते है अथवा अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते है। संशोधन, स्थानांतरण एवं प्रतिस्थापन इपिक प्राप्त करने हेतु फॉर्म 8, मृत अथवा स्थाई रूप से स्थानान्तरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फार्म 7 एवं आधार नम्बर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ने के लिए फॉर्म 6बी भरे जा सकते है। वोटर हेल्पलाइन एप्प अथवा वोटर पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

CMYK

# भाजपा पार्षदों ने दिया महापौर के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव

## विकास कार्यों की अनदेखी सहित 21 बिन्दुओं पर सौंपा प्रस्ताव



**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने 30 पार्षदों के हस्ताक्षरयुक्त अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर सौरभ कुमार को सौंपा है। भाजपा नेताओं का दावा है कि निर्दलीय व कांग्रेस के भी कुछ पार्षदों का उन्हें समर्थन है।

गुरूवार को भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने 21 बिन्दुओं पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए महापौर की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अशोक चावलानी ने कहा कि महापौर विश्वास खो चुके हैं और महापौर को जल्द ही पद से हटाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि भाजपा ही नहीं, निर्दलीय और कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में भी विकास कार्य नहीं हो रहे हैं, जिसे लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। कई कांग्रेसी पार्षद भी उनसे असंतुष्ट चल रहे हैं, मुझे भरोसा है कि वे भी हमारे पक्ष में वोट करेंगे। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि शहर में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, महापौर कुंभकरणीय की नींद में सोए हुए हैं। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का बोल बाला है। महापौर के विरुद्ध फर्जी जाति प्रमाण पत्र का मामला लंबित है। नई स्ट्रीट लाइट नहीं आ रही है, जो पुरानी खराब लाइटें हैं। पार्षद निधि 10 लाख रुपये की घोषणा की गई थी, किन्तु आज तक केवल 7 लाख तक के ही प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। महापौर का उनके स्वयं के निर्वाचित वार्ड क्रमांक 14 में भारी विरोध है। महापौर के विरूद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 संशोधित 2019 की धारा 23 (क) के अंतर्गत महापौर पर अविश्वास व्यक्त कर प्रस्ताव को पारित करने हेतु सम्मेलन तत्काल आहूत किए जाने और अग्रिम कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया है।

इस दौरान जिला योजना समिति सदस्य पार्षद कमला देवी बरेठ, रितु चौरसिया, भानुमति माधव जायसवाल, ममता बालिराम साहू, पुराइन बाई कंवर, पुष्पा कंवर, आरती विकास अग्रवाल, धनश्री अजय साहू, नरेंद्र देवांगन, बुधवार साय यादव, अनिता सुकुन्दी यादव, शैल बाई राठौर, प्रभावती सुधार साय चौहान, अजय गौड़, कविता नारायण राजपूत, फिरतराम साहू, नारायण महंत, प्रतिभा निखिल शर्मा, सुफल दास, चंद्रलोक सिंह, तरुण राठौर, गोलू पांडेय, नर्मदा लहरे, गंगा भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### अपनी साख बचाने स्टंटबाजी कर रहे : महापौर

अविश्वास प्रस्ताव पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह विपक्ष की स्टंटबाजी है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है तो जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी साख बचाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं जबकि उनके खिलाफ ही पार्टी के पार्षदों ने मोर्चा खोलकर कार्यवाही की मांग संगठन से किया है। नेता प्रतिपक्ष के सभी आरोप बेबुनियाद है। निगम के सभी 67 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

# किसानों को बेची जा रहा मिट्टी व कचरा मिला हुआ अमानक गोबर खाद : कौशिक

## भाजपा किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा आईटीआई चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य धरमलाल कौशिक विशेष रूप से मौजूद रहे ।

धरमलाल कौशिक ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार पूरी तरह से भ्रष्ट है। उसने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए हुए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है और आने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता इन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रत्येक व्यक्ति को 40 हजार के उधार तले दबा दिया है। छत्तीसगढ़ के किसानों को सोसाइटियों में मिट्टी व कचरा मिला हुआ अमानक गोबर खाद दबावपूर्वक बेचा जा रहा है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान मोर्चा ने मांग की है कि अमानक गोबर खाद की अवैध बिक्री को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। जिन किसानों को जबरन अमानक खाद दे दी गई है, उनसे कोई रकम न ली जावे तथा जिन किसानों से दबावपूर्वक वसूली कर ली गई है उन्हें उनका पैसा लौटाया जाये। धरना प्रदर्शन को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इसके बाद रैली की शक्ल में आईटीआई चौक से कलेक्ट्रेट के लिए भाजपाई रवाना हुए जिन्हें एसपी कार्यालय से पहले लगाए गए बेरिकेड्स पर रोक लिया गया। यहां काफी गहमा-गहमीपूर्ण माहौल में तहसीलदार ने ज्ञापन लिया।

प्रदर्शन में रामपुर विधायक ननकीराम कंवर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, ज्योति नंद दुबे, अशोक चावलानी, गोपाल मोदी, संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, मनोज शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर सहित मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित

# सार-संक्षेप

## प्रोटेक्शन एक्ट के लिए अधिवक्ताओं का प्रदेशव्यापी धरना आज

**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, दस लाख रुपए मृत्यु दावा राशि देने तथा सामूहिक बीमा की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन 11 अगस्त से शुरू हो रहा है। प्रथम चरण में 11 अगस्त को छत्तीसगढ़ के सभी अधिवक्ता संघ कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपेंगे।

जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव नूतन सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में अधिवक्ताओं से वादा किया था कि कांग्रेस सरकार बनने पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करेंगे, साथ ही अधिवक्ताओं को 10 लाख रुपए मृत्यु दावा राशि और सामूहिक बीमा का लाभ देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार अपना वादा भूल गई। सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी अधिवक्ता एकजुट होकर 11 अगस्त से आंदोलन की शुरुआत करेंगे। कोरबा सहित प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं से किया गया वादा पूरा करने की मांग करेंगे। इसके बाद भी मांग पूरा नहीं हुआ तो 25 अगस्त को विशाल रैली और प्रदर्शन किया जाएगा। सितंबर माह से राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार किया जाएगा।

## जमीन हड़पकर किसानों को नौकर बनाया जा रहा : गांधी

कोरबा, 10 अगस्त (देशबन्धु)। कटघोरा विधानसभा में ग्राम पंचायत कसाईपाली के अंतर्गत सरिया पारा में आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मदास गुप्ता (गांधी )ने पार्टी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचया। शिक्षित युवा बेरोजगारों की राय जानते हुए कहा कि आज कटघोरा विधानसभा के अंतर्गत शिक्षित युवा बेरोजगारों के लिए कोई रोजगार नहीं रहा। भोले-भाले किसान जमीन के मलिक थे, उसको हड़प कर किसानों को नौकर बनाया जा रहा है। किसानों की जमीन लूटने की होड़ चल रही है, किसानों को बेदखल किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो किसानों की जमीन को वापस दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे। जमीन मालिक अपना अधिकार पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्राम सलियापारा में पाम्पलेट के माध्यम से ग्राम वासियों को आम आदमी पार्टी की जनहित योजनाओं के बारे में बताया गया।

## चोरी की 5 बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा, 10 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हो रही मोटर साइकिलों की चोरी के बढ़ते मामलों के बीच पुलिस ने 5 मोटर साइकिल बरामद किया है। ये मोटर साइकिल अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए थे। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत 26 जुलाई को दोपहर के वक्त सुतर्रा मोड़ के पास स्थित बंगाली डॉक्टर के क्लीनिक में ईलाज कराने के लिए ह्दयलाल बिंझवार ग्राम बरपाली गया हुआ था। उसने अपनी मोटर साइकिल हीरो डीलक्स क्रमांक सीजी-12 बीएच-1543 को बाहर खड़ा किया था। करीब आधा घंटा बाद बाहर निकला तो बाइक चोरी हो चुकी थी। ह्दयलाल ने काफी तलाश के बाद 9 अगस्त को कटघोरा थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया। धारा 379 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर तलाश शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण के मार्गदर्शन में कटघोरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदेही प्रकाश दास महंत पिता सम्पत दास 30 वर्ष निवासी बांकीमोंगरा को हिरासत में लिया गया। उसने पूछताछ में उक्त चोरी करना कबूल किया। कड़ी पूछताछ में उसने और मोटर साइकिल चोरी कर छिपाना बताया। उसकी निशानदेही पर सीजी 12 बीएच 1543 सहित सीजी 12 बी ई 3047 एवं 3 अन्य मोटर सायकल को बरामद कर जप्त किया गया।

## रिचा सिंह कटघोरा, रूचि शार्दुल को पाली के एसडीएम का दायित्व

**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक अधिकारियों की नई पदस्थापना करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य आबंटित किया है। जिसके अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर सुश्री रिचा सिंह को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटघोरा का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही उन्हें अनुविभाग कटघोरा का भू-अर्जन अधिकारी, पंजीयन लोक न्यास (रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट), सक्षम प्राधिकारी छत्तीसगढ़ लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974, सहायक सत्कार अधिकारी सहित समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

## महापौर ने वार्ड 11 में नेत्र शिविर का किया शुभारंभ

**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। वार्ड 11 नई बस्ती में श्रीगणेश विनायक आई हास्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन में कराया गया। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने नेत्र शिविर का शुभारंभ कराया, उनके साथ वार्ड क्र. 11 के पार्षद दिनेश सोनी उपस्थित थे। वार्डवासियों की नेत्र (दृष्टि) की समस्या को देखते हुए नेत्र चिकित्सकों के माध्यम से इस शिविर का आयोजन किया गया। आंखों की जांच, चश्में का नम्बर प्रदान कर उन्हें लगने वाले चश्में प्रदान कराने तथा मोतियाबिन्द की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई, जिसका लाभ वार्ड की जनता को मिल रहा है। महापौर ने बताया कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है, उसका भी लाभ पूरे क्षेत्र की जनता को मिल रहा है। शिविर के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, मनोज यादव, शिव कुमारी दिव्य, संतोष साहू, चन्द्रकांत श्रीवास, सरस्वती, अंजू रत्नाकर, आरती वस्त्रकार, चन्द्रहास श्रीवास, सुरेश साहू व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# ट्रक से कुचलकर दो एसईसीएल कर्मियों की मौत



## कुसमुंडा में वैशाली नगर मार्ग पर दर्दनाक हादसा

**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की विभिन्न सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के चालकों की लापरवाही लोगों की जिंदगी चंद मिनट में तमाम कर रही है। सड़क हादसों को रोकने के तमाम दावों और उपायों को लापरवाह चालक खोखला साबित कर रहे हैं। भारी वाहनों के चालक कीड़े-मकोड़े की तरह लोगों को रौंद कर आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे ही एक दर्दनाक हादसे में एसईसीएल कर्मी 2 मित्रों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार देर रात लगभग 10.45 बजे कुसमुंडा थाना अंतर्गत वैशालीनगर पेट्रोल पंप के निकट मार्ग में घटित हुआ। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में कार्यरत एवं घनिष्ठ मित्र संतोष कुमार एवं जगत रौशन मिंज अपने परिचित के घर छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। ये दोनों अपने मोटर साइकिल पर सवार होकर वापस घर विकासनगर आवासीय कालोनी लौट रहे थे कि तेज रफ्तार ट्रक के लापरवाह चालक जो कि अपनी साइड छोड़कर गलत साइड में वाहन चला रहा था, ने इन्हें चपेट में ले लिया। भारी-भरकम ट्रक के पहिए तले आकर मोटर साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वहीं दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। जगत रौशन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संतोष कुमार की सांसें चल रही थी। सूचना बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने घायल हो तत्काल अस्पताल पहुंचाया लेकिन रास्ते में ही संतोष ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने 2 मौतों पर मर्ग कायम करने के साथ ही दुर्घटनाकारित व क्षतिग्रस्त वाहनों को जप्त कर लिया है। धारा 279, 337, 304 ए भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए प्रयास जारी है।

# 45 मवेशियों को सड़क से उठाकर पहुंचाया गया गोठान, कांजीघर




**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले 45 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गोकुलनगर गोठान एवं कोरबा कांजीघर पहुंचाया गया, साथ ही संबंधित पशुपालकों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे अपने पालतू मवेशी सड़कों पर खुला न छोड़े। यहाँ उल्लखेनीय है कि पशुपालकों को द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना, आवागमन का बाधित होना तथा यातायात व्यवस्था आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जान-माल के नुकसान व मवेशियों के घायल होने की आशंका भी बनी रहती है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज कार्यवाही करते हुए सड़कों व सार्वजनिक स्थानों से 45 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से उठाकर गोकुलनगर गोठान व कोरबा कांजीघर पहुंचाया गया।

**आयुक्त ने की अपील:** आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से पुन: अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली दण्डात्मक कार्यवाही से बचें एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

## ऑटो डील के संचालक ने की खुदकुशी बैंक कर्ज चुकाने का था दबाव

**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। एक ऑटो डील के संचालक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के द्वारा



कारणों की जांच की जा रही है लेकिन प्रारंभिक तौर पर बात सामने आई है कि बैंक से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए लगातार दबाव प्रबंधन द्वारा बनाया जा रहा था जिससे परेशान होकर यह कदम उठाया।

जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर चौक में इंडियन काफी हाऊस के पास श्याम ऑटो डील का संचालन भुनेश्वर गोस्वामी के द्वारा किया जा रहा था। उसने आज दोपहर खपराभट्ठा, कांशीनगर स्थित अपने निवास में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। इसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस यहां पहुंची और मर्ग पंचनामा बाद शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि उसने एक बैंक से लगभग 9 लाख रुपए का कर्ज ढाई साल पहले लिया था जिसकी अदायगी धीरे-धीरे कर रहा था। बैंक प्रबंधन द्वारा उसे तत्काल पैसा जमा करने के लिए कहा जाने लगा और कर्मचारी पहुंचकर दुकान सीज करने की चेतावनी दे गए थे। इसके बाद उसने यह कदम उठाया। बहरहाल पुलिस विवेचना के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# विश्व आदिवासी दिवस आक्रोश दिवस के रूप में मनाया




**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने मणिपुर हिंसा के विरोध में आक्रोश रैली के रूप में कोरबा जिला के पांचों ब्लॉक व पंचायतों सहित लगभग पंद्रह स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया।

करतला ब्लॉक में मानसिंह राठिया, डॉ.श्याम लाल कंवर,अजय राठिया, दुबराज सिंह राठिया, परदेशी राम बिंझवार के नेतृत्व में करतला में रैली निकाली गई। पाली ब्लॉक में प्रात: 10बजे से नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में कौशल सिंह राज, सेवक राम मरावी, विधायक मोहित राम केरकेट्टा, जय सिंह राज, विजय बहादुर जगत, गोंगपा राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम, सभापति जाम बाई श्याम, कटघोरा एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में छत्रपाल सिंह कंवर, लता मुकेश कंवर, रामप्रसाद कोराम, केसी कंवर, इंद्रजीत सिंह नेटी, डॉ.अनिल कंवर, रुद्रपाल सिंह कंवर,सीएस कंवर, घनश्याम सिंह तंवर, गिरधारी लाल बिंझवार, बी एस उइके के नेतृत्व में आदिवासी समाज के युवा सम्मिलित हुए।

नगर पंचायत दीपका में प्रकाश कोराम, गणेश उइके के नेतृत्व में रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत सिरकी, गुमिया, सिरमिना, कोरबा ब्लॉक व जिला में आदिवासी शक्ति पीठ कोरबा में मणिपुर हिंसा पर संगोष्ठी किया गया जिसमें महापौर राजकिशोर प्रसाद, आर पी खांडे, मोहन सिंह प्रधान, शिवनारायण सिंह कंवर, मनोहर प्रताप सिंह, निर्मल सिंह राज, रमेश सिरका, गेंदालाल सिदार, सुभाष चन्द्र भगत, बी एम धुर्वे, गंगा सिंह, सेवक लाल मरावी, रूपेन्द्र पैकरा, धर्मेन्द्र सिंह ध्रुव, अश्विनी बियार, सरजू सरोटिया, शंभू शक्ति सेना जंगोरायतार मातृशक्ति संघ के सुमन नेताम, कष्णा राजेश, रमा राज माधुरी ध्रुव, विमला कंवर, प्रोफेसर रमोला कोराम, मोना ध्रुव, विनीता पोर्ते, सम्मत श्रोते ने सहयोग किया।

# पोड़ी-उपरोड़ा के किसानों ने 450 एकड़ में की जैविक खेती



**कोरबा**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा में इस वर्ष 450 एकड़ में जैविक खेती किया जा रहा है। कृषि विभाग के द्वारा जैविक खेती मिशन योजना संचालित हैं जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष विकासखंड-पोड़ीउपरोड़ा के ग्रामों का चयन कर क्लस्टर तैयार किया जाता है। चयनित क्लस्टर को विभाग द्वारा खेती के लिए नि:शुल्क सुगंधित धान, वर्मीकम्पोस्ट एवं अन्य जैविक आदान सामग्री प्रदाय किया जाता है। कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिन क्लस्टर ग्रामों में जैविक खेती करवाई जाती है वहीं किसानों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण के साथ साथ जिले में भी प्रतिमाह दो से तीन बार जैवित खेती के विभिन्न कृषि तकनिकों का प्रशिक्षण कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा दिया जाता है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में इस वर्ष ग्राम ग्राम लाद, पोड़ीखुर्द, घुंचापुर, जजगी, बनिया, चोटिया, परला, लमना में जैविक खेती 450 एकड़ में की जा रही है। चयनित किसानों को विभाग के द्वारा सी. जी. देवभोग सुगंधित धान की किस्म एवं 960 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का वितरण किया गया है। किसानों के द्वारा किसी भी प्रकार के रासायनिक उत्पादों का उपयोग जैविक खेती में नहीं किया जाता है। जैविक खेती के उत्पादन साथ-साथ विपणन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। विभाग के द्वारा प्रदाय किए गए जैविक आदान सामग्री का ही उपायोग किया जाता है। उपसंचालक कृषि श्री अनंत ने बताया कि जैविक खेती मिशन अंतर्गत योजना के प्रचार प्रसार हेतु माह जुलाई में जिला स्तरीय जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया था ।

## माइक्रो फॉरेस्ट बनाने 50 पौधे रोपे गए




**कोरबा-कोरबी-चोटिया**, 10 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के दूरस्थ वनांचल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जलके (तेंदूतिकरा में) राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र एवं संगठन के कर्मियों के साथ विश्व आदिवासी दिवस पर पर्यावरण बचाने के लिए माइक्रो फारेस्ट (छोटा जंगल) बनाने का सपना पूरा करने 50 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें 7 गांव से तकरीबन 80 महिलाओ पुरुष सम्मिलित रहे। कासा संस्था के सहयोग से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्ष सिलाई प्रशिक्षण लेने वालों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। बाल विवाह रोकने के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में सरपंच मंगल सिंह, कासा संस्था राज्य समन्वयक रजतकुमार, कार्यक्रम सहायक डोला गोबिंदा, मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम उपस्थित रहे।

# रेलवे साइडिंग में मीना बाजार! एसडीएम ने किया निरीक्षण

**रायगढ़** 10 अगस्त (देशबन्धु)। सावित्री नगर क्षेत्र में बीते एक माह से अवैध रूप से लगाए जा रहे मीना बाजार का विवाद सुलझने की बजाय अब और उलझने लगा है।

बीते दो दिन पूर्व, निगम आयुक्त द्वारा अभिमत देने से मना करने के बाद मीना बाजार को लेकर असमंजस और गहरा गया था इसी कड़ी में उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार गत रविवार को दोपहर एसडीएम गगन शर्मा द्वारा अपनी पूरे अमले के साथ मीना बाजार स्थल का मौका मुआयना किया गया था ताकि आपत्तिकर्ताओं द्वारा की जा रही तमाम आपत्ति का निराकरण किया जा सकें , लेकिन मौका मुआयना के दौरान भी मीना बाजार स्थल से लगे रेलवे साइडिंग से लगातार भारी वाहनों की आवाजाही हो रही थी जिसके बाद एसडीएम गगन शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को रेलवे साइडिंग में लगने वाले रैकों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया था जिसमें कल हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के मुख्य आपत्तिकर्ता वार्ड पार्षद रिमझिम प्रसाद के द्वारा रेल्वे गुड्स सर्विस, एसईसीआर रायगढ़ कार्यालय से संकलित बीते माह जुलाई में लगे कुल रैकों की संख्या की प्रमाणिक जानकारी एफिडेविट के रूप में एसडीएम कार्यालय रायगढ़ में जमा कर दिया गया है जिसके मुताबिक पिछले जुलाई माह में कुल 12 रैक आए हैं जिनके परिवहन में लगभग 1000 से 1200 ट्रकों का इस्तेमाल हुआ है लगभग हर दूसरे दिन मीना बाजार स्थल से लगे रेलवे साइडिंग में रैक आए और उनके परिवहन हेतु क्षेत्र से प्रतिदिन करीबन 100 से 120 ट्रकों की आवाजाही रैक के दिन होते रही है ऐसे में प्रथम दृष्टया ही प्रतीत होता है कि रेलवे साइडिंग से लगे मीना बाजार स्थल में भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान हादसा होने की संभावना हमेशा बनी रहेगी। बहरहाल उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद अब मीना बाजार को लेकर निर्णय रायगढ़ एसडीएम की रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। इस मामले में आपत्तिकर्ता गण पहले ही कह चुके हैं कि वे जनहित की इस लड़ाई में न्याय नहीं मिलने की स्थिति में माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक लड़ने को प्रतिबद्ध हैं।




## सार-संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली रिटर्निंग ऑफिसर व थाना प्रभारियों की बैठक

**अम्बिकापुर** 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, उप जिला निर्वाचन श्री टीसी अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री कुंदन ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए व्यवस्थित तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों एवं नियमों की भलीभांति जानकारी रखें और उनका पालन सुनिश्चित करें। बैठक में वल्नेरेबिलिटी मैपिंग निश्चित करने के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा सभी तहसीलदार आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने थाना प्रभारियों से लॉ एंड ऑर्डर के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कार्मिक और वल्नेरेबिलिटी मानचित्रण की प्रक्रिया, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग हेतु जानकारी को सूचीबद्ध करना, वीएम का कार्य शुरू करने से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी तथा आरओ के साथ समन्वय कर प्रत्येक विधानसभा के बारे में उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी, सेक्टर अधिकारी द्वारा वल्नेरेबिलिटी की जांच एवं निर्धारित करने के लिए प्रोफार्मा, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा वल्नेरेबिलिटी का सारांश और वल्नेरेबिलिटी उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूची, वल्नेरेबिलिटी की पहचान पर रिपोर्ट व जिला स्तर पर की गई कार्रवाई, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के लिए मापदंड, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के लिए निवारक कानून, सुरक्षा बल तैनाती योजना, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर पालन किये जाने वाले उपाय के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### वाहन अधिनियम का उल्लंघन, प्राचार्य ने अभिभावकों से मांगा स्पष्टीकरण

**बलरामपुर** 10 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के नवमी एवं दसवीं कक्षा के चार विद्यार्थियों द्वारा स्कूटी में अनावश्यक घूमने का वीडियो वायरल हुआ है। वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने की इस घटना पर संज्ञान लेते हुए विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्कूल के चारों विद्यार्थियों के अभिभावकों को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्कूल के प्राचार्य श्री चन्द्रशेखर गुप्ता ने बताया कि अभिभावकों के स्पष्टीकरण न मिलने तक इन चारों विद्यार्थियों जिनमें कक्षा दसवीं के तीन और कक्षा नवमी के एक विद्यार्थी शामिल है, इन सभी को कक्षा से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व में ही विद्यार्थियों को वाहन अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई थी।

### स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

**बलरामपुर** 10 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2023 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन जिला मुख्यालय बलरामपुर में प्रातः 07 बजे से किया जाएगा। यह दौड़ कलेक्टर निवास (पुरान बस स्टैण्ड) से प्रारंभ होकर स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलरामपुर के खेल मैदान तक सम्पन्न किया जाएगा। आयोजित दौड़ में जिला मुख्यालय बलरामपुर स्थित समस्त शासकीय/अशासकीय/माध्यमिक शाला, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं आम नागरिकों की भागीदारी होगी।

### सीएम की घोषणा के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**मनेंद्रगढ़** 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में की गई घोषणाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए गोधन न्याय योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने जन चौपाल, जन शिकायत, जनदर्शन, पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने गौठान में गोबर खरीदी की समीक्षा करते हुए सभी गौठानों में अधिक से अधिक गोबर खरीदी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और रोका-छेका अभियान की समीक्षा ली तथा विभिन्न समाज के भवनों के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुग्गा ने तहसीलदारों को ग्रामीण किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि गिरदावरी, सीमांकन, नामांतरण, नकल व ई-पंजीयन जैसे कार्य को तत्काल कराएं। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ फसल बुआई कार्य के पूर्व खुले में चराई कर रहे पशुओं को रोका-छेका अभियान चलाकर मुनादी के जरिए पशुपालकों को जागरूक किया जाये। बैठक में डीएफओ श्री एलएन पटेल, आयुक्त नगर निगम चिरमिरी सुश्री लवीना पाण्डे, जिला पंचायत नोडल अधिकारी श्री पीके हरित, एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा, एसडीएम खड़गवां श्री विजेंद्र सारथी तथा अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने विश्व आदिवासी दिवस पर सेमीनार, रैली एवं शिविरों का किया आयोजन

**अम्बिकापुर** 10 अगस्त (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम कुमार तिवारी के निर्देश एवं सचिव अमित जिन्दल के मार्गदर्शन में में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सेमीनार, रैली तथा विभिन्न स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। न्याय सदन अम्बिकापुर में आयोजित सेमीनार में श्री अमित जिन्दल ने उपस्थित जनों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा- 3 की जानकारी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

विधिक जागरूकता हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के संबंध में जानकारी देने हेतु अम्बिकापुर के राजमोहनी भवन, गोधनपुर, घुटरापारा, गांधी चौक, गंगापुर, विष्णुपुर तथा अन्य स्थानों पर विधिक शिविर का आयोजन किया गया।

# किसानों को अमानक वर्मी कम्पोस्ट, भाजपा ने किया प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट घेराव के दौरान कार्यकर्ता व पुलिस के बीच झूमाझटकी

### सरकार पर किसानों को धोखा देने का लगाया आरोप

**सूरजपुर** 10 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश सरकार के माध्यम से किसानों को अमानक वर्मीकम्पोस्ट खाद दबावपूर्वक वितरित करने का आरोप लगाते जमकर प्रदर्शन किया और इस दौरान कलेक्ट्रेट घेराव की कोशिश की गई जिसमें पुलिस की तगड़ी बैरिकेडिंग को तोड़ नहीं पाए हालांकि कुछ लोग कलेक्ट्रेट तक पहुंच गए और अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद को फेंककर विरोध जताया इस दौरान जोरदार नारेबाजी की गई पुलिस से झूमाझटकी भी हुई ।






यहाँ रंगमंच मैदान मे बड़ी संख्या मे जिले भर से आए भाजपा कार्यकर्ता व किसानों ने भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर हुंकार भरी तथा रंगमंच मैदान से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे जहां पुलिस की तगड़ी बेरीकेटिंग को तोड़ने के दौरान पुलिस से झूमाझटकी हुई । रंगमंच में किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि प्रदेश मे जब से कांग्रेस सरकार आई है किसानो को ठगा जा रहा है। सरकार द्वारा जहां एक ओर किसानों का धान का रकबा कम कर दिया गया तो दूसरी ओर समितियों के माध्यम से घटिया वर्मीकंपोस्ट खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। सरकार शहरों में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर गोबर खरीदने की झूठी वाहवाही लूट रहे है जबकि गौठान में स्थिति बिल्कुल विपरीत है। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि किसानो के साथ राज्य सरकार धोखा कर रही है। उन्होंने जिले के विधायकों पर तंज कसते हुए कहा कि इनका जनता के मुद्दे से कोई सरोकार नहीं है इनका मौन भ्रष्टाचार मे इनके समर्थन को दिखाता है। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार गोठानो के माध्यम से बड़ा घोटाला कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि भूपेश सरकार किसानों का शोषण कर रही है ।

किसानों को मिट्टी व पत्थर मिलाकर घटिया वर्मीकम्पोस्ट दबावपूर्वक दिया जा रहा है।अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नवीन मारकंडे ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मे लिप्त है इस सरकार के विदाई का समय आ गया है। सभा को पूर्व विधायक रजनीरविशंकर त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टिकाराम पटेल,पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल ,रामकृपाल साहू,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकरण साहू,जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, सुनील साहू ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल ,सत्यनारायण सिंह, बनारसी जायसवाल ,मुरली सोनी , भूलन सिंह ,रितेश गुप्ता, शशि तिवारी,पुष्पा सिंह, गिरीश गुप्ता,शशिकांत गर्ग,सत्यनारायण जायसवाल, लाल संतोष सिंह मंचासीन रहे.कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री सुनील गुप्ता व कपिल पाण्डेय ने किया। इस दौरान अजय अग्रवाल, मार्तण्ड साहू,राजेश तिवारी, सुरेंद्र राजवाड़े, अनूप सिन्हा,थलेश्वर साहू, संदीप अग्रवाल, दुर्गा शंकर जायसवाल, राजेश्वर तिवारी, भगवान मिश्रा,अजय श्याम ,सुमन सिंह, प्रकाश दुबे, अशोक सिंह,दीपेंद्र चौहान,कौशल सिंह, लक्ष्मी राजवाड़े, शांति सिंह, लाल चंद, ,विजय राजवाड़े,शंकर जिंदिया,रामबिलास साहू,शिव कुमार पाण्डेय, रामशिरोमणि साहू, मार्तंड साहू,रामेश्वर वैश्य, राजेश तिवारी,शिव प्रसाद राजवाड़े,संत सिंह, थऊला राम,,सूरज सेठी,मोहन शर्मा,जमुना पांडेय,नूतन विश्वाश, शशि किरण खेस, देवधन बिंझीया,दुर्गा गुप्ता,अक्षय तिवारी,मुन्ना सिंह, अमीर चंद,सुरेश सिंह, डा. चतुर्वेदी, देव गुप्ता,छोटू साहू ,दौलत सिंह,संस्कार अग्रवाल मौजूद रहे।

*किसानों के पोषाक मे दिखे आंदोलनकारी किसान आंदोलन में शामिल होने रंगमंच मैदान से रैली के रूप में निकले। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष भूलन सिंह,रामेश्वर सिंह, जगदीश मार्को,किसुन सिंह, मान साय ,सुखराम, सरजू सिंह, सुखल सिंह किसानों की पोषाक मे दिखे।

# 700 से अधिक औद्योगिक कर्मियों ने लिया मतदान का संकल्प

**रायगढ़,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में औद्योगिक क्षेत्र के जेएसपीएल परिसर पतरापाली रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां 700 से अधिक औद्योगिक कर्मियों ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प जाएंगे। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त श्री विकास सरोदे, नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग श्री शिवकुमार राठौर, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा श्री मनीष श्रीवास्तव एवं स्वीप टीम उपस्थित रही।

आगामी निर्वाचन के मद्देनजर उद्योग कर्मियों की मतदान में सहभागिता बढ़ाने, उन्हें जागरूक करने एवं मतदान से जुड़ी जरूरी जानकारी प्रदान करने हेतु औद्योगिक इकाइयों में इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया जा रहा है। जो उस



पत्र भरा और मतदान की शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिन्हा द्वारा गत निर्वाचन में हुई वोटिंग की समीक्षा की गई थी। जिसमें पाया गया कि औद्योगिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुए थे। जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने इन क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने स्वीप कार्यक्रम की कार्ययोजना बना कर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत आज जेएसपीएल में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में आने वाले दिनों में अन्य इकाइयों में कार्यक्रम आयोजित किए इकाई के वरिष्ठ अधिकारी होंगे। आज जेएसपीएल में हुए कार्यक्रम में जनरल मैनेजर एचआर श्री सुधीर राय को इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया गया।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जेएसपीएल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन की टीम एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा उद्योग कर्मियों को मतदान से जुड़ी सभी जानकारियां दी गई। साथ ही ईवीएम मशीन एवं वीवीपीएटी मशीन के माध्यम से वोट किस तरह डालते हैं इसका प्रदर्शन करके बताया गया। उपस्थित कर्मियों ने भी उक्त मशीन के माध्यम से वोटिंग के तरीके को अपनाया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

**रायगढ़।** महापौर जानकी काटजू ने आज कैलाश नाथ काटजू प्राथमिक शाला में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद श्रीमती ईश कृपा तिर्की भी उपस्थित रही। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि कृमि संक्रमण चक्र को रोकथाम के लिए यह दवाई सभी बच्चों को देना आवश्यक है। कृमि नियंत्रण की दवाई कृमि संक्रमण की रोकथाम करती है। कृमि मुक्ति दिवस के दिन बच्चों को दवा सेवन अवश्य कराया जाना चाहिए जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, बौद्धिक विकास, एनीमिया के स्तर आदि में सुधार हो सके।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से दो की मौत, तीसरा गंभीर

**रायगढ़** 10 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन और मोटर सायकल की भिड़त की घटना में बाईक सवार तीन युवकों में से दो की मौत हो गई वहीं तीसरे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दियागढ़ में रहने वाले रामदास सिदार 30 साल, उसत राम सिदार 35 साल तथा सुखदेव सिदार 48 साल मंगलवार की दोपहर प्लेटिना से राखड खरीदने झगरपुर गए थे। जहां राखड की बोरी को बाईक से दियागढ़ में छोड़कर शाम 4 बजे झगरपुर पहुंचे। इसके बाद तीनों खड़ी पहाड में आयोजित रथ मेला देखने के लिये मोटर सायकल से रवाना हुए। इसी बीच देर शाम साढ़े 7 बजे झगरपुर से खडी पहाड के बीच रास्ते में अज्ञात वाहन की ठोकर से तीनों सड़क में किनारे गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। जिसके बाद राहगिरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर जहां मौके पर ही रामदास मौत हो चुकी थी जिसके बाद पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसत राम की भी मौत हो गई। जबकि तीसरे युवक सुखदेव की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बहरहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला



### मोहन मरकाम 12 को आएंगे



**मनेंद्रगढ़** 10 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम 12 अगस्त को प्रातः 11 बजे से कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय विभागीय कार्यों एवं डीएमएफ द्वारा स्वीकृत कार्यों की समीक्षा एवं जीवन दीप समिति की समीक्षा बैठक लेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 3 बजे कार द्वारा जाँजगीर ज़िला जाँजगीर-चाँपा के लिये प्रस्थान करेंगे।

### वार्ड नंबर 6 में अतिक्रमण, पार्षद ने की शिकायत

रायगढ़ 10 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 6 में सोमवार को एक दंपति ने स्थानीय पार्षद पर जबरन बेजा कब्जा का आरोप लगाते हुए, जमीन पर बने अहाते को तोड़ दिया था। इसके बाद कलेक्टर से यह शिकायत की गई थी कि स्थानीय पार्षद इस जमीन पर बेजा कब्जा कर रहे हैं। इस वार्ड के पार्षद कांग्रेस के संजय देवांगन हैं जिन्होंने हाल ही में निगम के एमआईसी से इस्तीफा दिया है। इस मामले में कल तब नया मोड़ आ गया जब अहाता तोड़े जाने की शिकायत पार्षद संजय देवांगन ने पुलिस में कर दी और उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में कोर्ट ने स्टे दिया हुआ है जिससे इस जमीन पर कोई काम यानि निर्माण या तोड़फोड़ नहीं हो सकता है। न्यायालय तहसीलदार ने यहां यथास्थित लागू रखने का आदेश दिया गया है।

# फसलों से बनाई खेत में हाथी की विशालकाय आकृति

### चित्र के माध्यम से मानव हाथी द्वंद रोकने दिया संदेश

**रायगढ़** 10 अगस्त (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में आए दिन हाथियों के दल किसानों की फसलों को रौंद कर तबाह कर देते हैं। वहीं दूसरी ओर अच्छी फसल की कामना को लेकर ओंगना के किसानों ने अनोखे तरीके से अपने खेत में विशालकाय हाथी के आकार का फसल के रूप में चित्र उकेर दिया है, जो हाथियों का अभिनंदन कर रहे हैं।



धरमजयगढ़ वन मंडल के किसान भी अब नित नए तरीकों से हाथियों से छुटकारा पाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ के ग्राम ओंगना के किसानों ने अपने खेत में विशालकाय हाथी का चित्र बनाते हुए धान की फसल उगा दी है।यही नहीं इसे लेकर विभागीय कर्मचारियों ने हाथी मानव द्वंद को समाप्त करने के संदेश के लिए बकायदा ड्रोन से विशालकाय हाथी चित्रित खेत का अवलोकन किया है।साथ ही गांव-गांव में इसका प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है, ताकि ग्राम वासियों में हाथी को लेकर किसी तरह मन में द्वेष न रखे और इलेक्ट्रिक फेंसिंग जैसे तरीकों का इस्तेमाल न हो। इलेक्ट्रिक फेंसिंग नहीं होने से हाथियों की मौत नहीं होगी और हाथी मानव द्वंद्व भी संभवतः थम जाएगा।

90 फीसदी मौत इलेक्ट्रिक फेंसिंग से गौरतलब है कि जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल ही एक ऐसा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। जहां हाथियों की अधिकांश मौतें इलेक्ट्रिक फेंसिंग से हुई। जिसमें 10 फीसदी हाथियों की मौत नेचुरल तरीके से होती है। इस लिहाज से देखे तो ओंगना के जिन किसानों ने यह अनोखा तरीका इजाद किया है. वह तारीफे काबिल है. डीएफओ धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि ओंगना के किसानों के एक दल ने हाथी मानव द्वंद्व को समाप्त करने के लिए अनोखी पहल की है. जो मानव-हाथी सह अस्तित्व को बचाने के लिए अपने खेत में धान की रोपाई इस तरह कि जिसमें हाथी का चित्र बना हुआ है.

## सार-संक्षेप

### शहीद दिनेश पटेल की जयंती पर नगर पालिका ने किया वृक्षारोपण



**खरसिया** 10 अगस्त (देशबन्धु)। जननायक शहीद नंद कुमार पटेल के बड़े सुपुत्र एवं कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल के बड़े भाई शहीद दिनेश पटेल की जयंती नगर पालिका खरसिया द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगरपालिका ने उन्हें याद करते हुए विगत 4 वर्षों से सघन वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते आ रही है। इसी तारतम्य में आज मंडी प्रांगण खरसिया में सघन वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण की देखभाल नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन की जाती है। मंडी प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ने कहा कि शहीद दिनेश पटेल की जयंती है। प्रतिवर्ष वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। देखभाल करना बहुत आवश्यक है। मंडी में कार्यरत सभी कर्मचारियों से आग्रह किया गया है कि पौधों की पूर्ण देखभाल करें। खाद पानी आवश्यकता अनुसार देते रहे ताकि अपना पूर्ण आकार ले सके। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष भोग सिंह राठिया, पार्षद रेशम गबेल, परदेसी यादव, एल्डरमैन हरिशंकर दर्शन, जमील कुरैशी, राजू सारथी, गणेश फोटवानी, पूर्व उपाध्यक्ष रामकिशन आदित्य, पार्षद प्रतिनिधिगण रितेश श्रीवास्तव, परीक्षित राठौर, लाला राठौर, रमेश अग्रवाल, सन्यासी मेहर, कांग्रेसी नेता धर्मेंद्र चौहान, डालीस पांडे, विक्की सहगल, राहुल महंत, धीरज राठौर, मनोज महंत, भारत राठौर, दादू बघेल, योगेंद्र गबेल, साजेश मनघोघर, एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं सहित कृषि उपज मंडी के सदस्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### बच्चों को खिलाई गई कृमि रोधी दवा



**सारंगढ** 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ. आर. निराला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ सारंगढ़ नगर के शासकीय कन्या शाला में नगर पालिका अध्यक्षा माननीया सोनी अजय बंजारे के द्वारा की गई।सोनी अजय बंजारे ने शासकीय कन्या शाला सारंगढ़ के बालिकाओं को अपने हाथों से कृमि रोधी टेबलेट अल्बेंडाजोल का सेवन कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने बताया कि जिले में 1 से 19 वर्ष के 259113 बच्चों को इस अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से आज 194097 (विकासखंड बरमकेला से 43487, बिलाईगढ़ से 80736 एवं सारंगढ़ से 69874) बच्चो को गोली खिला कर 75त्न उपलब्धि हासिल की गई है। जो बच्चे आज गोली खाने से छूटे गए उन्हें मॉप अप राउंड के तहत इस माह के 17 तारीख को खिलाई जाएगी। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निराला, डीपीएम श्री नन्दलाल इज़ारदार , प्रिंसिपल बैरागी सर,हेडमास्टर पटेल सर सहित स्कूल के सभी स्टॉफ उपस्थित रहे।

### 5 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, कारण बताओ नोटिस

**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। उप संचालक कृषि एवं उर्वरक निरीक्षक विकासखण्ड पामगढ़ के द्वारा विकासखण्ड में पामगढ़ में संचालित अनुज्ञप्ति धारी विक्रेताओं के 5 प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। मेसर्स के यहाँ अनियमितता पाये जाने पर 02 प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसमें विकासखण्ड पामगढ़ के मेसर्स किसान खाद भण्डार के द्वारा अनुज्ञप्ति में स्त्रोत्र प्रमाण पत्र इंद्राज के बिना दवाईयों का भण्डारण, अनुज्ञप्ति यथोचित स्थान पर चस्पा नही पाया गया, स्कंध पंजी संधारण नही, मूल्य सूची चस्पा नही, प्रदायक संस्था से बिना जी.एस.टी. बिल के सामाग्रीयों का भण्डारण पाया गया। साथ ही मेसर्स मोक्ष कृषि केन्द्र भैंसों एवं किसान मितान कृषि केन्द्र पामगढ़ के द्वारा भी अनुज्ञप्ति में स्त्रोत्र प्रमाण पत्र इंद्राज नही किये जाने पर कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 की धारा 13 के प्रावधानों के तरह संबंधित संस्थाओं को कारण बाताओं नोटिस जारी किया गया।

### कलेक्टर ने फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाई

**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कार्यालय परिसर में आज 'पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना' रथ को रवाना किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा खरीफ 2023 एवं रबी 2023-24 में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में संचालित की जा रही है। इसके तहत खरीफ फसल के अंतर्गत राजस्व मण्डल निरीक्षक स्तर पर टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला पपीता एवं अमरूद तथा रबी फसल के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू को अधिसूचित किया गया है।

### कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। आज नगर शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के पश्चात् मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप शुक्ला द्वारा छात्राओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया एवं डॉ जेके सूर्यवंशी ने 18 वर्ष से ऊपर के उम्र की छात्राओं को वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया। अंत में महाविद्यालय की छात्राओं एवं समस्त सदस्यों को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के स्वीप, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर अधिकारी डाक्टर जे के सूर्यवंशी, जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी डॉ ईश्वरी सूर्यवंशी एवं बीएलओ संजय यादव भी उपस्थित रहे।

# बोलेरो की टक्कर से छात्र की मौत, मां घायल

**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। दशगात्र में शामिल होने जाने रहे मां बेटे की बाइक को बोलेरो चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में किशोर की मौत हो गई। वहीं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बलौदा थाना मधाईपुर के पास की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग 10.30 बजे खोखसा निवासी आशीष साहू (17) अपनी मां भगवती बाई के साथ दशगात्र में शामिल होने बाईक क्रमांक सीजी 11 सीएच 8507 से ग्राम खिसोरा जा रहा था। वे लोग ग्राम मधाईपुर के पास




पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो क्रंमाक सीजी 12 डी 0862 ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे छात्र आशीष साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वही उसकी मां भगवती बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी द्वारा मौके पर टीम रवाना की गई। घायल भगवती बाई को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### जिज्ञासा स्कूल का छात्र था आशीष

आशीष साहू जिला मुख्यालय जांजगीर के जिज्ञासा उमा विद्यालय के कक्षा 12 वीं का छात्र था। विद्यालय के प्राचार्य आलोक शुक्ला ने बताया कि 15 अगस्त को लेकर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। बुधवार को भी सभी छात्रों को अभ्यास के लिए बुलाया गया था। सुबह जब आशीष स्कूल नहीं आया तो उसके दोस्तों से पूछताछ की गई। तब पता चला कि वह कोई गांव गया है। लेकिन बाद में उसके निधन की दु:खद खबर मिली। छात्र के निधन पर प्राचार्य और विद्यालय स्टाफ ने शोक व्यक्त किया है। छात्र आशीष दो भाईयों में बड़ा था।

# डॉ महंत ने भरोसे के सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा





### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी 13 अगस्त को पुलिस लाइन खोखरा रोड जांजगीर में होने वाले छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित छत्तीसगढ़ के सभी मंत्री सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी तैयारी के संबंध में आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के तैयारी बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों के साथ साथ आमजनो की सहभागिता सुनिश्चित हो इस पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे के सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का आगमन हो रहा है जो हमारे जांजगीर-चांपा जिले के लिए सौभाग्य की बात है इसलिए हमें कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना है इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। सभा स्थल मे पेयजल, भोजन एवम बैठक व्यवस्था से लेकर कार्यकर्ता एवं आमजनों के अलावा पूरे बिलासपुर संभाग से आए हुए लोगों के लिए समुचित प्रबंध करें। प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा कि शासन प्रशासन के अलावा संगठन के लोगों की भी जवाबदारी है कि वह लोगों को कार्यक्रम के लिए निजी तौर पर आमंत्रित करें और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ,चैन सिंह सामले, पंचायत संगठन के प्रदेश समन्वयक दिनेश शर्मा ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी बात रखी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा की कार्यक्रम हमारे जिले में हो रहा है इसलिए इस जिले के सभी कांग्रेस जनों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अनुशासित तरीके से कार्य करते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराएं। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने किया।

**कार्यक्रम स्थल जाकर तैयारी का लिया जायजा:** जिला कांग्रेस के बैठक के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम स्थल जाकर तैयारी का जायजा लिया और कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित कार्यक्रम में लगे हुए अधिकारियों के साथ पुलिस ग्राउंड में स्थित मीटिंग हॉल में बैठक की जहां उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, मंचीय व्यवस्था, के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी चौलेश्वर चंद्राकर ,मंजू सिंह, रवि पांडे, गुलजार सिंह ,रमेश पैगवार ,रवि भारद्वाज, शेष राज हरबंस, रश्मि गभेल, यानीता यशवंत चंद्रा, गोरेलाल बर्मन, प्रवीण पांडे, देवेश सिंह मदन लाल अग्रवाल जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण रफीक सिद्दीकी, विवेक सिसोदिया, आभास बोस,शिशिर द्विवेदी, रामलाल यादव, चूड़ामणि राठौर,गीता देवांगन, राजेश अग्रवाल, नरेश गेवाडिन, श्याम सुंदर अग्रवाल, रामविलास राठौर, परमेश्वर निर्मल, शकुंतला खरे,किशन सोनी,शाश्वत दीवान, नीता थवाईत,दीपक गुप्ता, गुलशन सोनी, नरेंद्र शर्मा, दुर्गा कुर्रे,हरीश पांडे, नपा अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जय थवाईत, संजय अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष शर्मा, चिंताराम राठौर, तिलोकचंद जयसवाल, रविंद्र शर्मा, शत्रुघ्न दास महंत, सुनील साधवानी, नवल सिंह, कुशल कश्यप, महेश्वर टंडन, दिवाकर राणा, हृदय प्रकाश मनोज तिवारी,एवं कांग्रेस के अन्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवम सक्ति एवं जांजगीर चांपा जिले के कांग्रेस जन उपस्थित

# कलेक्टर ने दवा खाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ



**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज डीईसी एवं एलबेंडाजोल की दवा खाकर सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने जिले के समस्त हितग्राहियों को दवा सेवन के दौरान डीईसी एवं एलबेंडाजोल की दवा का सेवन हेतु अपील की है। इसके साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया द्वारा शासकीय जाज्वल्य देव कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को डीईसी एवं एलबेंडाजोल की दवा खिलाकर शुभारंभ किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस व्ही. सिसोदिया द्वारा बताया गया कि 10 से 12 अगस्त तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय दिवस में स्कूल, आंगनबाडी, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, महाविद्यालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामूहिक दवा सेवन कराया जायेगा तथा शेष दिवसों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन द्वारा घर-घर जाकर एवं स्वास्थ्य केंद्रों में दवा सेवन कराया जायेगा।

मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हाथीपांव (फाइलेरिया) रोग क्युलेक्स मच्छरों के काटने से होता है। जब ये मच्छर हाथीपांव के रोगी को काटते है। तो इस बीमरी के रोगाणु मच्छर के पेट में जाकर पनपते है। यही मच्छर जब कुछ दिनों के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटते हैं तो ये रोगाणु स्वस्थ व्यक्ति के लसिका ग्रंथि में पहुंच जाते है और इस प्रकार हाथीपांव की बीमारी हो सकती है। यह बीमारी किसी को भी हो सकती है, इसके लक्षण मच्छर के काटने के कई महीने के बाद प्रकट होते है, इसमें ज्वर आता है तथा पांव या अंडकोष में सूजन आ जाती है क्योंकि इस बीमारी से काफी तकलीफ होती है, इसलिये इस बीमारी की रोकथाम हेतु सामूहिक दवा सेवन के दौरान दवा ली जानी आवश्यक है।

# बैरिकेड्स से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**डभरा** 10 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रपुर थाना क्षेत्र के महानदी पुल की घटना है जहां सड़क पर लगे बेरिकेटस से टकराने से एक युवक की जान चली गई घटना 9 अगस्त के रात्रि महानदी पुल की बताई जा रही है हम आपको बता दें कि महानदी पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त हो जाने से नेशनल हाईवे द्वारा सड़क पर दो बैरिकेट्स लगा कर रखे गए थे जिस पर रेडियम का अभाव था रात के अंधेरे में बाइक सवार ओमप्रकाश सिदार, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी हिच्छा, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़. वाहन क्रमांक ष्टत्र 13 ॥ 8742 पर सवार था जो सड़क पर लगे बेरीकेड से टकराकर मौके पर ही मौत हो गया। वहीं मृतक चंद्रपुर आ रहा था जैसे ही रात के 7 बजे के करीब महानदी पुल के पास पहुंचे तो अंधेरे में सड़क पर लगाई गई बेरिकेट को नहीं देख पाया उसमे टकराने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई चंद्रपुर पुलिस शव को पंचनामा कर मृतक के शव को



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा लाया गया। जहां 10 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा के चिकित्सक द्वारा पीएम किया गया पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया नेशनल हाईवे के सड़क पर लगाए गए बेरिकेट पर एक युवक की जान चली गई जबकि अधिकारियों की लापरवाही के कारण बेरिकेटस में रेडियम नहीं लगाया गया था जिस कारण ऐसे कई हादसे हो रहे हैं , रात अंधेरे में दिखाई नहीं दे रहा है एक परिवार का चिराग ही उठ गया। अगर समय रहते हुए विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया तो और इसी तरह के घटनाएं घट सकती है।

# स्व.धर्मदत्त पाण्डेय को पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजली

- नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

### दिव्यांगो को ट्राई सायकिल का वितरण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**जांजगीर,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक न्याय पंचायत नैला के पूर्व उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सिवनी (नैला) के प्रथम निर्वाचित सरपंच स्व. पंडित धर्मदत्त पाण्डेय की 60 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर, दिव्यांगो को ट्राई सायकिल का वितरण एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान के साथ ही श्रद्धांजली सभा का आयोजन स्व. धर्मदत्त पाण्डेय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिवनी (नैला) मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य कृषक कल्याण परिषद छग के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि स्व. धर्मदत्त पाण्डेय न्यायप्रिय थे, और न्याय के लिए वे कभी गरीब-अमीर, जात-पात मे भेदभाव नही किए। उन्होने आगे कहा कि ग्राम सिवनी का किसी भी प्रकार का विवाद ग्राम मे ही निपटता था और परंपरानुसार आज भी ज्यादातर मामले ग्राम स्तर पर ही निपट जाते है। ये इस सिवनी गांव को स्व. धर्मदत्त पाण्डेय के संस्कारों की देन है। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज



प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र की जनता का लगातार मिल रहा प्यार और सम्मान ही पाण्डेय परिवार का संबल और धरोहर है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य शकाम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने कहा कि पूर्वजों के किए हुए कार्यो को याद रखना हमारी संस्कृति है और समाज मे वही याद किया जाता है जिसने समाज के हित मे अपना तन,मन,धन न्यौछावर किया हो। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग. के महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि स्व. धर्मदत्त पाण्डेय की लोकप्रियता को इसी बात से समझी जा सकती है कि उन्होंने कुल 55 साल का जीवन जिया और आज 60 वर्षो से क्षेत्र के नागरिक लगातार उन्हे याद कर रहे है। उन्होने स्व. पाण्डेय के किये गये कार्यो को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा स्व. धर्मदत्त जी का जीवन संघर्ष भरा रहा और उन्होने हमेशा दीन दुखियो को सहारा दिया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल ने कहा कि आज का दिन स्व. धर्मदत्त पाण्डेय के बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने का है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष जय थवाईत ने कहा कि स्व. पाण्डेय वर्तमान के राजनीति मे कार्य करने वाले युवा पीढ़ी के लिए आदर्श व्यक्तित्व रहे है। विशिष्ट अतिथि सरपंच संघ नवागढ़ के अध्यक्ष लोचन साव ने स्व. धर्मदत्त पाण्डेय के कुछ अनछुए पहलूओं को श्रोताओं के सामने रखा। स्व. धर्मदत्त पाण्डेय के सुपौत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इंजीनियर रवि पाण्डेय ने स्वागत भाषण मे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्व. पाण्डेय को उन्होंने प्रत्यक्ष तो नही देखा परंतु परिवारजन एवं ग्राम जनों के द्वारा जानकारी मे स्व. पाण्डेय अनुशासन प्रिय, न्याय प्रिय होने के साथ-साथ सरल हृदय के महा मानव थे, साथ ही साथ साथ धार्मिक भाव के भी थे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण ग्राम के हृदय स्थल मे 1948 मे उनकी अध्यक्षता एवं ग्राम वासियों के सहयोग से भव्य राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण है। आश्चर्य की बात यह है कि ग्रामवासियों के द्वारा विगत 75 वर्षो से लगातार वहॉ प्रत्येक शाम को किर्तन भजन होता है। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री शिशिर द्विवेदी ने किया और आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच श्रीमती बाई महारथी चौहान ने किया।

# चोरी की 4 बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**खरसिया** 10 अगस्त (देशबन्धु)। मोटर सायकल चोरियों पर अंकुश लगाए जाने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ श्रीमती निमिषा पांडे के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा मुखबिरों का जाल बिछाकर रायगढ़, खरसिया,सक्ती थाना क्षेत्र में दुपहिया वाहनों की चोरियों में संलिप्त दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे 4 मोटरसाइकिलें बरामद की गई है।

जानकारी के मुताबिक 08 अगस्त को ग्राम देहजरी के दिगंबर चैहान (40 साल) द्वारा उसके मकान से बीती रात उसकी बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल सीजी 13 जेड 3516 चोरी की रिपोर्ट थाना खरसिया में दर्ज कराया गया था जिसकी पतासाजी के लिए खरसिया पुलिस द्वारा की जा रही थी। इसी बीच खरसिया पुलिस को मुखबिर से ग्राम अंजोरीपाली



खरसिया के शिवचरण महंत के पास ग्राम देहजरी से चोरी बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल के होने की सूचना मिली। मुखबीर की पुख्ता संदेह पर पुलिस ने संदेही शिवचरण को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसके पास से ग्राम देहजरी से चोरी मोटर सायकल के अलावा एक और चोरी की मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डीलक्स लाल काला रंग क्रमांक सीजी 13 सीके 3273 मिला। आरोपी शिवचरण ने उसके साथी खिलेश्वर उर्फ सोनू यादव निवासी अंजोरीपाली के साथ मिलकर खरसिया और सक्ती क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी को अंजाम देना बताया जिसके बाद खरसिया पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी कर आरोपी खिलेश्वर उर्फ सोनू यादव को हिरासत में लिया गया। दोनों के कब्जे से ग्राम देहजरी से चोरी हुई 01 मोटरसाइकिल बजाज प्लैटिना, 02 मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डीलक्स और 01 हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। दोनों आरोपी शिवचरण महंत पिता इतवार दास उम्र 27 वर्ष निवासी अंजोरीपाली , खिलेश्वर उर्फ सोनू यादव पिता रवि यादव उम्र 19 वर्ष निवासी अंजोरीपाली थाना खरसिया को चोरी के पंजीबद्ध अपराध तथा धारा 41(14) 379 की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जप्त मोटरसाइकिल के स्वामियों का पतासाजी किया जा रहा है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना खरसिया के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, प्रधान आरक्षक शिव वर्मा, विशोप सिंह, बृजमोहन नायक साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम, आरक्षक महेश पंडा, धनंजय कश्यप, प्रताप बेहरा और विकास प्रधान की विशेष भूमिका रही।

# देश विदेश

## इजरायली सेना की कार्रवाई में फिलिस्तीनी आतंकवादी की मौत

**रामल्ला।** उत्तरी पश्चिमी तट के शहर नब्लस के पास एक गांव में इजरायली सेना के हमले में एक फिलिस्तीनी उग्रवादी मारा गया। फिलिस्तीनी डॉक्टरों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी । फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक संवाददाता सम्मलेन में कहा कि 27 वर्षीय अमीर खलीफा को नब्लस के पश्चिम में ज़वाता शहर में झड़प के दौरान इजरायली सैनिकों ने मार डाला। मंत्रालय ने कहा कि खलीफा की मौत इजरायली सैनिकों द्वारा सिर में गोली लगने से हुई। इजरायली अधिकारियों ने इस घटना और खलीफा की हत्या पर कोई टिप्पणी नहीं की है ।

## उत्तर कोरियाई नेता ने सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए आदेश पर किए हस्ताक्षर



■ कोरियाई प्रायद्वीप और उसके आसपास की मौजूदा स्थितियों का विश्लेषण किया गया

**प्योंगयांग,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कोरियाई प्रायद्वीप पर सैन्य क्षमता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक लिखित आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य संचालित कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में बताया गया कि नेता ने उत्तर कोरिया की वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग की एक विस्तृत बैठक में कोरियाई प्रायद्वीप में व्याप्त गंभीर राजनीतिक और सैन्य स्थिति को देखते हुए युद्ध के लिए सेना को और अधिक मजबूत बनाने' के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निर्देशित किया है।

केसीएनए ने बताया कि बैठक में कोरियाई प्रायद्वीप और उसके आसपास की मौजूदा स्थितियों का विश्लेषण किया गया। जिसके बाद, दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूर्ण युद्ध की तैयारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान, नेता ने प्योंगयांग के खिलाफ बल प्रयोग के संभावित प्रयासों को रोकने के लिए और अधिक मजबूत सेना तैयार करने के लिए' आक्रामक तरीके से कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) की युद्ध तैयारियों को और आगे बढ़ाने' के लिए लिखित आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री किम ने यह भी आदेश दिया कि युद्ध सामग्री निर्माण संयंत्र 'विभिन्न हथियारों और उपकरणों के बड़े पैमाने पर उत्पादन को आगे बढ़ाएं' और हथियारों की उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जाए।

## राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली को किया भंग



**इस्लामाबाद,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर नेशनल असेंबली को उसके पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने से तीन दिन पहले भंग कर दिया है। डॉन समाचार पत्र की आज जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि बुधवार आधी रात से ठीक पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री की सलाह पर अनुच्छेद 58(1) के तहत नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। इसके अनुमोदन के बाद संघीय मंत्रिमंडल भी भंग हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुद्दूस बिज़ेंजो ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि जिसमें कहा गया है कि गवर्नर मलिक अब्दुल वली काकर ने उन्हें प्रांतीय विधानसभा को भंग करने के लिए सार भेजा है। श्री बिजेंजो ने बुधवार देर रात इस्लामाबाद से फोन पर डॉन समाचार पत्र को बताया, मैं बलूचिस्तान विधानसभा को भंग करने की सलाह भेजने की जल्दी में नहीं हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह 12 अगस्त (शनिवार) को एक सार पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस बीच सिंध विधानसभा का सत्र जारी है।

## बेलारूस की सीमा पर दो हजार सैनिकों को तैनात करेगा पोलैंड

**वारसॉ,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। पोलैंड सरकार बेलारूस के साथ देश की सीमा पर स्थिरता बनाए रखने के लिए दो हजार सैनिकों को तैनात करेगी। उप आंतरिक मंत्री मासीज वासिक ने स्थानीय मीडिया को यह जानकारी दी। बुधवार को पोलिश प्रेस एजेंसी (पीएपी) से बात करते हुए, वासिक ने कहा कि पोलैंड के सीमा रक्षक के कमांडर ने मूल रूप से अतिरिक्त 1,000 सैनिकों की मांग की थी, लेकिन रक्षा मंत्री मारियस ब्लास्ज़क और सुरक्षा समिति ने संख्या दोगुनी करने का फैसला किया। पीएपी के अनुसार, वर्तमान में लगभग 2,000 पोलिश सैनिक पोलैंड-बेलारूस सीमा पर तैनात हैं, जो सैकड़ों पुलिसकर्मियों और सीमा रक्षकों की मदद करते हैं। उप आंतरिक मंत्री के अनुसार, अतिरिक्त सैनिकों को दो सप्ताह के भीतर तैनात किया जाएगा। यह घटनाक्रम दोनों पड़ोसी देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच हुआ है। इस महीने की शुरुआत में, वारसॉ में अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि दो अगस्त को प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दो बेलारूसी हेलीकॉप्टरों ने पोलिश हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया था। यह घटना बियालोविज़ा के पूर्वी सीमा क्षेत्र में हुई, जो सुवालकी गैप के दक्षिण में स्थित है - पोलैंड और लिथुआनिया के बीच भूमि की एक पतली पट्टी, जो कलिनिनग्राद के रूसी एन्क्लेव को बेलारूस से जोड़ती है और यह बाल्टिक राज्यों और शेष यूरोपीय संघ के बीच एकमात्र भूमि संपर्क है। लेकिन बेलारूस ने इसका पुरजोर खंडन किया और आरोप को दूर की कौड़ी बताकर खारिज कर दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसी भी खबरें थीं कि वैगनर भाड़े के समूह के सैनिक बेलारूस से सुवाल्की गैप की ओर बढ़ रहे थे।



## सुडोकू 6283

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6283



**बायें से दायें:-**

१.हिमाकत,हानिकर या अनुचित साहस, धृष्टता
३. कानूनी, विधिसम्मत
५. अवहेलना, अपमान
६. खुशामद पसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज, जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया, श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यंत
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण,शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार (उर्दू)
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6282

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो | ष | वे | च | क | ■ | वि | लं | ब | न |
| प | ■ | त | ■ | म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ह | न | न | ■ | ला | ■ | त्र | पा | ही | न |
| र | ■ | मा | ■ | स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | अ | म | श | न | ■ | ■ | प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | वा | ■ | सु | ल | भा | ■ | वी |
| बे | न | का | ब | ■ | गं | ■ | त | म | स |
| न | ■ | लो | ■ | अ | ध | र | ■ | ल | ■ |
| जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | खै | रि | य | त |
| र | ■ | र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 11 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 9**

### राशिफल

मेष -दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे।

वृषभ -आप का आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

मिथुन -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

कर्क -आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

सिंह -आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

कन्या -नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

तुला -खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है।

वृश्चिक -सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको रह सकती है।

धनु -आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है। गृहस्थजीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं।

मकर -परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ -आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

मीन -आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## हवाई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग

■ मरने वालों की संख्या बढ़कर 36

**वाशिंगटन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के हवाई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है, साथ ही लोकप्रिय पर्यटन शहर लाहिना सहित कई बस्तियां भी नष्ट हो गई हैं। यह जानकारी मीडिया ने गुरुवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। इससे पहले की खबरों में आग के कारण छह लोगों के मारे जाने की जानकारी दी गई थी। हवाई न्यूज नाउ प्रसारक के अनुसार, माउ काउंटी के अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। अधिकारियों ने कहा, अमेरिका में भंयकर तूफान के साथ हवाई द्वीप समूह में आए बवडंर की वह से यहां लगी जंगल की आग और भड़क गयी है। आग के कारण लाहिना शहर तबाह हो गया है। वहीं कई लोग फंसे हुए हैं जिनकी की खोजबीन की जा रही है। हवाई के माउई द्वीप में भयंकर तूफान के चलते जंगल की आग और बढ़ी है।

## संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने सूडान में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने का किया आह्वान



**संयुक्त राष्ट्र,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। अफ्रीका के लिए संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने सूडान में सैन्य संघर्ष को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया है और बातचीत के जरिए समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया है। सुश्री पोबी ने बुधवार को एक ब्रीफिंग में सुरक्षा परिषद से कहा, कोई अन्य विकल्प नहीं है। सैन्य जीत हासिल करने के लिए युद्ध जारी रखने के लिए कुछ लोगों का आह्वान केवल देश को नष्ट करने में योगदान देगा। यह युद्ध जितना लंबा चलेगा, उतना ही अधिक देश के विखंडन, विदेशी हस्तक्षेप और संप्रभुता के क्षरण का खतरा होगा और सूडान के भविष्य, विशेष रूप से उसके युवाओं के नुकसान का खतरा होगा। उन्होंने कहा कि अब इस 'मूर्खतापूर्ण' युद्ध को समाप्त करने और बातचीत पर लौटने का समय आ गया है।

अप्रैल के मध्य में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से सौ से अधिक दिन बीत चुके हैं। सुश्री पोबी ने कहा कि इन पार्टियों के बीच देश के विभिन्न हिस्सों, खासकर खार्तूम, बहरी, ओमडुरमैन और दारफुर में झड़पें जारी हैं, लेकिन किसी भी पक्ष को जीत हासिल नहीं हुई है और न ही कोई महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि खार्तूम राज्य संघर्ष का केंद्र बना हुआ है, जिसमें प्रमुख लड़ाई एसएएफ जनरल कमांड मुख्यालय सहित प्रमुख एसएएफ प्रतिष्ठानों के आसपास केंद्रित है।

उत्तरी और दक्षिणी कोर्डोफान तथा ब्लू नाइल राज्यों में लगातार सैन्य कार्रवाइयों और लगातार सड़कों के बंद होने से हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि देश का पूर्वी भाग अपेक्षाकृत शांत है, एसएएफ के समर्थन में सक्रिय सैन्यीकरण के प्रयासों के संकेत हैं जो चिंताजनक है और इससे पूर्व में जातीय आधार पर संघर्ष होने का खतरा है, जो क्षेत्र की नाजुकता को और उजागर करता है। सूडान में संघर्ष का देश और उसके लोगों पर भारी असर पड़ रहा है। मानवीय और सुरक्षा संबंधी जरूरतें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं और राहत का कोई संकेत नहीं दिख रहा है।

## वेनेजुएला ने कोलंबिया में शांति प्रक्रिया कमजोर करने की कोशिश की निंदा की



**कराकस,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। वेनेजुएला ने कोलंबियाई सरकार और विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के बीच शांति प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिशों की निंदा करते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है।

वेनेजुएला ने यह चिंता कोलंबिया के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के उस बयान के बाद व्यक्त की जिसमें कहा गया है कि वेनेज़ुएला में अटॉर्नी जनरल फ्रांसिस्को बारबोसा डेलगाडो के खिलाफ तैयारी की जा रही है और वेनेजुएला ने अपने क्षेत्र का उपयोग इस कार्य के लिए करने की संभावना को खारिज कर दिया। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा, वेनेजुएला कुछ हलकों द्वारा आज प्रसारित की गई निंदनीय सूचना पर गहरी चिंता व्यक्त करता है जो वर्तमान में कोलंबिया गणराज्य में चल रही शांति प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश है। संदिग्ध इरादों के साथ कोलंबिया में प्रसारित अफवाहों और अस्थिरता एवं आतंकवादी कार्रवाइयों के लिए हमारे क्षेत्र का उपयोग जैसी राय बनाने की कोशिशों को ध्यान में रखते हुए, एक विस्तृत और पारदर्शी जांच का आदेश दिया गया है जिससे सच्चाई सामने आ सके। मंत्रालय ने कहा कि कराकस कोलंबिया में शांति प्रक्रिया में शामिल सभी पक्षों के साथ-साथ कोलंबियाई सरकार और ईएलएन के बीच वार्ता के गारंटर देशों और संगठनों से आह्वान करता है कि वे सार्वभौमिक शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को जारी रखें और इसे नुकसान पहुंचाने के किसी भी प्रयास को विफल करें। कोलंबिया के अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा था कि पांच वरिष्ठ ईएलएन कमांडरों की मुलाकात जुलाई में वेनेजुएला में हुई थी, जहां ईएलएन शहरी मोर्चा के नेता यानी एल रोलो के नेतृत्व में अटॉर्नी जनरल पर स्नाइपर हमला करने के लिए एक समूह तैयार किया जा रहा था। जुलाई 2023 की शुरुआत में, कोलंबिया सरकार ने 03 अगस्त, 2023 से 29 जनवरी, 2024 तक ईएलएन के साथ एक अस्थायी युद्धविराम का आदेश जारी किया था।

## इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या पर 60 दिनों का आपातकाल

**क्विटो,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या के सिलसिले में गुरुवार को पूरे देश में 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा की। श्री लासो ने राष्ट्रपति प्रशासन के चैनल पर प्रसारित एक संबोधन में कहा, मैं 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा कर रहा हूं। अब से, नागरिकों की सुरक्षा, देश की शांति और स्वतंत्र और लोकतांत्रिक चुनावों की गारंटी के लिए सशस्त्र बल पूरे देश में तैनात हैं। गौरतलब है कि इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में एक रैली के दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीद्वार विलाविसेंशियो की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### सुडोकू 6283 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

## आज का इतिहास

1347- अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की।
1778- दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फेडरिक लुडविग का जन्म।
1863- कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित क्षेत्र बना।
1908- क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
1914- फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की।
1948- लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत हुई।
1961- दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में रहा था।
1974- पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म।
1976- दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन मे दंगों में 17 लोग मारे गए।
1984- तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1985- रोनाल्ड रीगन अमेरिका के राष्ट्रपति बने।
2003- उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली।
2012- ईरान के तबरीज और अहार में भूकंप से 153 लोग मारे गए और करीब 1300 लोग घायल हुए।
2013- अफगानिस्तान के काबुल में बाढ़ से 22 लोग मरे।
2014- अमेरिकी अभिनेता रॉबिन विलियम्स का निधन।
2016- पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ी हनीफ मुहम्मद का निधन।
2017- मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में दो यात्री गाड़ियों की टक्कर के बाद कम से कम 41 लोग मारे गए और 179 घायल हो गए थे।
2020- सुप्रसिद्ध शायर और गीतकार राहत इंदौरी का निधन।

**अर्थव्यवस्था** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जारी किया बयान

## अमेरिका के नए निवेश प्रतिबंधों से चीन निराश

**वाशिंगटन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर चीन में उन्नत प्रौद्योगिकी उद्योगों में निवेश पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने बुधवार देर रात एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चीन के कुछ प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में अमेरिकी निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, नए नियम अमेरिकी निजी इक्विटी और वेंचर कैपिटल कंपनियों के साथ-साथ चीनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स में संयुक्त उद्यमों के निवेश पर प्रतिबंध लगाएंगे।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रतिबंध व्यापार निर्णय लेने की सामान्य गति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को बाधित करता है। प्रवक्ता ने कहा, यह आदेश बाजार अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों से गंभीर भटकाव है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करता है। प्रस्तावित नियम सैन्य उन्नति के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को लक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि बाइडेन-कमला हैरिस प्रशासन अगली पीढ़ी के सैन्य नवाचार के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की रक्षा करके अमेरिका को सुरक्षित रखने और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी सरकार ने कहा, सीमा पार निवेश प्रवाह ने लंबे समय से अमेरिकी आर्थिक जीवन शक्ति में योगदान दिया है। हम खुले निवेश के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए संकीर्ण रूप से लक्षित कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अमेरिका ने चीन में तकनीकी निवेश को प्रतिबंधित किया



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन में अमेरिकी उच्च-तकनीकी निवेश पर रोक लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। अमेरिका हालांकि, बार-बार कहता रहा है कि उसे चीन से अलग होने में को दिलचस्पी नहीं है। अमेरिका के वित्त विभाग के अनुसार बुधवार को आदेश पर हस्ताक्षर हुए। चीन को 'चिंता वाले देश' के रूप में नामित करते हुए आदेश का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा प्रौद्योगिकियों की तीन श्रेणियों सेमीकंडक्टर और माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम सूचना प्रौद्योगिकी और कुछ कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली में अमेरिका के निवेश को सीमित करना है। आदेश के तहत अमेरिकी उद्यम पूंजीपतियों और अन्य निवेशकों को लक्षित क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए चीनी कंपनियों में संभावित निवेश के बारे में वित्त विभाग को सूचित करने की भी जरूरी होगा।

## दुनिया को जानें

### द. अफ्रीका के बोत्सवाना में मिला 1,080.1 कैरेट का हीरा

**गैबोरोन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीकी देश बोत्सवाना में 1,080.1 कैरेट का एलएलए सफेद रत्न-गुणवत्ता वाला हीरा खोजा गया है। कनाडाई हीरा उत्पादक लुकारा डायमंड ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि 82.2 × 42.8 × 34.2 मिमी का हीरा बोत्सवाना की राजधानी गैबोरोन से लगभग 512 किमी दूर उत्तर-मध्य बोत्सवाना में कारोवे हीरा खदान में मोटे एक्सआरटी इकाई में पाया गया। यह 2015 के बाद से करोवे खदान से खोजा गया, एक हजार कैरेट से अधिक का चौथा हीरा है। लुकारा डायमंड बोत्सवाना में करोवे डायमंड खदान का मालिक है। यह खदान 2012 से उत्पादन में है और कंपनी के संचालन एवं विकास गतिविधियों का केंद्र बिंदु है।



# खेल जगत

## कार्लोस अल्काराज ने ओपनर में बेन शेल्टन को हराया

**कनाडा,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज ने यहां सेंटर कोर्ट पर होनहार अमेरिकी बेन शेल्टन के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल करते हुए टोरंटो में पदार्पण किया। अल्काराज पिछली गर्मियों में मॉन्ट्रियल में कैनेडियन मास्टर्स 1000 इवेंट में एक बार पहले भी खेल चुके हैं, जहां उनका पहला मुकाबला टॉमी पॉल से हुआ था। नेशनलबैंकओपन.कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल वह काफी पसंदीदा हैं और यहां प्रशंसकों की प्रतिक्रिया को देखते हुए रविवार को उन्हें अभी भी खड़े देखना एक वास्तविक रोमांच होगा। मैच के लिए सेंटर कोर्ट खचाखच भरा हुआ था और अल्काराज के बाहर निकलते ही जोरदार स्वागत किया गया। शेल्टन ने उन्हें जल्दी ही परखा और पूरे मैच के दौरान स्पैनियार्ड के साथ रहे और हालांकि अल्काराज ने 6-3, 7-6(3) से जीत हासिल की, लेकिन यह एक करीबी मुकाबला था।



# भारत के 'ब्रह्मास्त्र' हरमनप्रीत सिंह के प्रहार से जापान के लिए सेमीफाइनल में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 10 अगस्त (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रैग फ्लिकर में एक कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै हॉकी 2023 में राउंड रॉबिन लीग की समाप्ति पर पांच मैचों में सबसे ज्यादा सात गोल कर साबित किया कि पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक उनका और तीन बार चैंपियन रहे मेजबान भारत का ब्रह्मास्त्र है। हॉकी बेशक टीम गेम है बावजूद इसके जापान के लिए दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारत के %ब्रह्मास्त्र% हरमनप्रीत के पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक प्रहार से बचना बेहद मुश्किल होगा। सबसे काबिलेतारीफ बात यह है कि हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए अब सभी पांचों लीग मैचों में गोल किए ही हैं उन्होंने पिछले उपविजेता जापान के खिलाफ यहां पिछड़ने के बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उसे मैच ड्रॉ कराने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

भारत ने अजेय रहकर पांच मैचों में चार जीत और जापान के खिलाफ अकेले ड्रॉ के साथ 13 अंकों के साथ शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में स्थान पाया। भारत के लीग चरण में कुल सबसे ज्यादा दागे 20 गोल में कप्तान हरमनप्रीत के बाद उनके दोनों साथी ड्रैग फ्लिकरों वरुण कुमार और जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर और अनुभवी आकाशदीप सिंह और मनदीप सिंह ने दो- दो गोल करने साथ स्ट्राइकर गुरजंट सिंह, सेल्वम कार्ति व सुखजीत और आक्रामक मिडफील्डर उपकप्तान हार्दिक सिंह ने नीलकांत शर्मा ने भी एक- एक गोल किया है। भारतीय



■ स्ट्र चर से खेलने वाली भारतीय टीम जापान से पार पाने को पूरी तरह तैयार

■ हार्दिक, विवेक, नीलकांत व मनप्रीत के रूप में मजबूत मध्य पं त है भारत की ताकत

टीम ने दिखाया की भले ही पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिकर उसकी सबसे बड़ी ताकत है लेकिन उसके गोल के लिए स्ट्राइकरों के रूप में पास पर्याप्त विकल्प हैं और वह गोल करने के लिए किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर है।

जापान के खिलाफ अपना दूसरा लीग मैच ड्रॉ खेलने के बाद पूरी तरह रंग में आ चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में उससे पार पाने के लिए बेहतर ढंग तैयार है। भारतीय टीम पिछले संस्करण में जापान को लीग मैच में आधा दर्जन गोल से हराने के बाद उससे सेमीफाइनल में 3-4 से हार गई थी। भारतीय टीम इस बात से वाकिफ है आज की जमाने की हॉकी में जापान और या कोई भी टीम प्रतिद्वंद्वी के रूप में किसी को भी हल्के लेने से बचना चाहिए। जापान लीग मं अपने पांच में मैचों दक्षिण कोरिया और मलयेशिया से हारी और भारत व पाकिस्तान से मैच ड्रॉ खेले और अकेली जीत फिसड्डी चीन के खिलाफ दर्ज की उससे साफ है कि उससे मेजबान टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत की उम्मीद लगाना मुनासिब नहीं लगता है। जापान ने अपने पांच मैचों में मात्र आठ गोल किए हैं और नौ गोल खाए हैं।

### टूर्नामेंट सही मानों जापान के खिलाफ सेमीफाइनल से शुरू : फुल्टन

स्पेन में टूर्नामेंट खेलने के बाद सीधे यहां चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने उतरना चुनौतीपूर्ण था। हमने धीरे धीरे यहां अपनी लय पाई। हमने अब तक यहां अपने पांच मैचों में चीन, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और मैच जीते। सच तो यह है कि हमारे लिए सही मायनों टूर्नामेंट अब शुक्रवार को जापान के खिलाफ सेमीफाइनल से शुरू हो रहा है। मुझे खुशी है कि हमारी भारतीय टीम अब वैसा खेलना शुरू कर दिया है, जैसा वह चाहती है। सबसे अच्छी बात है कि हमारी टीम अब तक अपने स्ट्रक्चर में खेल रही है। मैं यहां अपनी टीम के खेल पर नजर डालता हूं पाता हूं कि हमारी टीम की कमजोरी है खेल में निरंतरता की कुछ कमी है।

### जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में कोशिश स्ट्रक्चर से खेल की : हरमनप्रीत

हमारी कोशिश जापान के सेमीफाइनल में शुक्रवार को अपने स्ट्रक्चर से खेल मौके बनाने के साथ मौके भुनाने की होगी। हम और स्ट्रक्चर से खेलना चाहेंगे। पाकिस्तान के कोच सकलेन ने आखिरी राउंड रॉबिन लीग मैच से पहले भले ही यह कहा कि हमारी भारतीय टीम स्ट्रक्चर से नहीं खेल रही। हमें मालूम है कि हम कैसे और किस स्ट्रक्चर से खेल रहे हैं। मैंने मैदान पर हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की है। हमारी कामयाबी का सबब भी एक दूसरे का सहयोग कर बतौर टीम निरंतर बेहतर प्रदर्शन करना। हमारे फॉरवर्ड जब गोल करने के ज्यादा मौके बनाते और पेनल्टी कॉर्नर दिलाते हैं हम तभी हम ड्रैग फ्लिकर इनका बेहतर उपयोग कर गोल कर पाते हैं।

# हरमनप्रीत के दो गोल से भारत ने पाक को 4-0 से हरा बाहर कर शीर्ष पर फिर श्रेष्ठता साबित की



■ भारत सेमीफाइनल में जापान से

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 10 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के स्ट्राइकर मनदीप सिंह, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह और आकाशदीप सिंह ने खासतौर पर डी में पहुंचने के बाद सीधे तेज शॉट लगाने की बजाय टीम को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने की कोशिश में हड़बड़ी में आधा दर्जन से ज्यादा मैदानी गोल के मौके चूके। वहीं तूफानी अंदाज में सेंटर फॉरवर्ड अब्दुल शाहिद का गोल अमान्य किए जाने पर पाकिस्तान से हौसला शुरू में ही टूटता लगा। अपने कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के %ब्रह्मास्त्र% पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे दो, जुगराज सिंह के एक तथा आखिरी क्वॉर्टर में आकाशदीप सिंह के एक मैदानी गोल से भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से हरा कर पांच मैचों में चार जीत और एक ड्रॉ के साथ पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में 13 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पाया।

पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच से पहले ही अंतिम चार में स्थान पक्का कर चुके भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता जारी रखते हुए पिछले 16 मैचों में 13वीं जीत हासिल की। पाकिस्तान की टीम पांच मैचों मे दक्षिण कोरिया और जापान की तरह समान रूप से पांच पांच अंकों के बावजूद गोल अंतर में इन दोनों टीमों से पिछड़ कर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो गई। भारत अब दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को चौथे स्थान पर रहने वाले जापान से भिड़ेगा। दूसरे स्थान पर रहने वाली मलयेशिया की टीम पहले सेमीफाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। छह हजार दर्शकों से खचाखच भरे यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम की हौसला अफजाई के लिए देश के नंबर एक ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन भी हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने दोनों टीमों का अभिवादन किया।

लिंकमैन के रूप में खेल रहे शमशेर सिंह के साथ मध्य पंक्ति में उप कप्तान हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद का बराबर आगे हमले के लिए गुरजंट और मनदीप सिंह के लिए गेंद बढ़ाना भारत के काम आया। अपने कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट और दूसरे क्वॉर्टर के अधबीच मिले शुरू क दोनों पेनल्टी कॉर्नर पर तेज व अचूक फ्लिक से दागे दो गोल से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त ले ली थी। अकील अहमद बीच मैदान से गेंद को लेकर भारत की डी में पहुंचे और डी के ठीक उपर खड़े शाहिद अब्दुल अन्नान को पास दिया और उनके तेज शॉट जमाया लेकिन इससे पहले ही अंपायर ने तभी फाउल दे पाकिस्तान को रेफरल पर पेनल्टी कार्नर दे दिया लेकिन इस पर मोहम्मद खान के फ्लिक को भारत के गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने रोक कर अपनी टीम को गोल खाने से बचा लिया।

# भारत के युवा आइकन रणविजय सिंह ने रियल कबड्डी लीग में हिस्सेदारी ली

**दिल्ली** 10 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के युवा आइकन और आंत्रप्रेन्योर रणविजय सिंह एक स्टेकहोल्डर और ब्रांड प्रमोटर के रूप में रियल कबड्डी लीग से जुड़े हैं, जो इसके प्रचार को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष रूप से योदगान देंगे। लीग में उनके शामिल होने से इसके सुदृढ़, गतिशील और मनोरंजक होने की उम्मीद काफी बढ़ गई है। पिछले सीज़न में भी रणविजय ने रियल कबड्डी लीग में अपनी हिस्सेदारी दिखाई थी। इस बार न सिर्फ इन्वेस्टर, बल्कि एक ब्रांड प्रमोटर की भूमिका निभाकर भी वे लीग से अपने रिश्ते को और भी अधिक मजबूत कर रहे हैं। रियल कबड्डी के सीज़न 3 की शुरुआत सितंबर के आखिर में होना है। रणविजय की लीग में हिस्सेदारी के तहत इसे सिर्फ दर्शकों का एक नया समूह मिलेगा। लीग से एक बार फिर से जुड़ने को लेकर उत्साहित रणविजय सिंह ने कहा कि मैं रियल कबड्डी शुरू से ही देखता रहा हूँ और मुझे लगता है कि लीग में सबकी भूमिका काफी शानदार रही है। मैं इस खेल का बहुत बड़ा फैन हूँ। मेरा ऐसा मानना है कि क्रिकेट के बाद यदि कोई लीग लोकप्रिय हो सकती है, तो वह सिर्फ और सिर्फ कबड्डी है। अटलांचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक शुभम चौधरी ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि रणविजय वास्तव में बहुत बड़े कबड्डी फैन हैं, और मुझे खुशी है कि वे सिर्फ एक इन्वेस्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि ब्रांड प्रमोटर के रूप में भी लीग के साथ जुड़ रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनका यह साथ, हमें और भी अधिक लोगों से जुड़ने में सक्षम बनाएगा। हम खेल के साथ ही साथ मनोरंजन को भी बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं, और साथ ही युवाओं से इससे गहनता से जुड़ने का अनुरोध करते हैं। हम यह दर्शाने के लिए तत्पर हैं कि भारत के युवा आइकन से बेहतर इस लीग में और कोई नहीं हो सकता हैं।

# निशिमोतो से भिड़ेंगे किदांबी, सिंधु को मिला बाई

**कुआला लंपुर,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले राउंड में भारत की अनुभवी शटलर पीवी सिंधु को बाई दिया गया है, जबकि किदांबी श्रीकांत जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित होने के बाद इसकी पुष्टि की।




कुल 16 भारतीय शटलर ड्रॉ का हिस्सा थे, जिनमें से चार एकल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। केवल एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को शीर्ष 10 में वरीयता दी गयी है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु (16वीं वरीयता प्राप्त) दूसरे राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी जहां उनका मुकाबला जापान की नोज़ोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुए लिन्ह नुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगी।

दूसरी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को भी बाई मिली है। विश्व की नंबर दो पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में आयरलैंड के जोशुआ मैगी/पॉल रेनॉल्ड्स या ऑस्ट्रेलिया के केनेथ झे हूई चू/मिंग चुएन लिम से भिड़ेगी।

भारत के एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की स्टार तिकड़ी पुरुष एकल में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। पहले दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त प्रणय का मुकाबला फिनलैंड के काले कोलजोनेन से होगा, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य का मुकाबला मॉरीशस के जॉर्जेस जूलियन पॉल से होगा।

महिला युगल प्रतियोगिता में 15वीं वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी पहले राउंड में बाई मिलने के बाद दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई/यांग चिन तुन या एस्टोनिया की केटी-क्रीट मरान/हेलिना रूटेल से भिड़ेगी। अश्विनी भट्ट के. और शिखा गौतम की दूसरी भारतीय महिला युगल जोड़ी नीदरलैंड की देबोरा जिल और चेरिल सेनेन के खिलाफ क्वालीफिकेशन के लिये लड़ेगी।

# विश्व कप में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं बोल्ट

**वेलिंगटन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व कप 2015 और 2019 के फाइनल में हार का स्वाद चखने के बाद न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट आगामी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम के लिये 'अहम भूमिका' निभाकर ट्रॉफी उठाना चाहते हैं।

बोल्ट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा, टीम में वापस आना और एकदिवसीय विश्व कप की ओर काम करना मेरे मन में हमेशा रहा है। पिछले आयोजनों में हमारा अनुभव बेहद रोमांचक रहा है। इसलिये मैं टीम के साथ जुड़ने और बड़ी भूमिका निभाने के लिये उत्सुक हूं। उम्मीद है कि जिस चमकदार चीज के बेहद करीब हम चार साल पहले आये थे, उसे इस बार उठा सकेंगे।

बोल्ट ने पिछले साल न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध से नाम वापस लेकर दुनियाभर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का फैसला लिया था। वह कई मौकों पर फ्रेंचाइजी लीग प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये न्यूज़ीलैंड की टीम से बाहर रहे, लेकिन विश्व कप से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड के इंग्लैंड दौरे पर उन्हें टीम में शामिल किया गया है। बोल्ट ने फ्रेंचाइजी



क्रिकेट खेलने के अपने फैसले पर कहा, एक साल पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट से दूर जाना आसान निर्णय नहीं था। मैं कभी नहीं चाहता था कि यह न्यूजीलैंड और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच चुनना नहीं चाहता था। मैं सिर्फ यह जानता था कि मेरा करियर कितना लंबा है और एक गेंदबाज के रूप में अपने बचे हुए वर्षों का अधिकतम लाभ उठाना चाहता था। मैं निश्चित रूप से अब भी पहले की तरह अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिये भूखा हूं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में लोगों के साथ कुछ खास करूंगा।

बोल्ट ने कहा, मैं अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का बहुत सम्मान करता हूं। यह क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाले किसी भी बच्चे के लिये अहम भूमिका निभाता है और मेरी राय में एकदिवसीय विश्व कप अभी भी क्रिकेट का शिखर है।

उन्होंने कहा, जब मैंने अपने अनुबंध से हटने का निर्णय लिया, तो यह घर पर थोड़ा अधिक समय बिताने के लिये था। मैं जल्द ही दुनिया भर में बहुत अधिक क्रिकेट खेलने में समय बिताने लगा। मैं बहुत भाग्यशाली था कि अपने परिवार को दुनिया भर में ले जा सका और यह सबसे अच्छी चीजों में से एक रहा है। अपने बच्चों को टेक्सस में काउबॉय टोपी पहने और राजस्थान में पगड़ी पहने देखना... यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे आने वाले वर्षों में बहुत गर्व होगा।

# उमरान मलिक के शस्त्रागार में तेज गति ही एकमात्र हथियार नहीं होना चाहिए : लारा

**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक बहुत युवा हैं और उनके पास खेल खेलने के लिए काफी साल हैं। साथ ही, लारा ने कहा कि मलिक के शस्त्रागार में तेज गति ही एकमात्र हथियार नहीं होना चाहिए। जून 2022 में अपने पदार्पण के बाद से, मलिक ने आठ टी20 खेले हैं, उन्होंने 10.48 के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही श्रृंखला में अब तक नहीं खेले हैं।

पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में, मलिक ने दो मैच खेले, लेकिन उनके नाम के आगे एक भी विकेट नहीं लगा। आईपीएल 2023 में, मलिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए केवल सात मैच खेले, जिनमें लारा मुख्य कोच थे, उन्होंने 10.35 की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए।

लारा ने वेक अप विद सोरभ नाम के एक यूट्यूब शो में कहा, वह एक सनसनी होगा, लेकिन बहुत जल्दी उसे सीखना होगा कि तेज गेंदबाजी वास्तव में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को परेशान नहीं करती है। आपके पास गेंद के साथ कुछ करने की क्षमता होनी चाहिए, समझदार होना चाहिए, और शायद उस समय को समझना होगा जब आपको पीछे मुड़ना होगा या उस समय को समझना होगा जब आपको गति बढ़ानी होगी। वह बहुत छोटा है और अभी उसके पास कई साल हैं।

# मैं वास्तव में यह नहीं सोच रहा कि भारतीय चयनकर्ता क्या सोच रहे होंगे : पृथ्वी शॉ

**नॉर्थम्पटन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। काउंटी ग्राउंड में समरसेट के खिलाफ वन-डे कप मैच में नॉर्थम्पटनशायर के लिए 244 रन बनाकर कई लिस्ट ए रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने जोर देकर कहा कि वह घर पर राष्ट्रीय चयन समिति के बारे में नहीं सोच रहे हैं कि वे उनके प्रदर्शन के बारे में क्या सोच रहे होंगे। शॉ की 153 गेंदों में 28 चौकों और 11 छक्कों की मदद से खेली गई 244 रन की विशाल पारी की मदद से नॉर्थम्पटनशायर ने 8 विकेट पर 415 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर 87 रन से विजयी रही। उनकी पारी किसी भी लिस्ट ए मैच में छठा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है। शॉ ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए अपने पिछले दो अवसरों में 34 और 26 का स्कोर बनाया था। बुधवार को, उन्होंने गियर बदलने से पहले 81 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और बहुत ही कम समय में, केवल 129 गेंदों में अपना दूसरा शतक पूरा किया।

मैच समाप्त होने के बाद शॉ ने कहा, वास्तव में मैं यह नहीं सोच रहा कि भारतीय चयनकर्ता क्या सोच रहे होंगे, लेकिन मैं बस यहां अच्छा समय बिताना चाहता हूं, यहां के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ अच्छा समय बिताना चाहता हूं। नॉर्थम्पटनशायर ने मुझे यह अवसर दिया है ... वे वास्तव में मेरी देखभाल कर रहे हैं। मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा हूं। शॉ, जिन्होंने आखिरी बार जुलाई 2021 में भारत के लिए खेला था, कई लिस्ट ए दोहरे शतक बनाने वाले बल्लेबाजों के एक चुनिंदा क्लब में भी शामिल हो गए हैं, जिसमें भारत के




कप्तान रोहित शर्मा, ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अली ब्राउन इसके पिछले सदस्य हैं।

इंग्लैंड में लिस्ट ए दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बनने के बाद, शॉ के पास अब लिस्ट ए क्रिकेट में किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा लिस्ट ए स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है और वह दो देशों में और दो टीमों के लिए लिस्ट ए दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

शॉ ने कहा, जिन्होंने 2018 में पदार्पण पर टेस्ट शतक बनाया था, सूरज निकला हुआ था, यह आज के भारतीय मौसम जैसा था इसलिए यह वास्तव में अच्छा लग रहा था। आप जानते हैं कि जब कोई अंदरूनी किनारा मुझे बाहर नहीं निकाल पाता है, तो इसका मतलब है कि यह दिन मेरे लिए है। आपको कभी-कभी भाग्यशाली होना पड़ता है, इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक दिन था। मैंने उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।

लिस्ट ए क्रिकेट में शॉ का पिछला दोहरा शतक फरवरी 2021 में आया था जब उन्होंने पुडुचेरी के खिलाफ मुंबई के लिए नाबाद 227 रन बनाए थे, जो टूर्नामेंट में उस समय का सर्वोच्च स्कोर भी था। अपनी रिकॉर्ड-तोड़ पारी के दौरान, शॉ ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए सैम व्हाइटमैन (54) के साथ 194 रनों की बड़ी साझेदारी की।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ईमानदारी से कहूं तो 227 मेरे दिमाग में था। जब व्हाइटी (व्हाइटमैन) वहां थे तो मैंने उनसे बात की और मैंने उन्हें बताया कि यह 227 है, जो मेरा सर्वोच्च स्कोर है। लेकिन यह एक अच्छा टीम प्रयास था। मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि मैच जीतूं और मैं उस तरह के खिलाड़ी हूं जो पहले अपनी टीम को रखते हैं और उसके बाद खुद को। अगर इस तरह स्कोर करने से मेरी टीम को जीत हासिल करने में मदद मिल सकती है, तो मुझे इसे जारी रखना चाहिए।

## सार संक्षेप

### ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में लगी आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित क्रिकेट मैदान ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में बुधवार रात आग लगने से छत और कुछ फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने कहा कि बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) में टीम के ड्रेसिंग रूम में झूठी छत के कुछ हिस्से और कुछ फर्नीचर बुधवार को लगभग 11=40 बजे वायरिंग में संदिग्ध शॉर्ट-सर्किट से लगी आग में क्षतिग्रस्त हो गये। जो लोग ड्रेसिंग रूम में काम कर रहे थे, उन्होंने सबसे पहले आग पर ध्यान दिया। तीन अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचने के बाद आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी में ईडन गार्डन में नवीनीकरण का काम चल रहा है। पिछले सप्ताहांत आईसीसी की एक टीम ने इस प्रतिष्ठित स्टेडियम की तैयारियों का निरीक्षण किया और संतुष्टि व्यक्त की। यह मैदान विश्व कप के पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

### भारत-पाकिस्तान मैच दबाव पर कुंबले ने कहा, केन्या से हार जाओ लेकिन पाकिस्तान से नहीं

**नई दिल्ली।** भारत के महान लेग स्पिनर और पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने खुलासा किया कि उनके खेल करियर में, भारत-पाकिस्तान मैचों का प्रचार इतने उच्च स्तर पर था कि अगर टीम केन्या से हार भी जाती तो प्रशंसकों को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत 2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 50 ओवर के एशिया कप 2023 के ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। यदि भारत और पाकिस्तान सुपर फोर चरण में पहुंचते हैं, तो उनका कोलंबो में आमना-सामना होना तय है। भारत और पाकिस्तान पुरुष वनडे विश्व कप के लीग चरण में 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। कुंबले ने बेंगलुरु में अनुभवी क्रिकेट प्रशासक अमृत माथुर द्वारा लिखे गए संस्मरण पिचसाइड के लॉन्च के दौरान कहा, हमारे समय में, यह शब्द था केन्या से भी हारें लेकिन पाकिस्तान से नहीं। कुंबले, जो 2016 से 2017 तक भारत के मुख्य कोच भी थे, को 1999 में नई दिल्ली में खेले गए टेस्ट मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 74 रन देकर ऐतिहासिक 10 विकेट लेने के लिए याद किया जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ 34 एकदिवसीय मैचों में, कुंबले ने 54 विकेट लिए हैं। मैं 10 विकेट लेने के बारे में सोचकर मैदान पर नहीं गया था, हालांकि यह किसी भी गेंदबाज का सपना होता है।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड 0.04 प्रतिशत गिरकर 84.37 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया



# बैंकों को ग्राहकों को देनी होगी ईएमआई में बदलाव की जानकारी : आरबीआई

चेन्नई, 10 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फ्लोटिंग ब्याज दर वाले लोन के लिए समान मासिक किस्तों (ईएमआई) में बदलाव को लेकर अधिक पारदर्शिता लाने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को यह बात कही। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के निर्णयों की घोषणा करते हुए दास ने कहा, फ्लोटिंग ब्याज दर वाले लोन पर ब्याज दरों में बदलाव के लिए एक पारदर्शी ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव है। ढांचे में विनियमित संस्थाओं को लोन की अवधि और/या ईएमआई में बदलाव के बारे में ग्राहकों के साथ स्पष्ट रूप से संवाद करना होगा। उन्हें फिक्स दर वाले लोन में बदलने और ऋण को समयपूर्व चुकाने का विकल्प प्रदान करना होगा, इस विकल्प को चुनने पर लगने वाले सभी तरह के शुल्क की पूरी जानकारी देनी होगी और ग्राहकों को महत्वपूर्ण जानकारी उचित संचार माध्यमों से देनी होगी। उन्होंने कहा कि ये उपाय उपभोक्ता संरक्षण को और मजबूत करेंगे।

**एंड-टू-एंड बाधा रहित ऋण वितरण के लिए नया मंच तैयार किया जा रहा**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर



शक्तिकांत दास ने कहा कि वंचित क्षेत्रों को डिजिटल मोड पर एंड-टू-एंड बाधा रहित ऋण देने के प्रयास में, रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) एक सार्वजनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसलों की घोषणा करते हुए कहा कि नए प्लेटफॉर्म को कैलिब्रेटेड तरीके से पेश किया जाएगा।

दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने आरबीआईएच के साथ मिलकर एंड-टू-एंड डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से बाधा रहित ऋण वितरण के लिए सितंबर 2022 में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया, जिसकी शुरुआत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण से हुई। केसीसी ऋण के लिए पायलट प्रोजेक्ट (योजना) वर्तमान में मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के चुनिंदा जिलों में चालू है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि हाल ही में, गुजरात के चुनिंदा जिलों में डेयरी ऋण को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। पायलटों से मिली सीख के आधार पर और एंड-टू-एंड डिजिटल ऋण प्रक्रियाओं के दायरे का विस्तार करने के लिए, आरबीआईएच द्वारा बाधा रहित ऋण वितरण के लिए एक सार्वजनिक तकनीकी मंच विकसित किया जा रहा है। गवर्नर ने आगे कहा कि इस प्लेटफ़ॉर्म को एक कैलिब्रेटेड तरीके से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने का इरादा है। इसमें एक खुला आर्किटेक्चर और खुला एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और मानक होंगे, जिससे सभी वित्तीय क्षेत्र के प्लेयर निर्बाध रूप से जुड़ सकते हैं। इस पहल से अब तक वंचित क्षेत्रों में ऋण की पहुंच में तेजी आएगी और वित्तीय समावेशन और गहरा होगा।

# 75 प्रतिशत भारतीय डेस्क कर्मचारी करते हैं एआई और ऑटोमेशन को उपयोग

**नई दिल्ली**, 10 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय कंपनियां अपने कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए इनोवेटिव और प्रभावशाली विधियाँ तलाश रहे हैं जिससे 75 प्रतिशत भारतीय डेस्क कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और ऑटोमेशन का उपयोग कर रहे हैं। स्लैक ने आज अपनी नई स्टेट ऑफ वर्क रिपोर्ट जारी की जिसमें यह खुलासा हुआ है। यह रिपोर्ट 2000 से भी ज्यादा भारतीय डेस्क कर्मचारियों पर किए गए एक सर्वे पर आधारित है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि एआई और ऑटोमेशन क्षमताओं में बार-बार होने वाले, ज्यादा समय लेने वाले कार्यों को स्ट्रीमलाईन एवं ऑप्टिमाईज़ करने की क्षमता है ताकि भारतीय डेस्क कर्मचारी ज्यादा महत्वपूर्ण और रणनीतिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। यह सर्वे नौ देशों में 18,000 से ज्यादा कर्मचारियों के बीच किए गए सर्वेक्षण का हिस्सा है इस रिपोर्ट में आज कर्मचारी की उत्पादकता बढ़ाने वाले और आधुनिक काम को परिभाषित करने वाले तीन ट्रेंड का खुलासा हुआ जिसमें एआई और ऑटोमेशन संगठनों में उत्पादकता बढ़ाकर क्रांति ला रहे हैं। हाईब्रिड काम के युग में ऑफिस कार्य और डिज़ाईन की परिभाषा बदल रही है और कर्मचारी की संलग्नता और प्रतिभा के विकास से भी उत्पादकता पर सीधा असर होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विश्व में एआई अपनाने के मामले में नेतृत्वकर्ता



है। जिन संगठनों ने एआई टूल्स और ऑटोमेशन अपना लिए हैं उनमें उत्पादकता बढ़ने की संभावना है। भारत में जिन संगठनों ने अपने काम में एआई को अपना लिया है उन संगठनों में एआई न अपनाने वाले संगठनों के मुकाबले उत्पादकता बढ़ने की 53 प्रतिशत ज्यादा संभावना है। वैश्विक स्तर पर सर्वे में शामिल अधिकांश (77 प्रतिशत) कर्मचारियों ने कहा कि रोजमर्रा के कामों, जैसे खर्चे की रिपोर्ट के अनुमोदन पाने की प्रक्रिया को ऑटोमेट करने से उनकी उत्पादकता बढ़ेगी। विश्व में जो लोग काम में ऑटोमेशन का उपयोग करते हैं वो अनुमानत: हफ्ते में औसतन 3.6 घंटे बचाते हैं, यह साल में कम से कम एक महीने का समय हर कर्मचारी को उत्पादक कार्यों में लगाने के लिए देने के बराबर है।

# मिनी ऑल इलेक्ट्रिक कार भारत में लॉन्च, कीमत 55 लाख रुपए

**नई दिल्ली** 10 अगस्त (एजेंसियां)। मिनी इंडिया ने भारत में ऑल-इलेक्ट्रिक मिनी 3-डोर कूपर एसई का एक सीमित संस्करण मिनी चार्ज्ड संस्करण लाँच करने की घोषणा के साथ ही भारत में सिर्फ 20 कारों की बुकिंग लेने का आज ऐलान किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि पूर्णत: निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में पेश की गई केवल 20 इकाइयाँ उपलब्ध हैं और इन्हें विशेष रूप से कंपनी की वेबसाइट पर बुक किया जा सकता है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा, मिनी ने भारत में पहली बार चिली रेड में मिनी 3-डोर कूपर एसई लेकर आयी है। यह शून्य उत्सर्जन के साथ प्रसिद्ध गो-कार्ट अहसास और तत्काल टॉर्क का जश्न मनाता है। मिनी चार्ज्ड एडिशन एक साहसी, ऊर्जावान और अभिव्यंजक कार है जो एक बहादुर और साहसी ब्रांड की मिनी बिग लव भावना पर पूरी तरह फिट बैठती है जो लोगों और समुदायों को एक साथ लाती है। मिनी चार्ज्ड संस्करण शहरी गतिशीलता के लिए आदर्श भागीदार है। इसमें 32.6 केडब्ल्यूएच की बैटरी है जो एक बार फुल चार्ज होने पर 270 किलोमीटर तक चल सकती है। ऑल-इलेक्ट्रिक मिनी चार्ज्ड एडिशन की एक्स-शोरूम कीमत 55 लाख रुपये है। एक्स-शोरूम कीमतों में लागू जीएसटी (क्षतिपूर्ति उपकर सहित) शामिल है, लेकिन इसमें रोड टैक्स, स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस), आरटीओ वैधानिक कर/शुल्क, अन्य स्थानीय कर उपकर और बीमा शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि मिनी चार्ज्ड संस्करण मिनी स्मार्ट वॉलबॉक्स चार्जर और एक पोर्टेबल डीसी चार्जिंग केबल की एक बार की स्थापना के साथ आता है।

# अमेरिका के नए निवेश प्रतिबंधों से चीन निराश

**वाशिंगटन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर चीन में उन्नत प्रौद्योगिकी उद्योगों में निवेश पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने बुधवार देर रात एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चीन के कुछ प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में अमेरिकी निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, नए नियम अमेरिकी निजी इक्विटी और वेंचर कैपिटल कंपनियों के साथ-साथ चीनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स में संयुक्त उद्यमों के निवेश पर प्रतिबंध लगाएंगे। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रतिबंध व्यापार निर्णय लेने की सामान्य गति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा



को बाधित करता है। प्रवक्ता ने कहा, यह आदेश बाजार अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों से गंभीर भटकाव है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करता है। प्रस्तावित नियम सैन्य उन्नति के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को लक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि बाइडेन-कमला हैरिस प्रशासन अगली पीढ़ी के सैन्य नवाचार के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की रक्षा करके अमेरिका को सुरक्षित रखने और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी सरकार ने कहा, सीमा पार निवेश प्रवाह ने लंबे समय से अमेरिकी आर्थिक जीवन शक्ति में योगदान दिया है। हम खुले निवेश के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए संकीर्ण रूप से लक्षित कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाइडेन ने सैकड़ों हितधारकों, उद्योग के सदस्यों और विदेशी सहयोगियों तथा भागीदारों के साथ व्यापक और गहन परामर्श के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

नए उपाय, जो हांगकांग और मकाऊ की कंपनियों पर भी लागू होते हैं, अगले साल से प्रभावी होंगे। पिछले साल अक्टूबर में, बाइडेन प्रशासन ने निर्यात नियंत्रण के एक व्यापक सेट की घोषणा की थी।

## सार संक्षेप

### न्यूगो का एक रुपये में टिकट अभियान

**नई दिल्ली।** ग्रीनसेल मोबिलिटी की अग्रणी इंटरसिटी इलेक्ट्रिक एसी कोच सेवा देने वाली कंपनी न्यूगो ने स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाने के लिए नए अभियान की घोषणा करते हुए आज कहा कि ग्राहक ब्रांड के किसी भी परिचालन रूट के लिए 10 से 15 अगस्त तक सिर्फ 1 रुपये की अविश्वसनीय कीमत पर टिकट बुक कर सकते हैं। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह सीमित समय की पेशकश देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को यात्रा करने के लिए वैध है। सुरक्षा और आराम को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में रखते हुए, न्यूगो देश के कुछ सबसे लोकप्रिय गंतव्यों के बीच यात्रा प्रदान करता है, जिसमें इंदौर-भोपाल, दिल्ली-चंडीगढ़, दिल्ली-आगरा, दिल्ली-देहरादून, दिल्ली-जयपुर, आगरा-जयपुर, बेंगलुरु-तिरुपति, चेन्नई-तिरुपति, चेन्नई-पुडुचेरी और हैदराबाद-विजयवाड़ा की यात्रा शामिल हैं।

### गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स तमिलनाडु में नए प्लांट के लिए 515 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**चेन्नई।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी ने कहा कि वह अगले पांच वर्षों में तमिलनाडु में 515 करोड़ रुपये के निवेश से एक फैक्ट्री स्थापित करेगी। इस संबंध में कंपनी और राज्य सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। चेंगलपट्टू जिले के थिरुपोरूर तालुक में स्थापित किया जाने वाला प्लांट में साबुन, हेयर कलर्स, मच्छर भगाने वाले जैसे उत्पाद बनाए जाएंगे। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष निसाबा गोदरेज ने निवेश पर टिप्पणी करते हुए कहा, %%इस सुविधा की स्थापना से हम तमिलनाडु में 400 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। इस सुविधा का लक्ष्य समावेशी और लिंग संतुलित कार्यबल बनाना है।%% हमारी योजना इस सुविधा के लिए 50 प्रतिशत महिलाओं के साथ-साथ एलजीबीटीक्यू और विकलांग (पीडब्ल्यूडी) समुदायों के 5 प्रतिशत कर्मचारियों को नियुक्त करने की है।

### पीवीआर आईनॉक्स ने भारत में आईमैक्स एक्सपीरियंस किया पेश

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे बड़े और सबसे प्रीमियम सिनेमा प्रदर्शक पीवीआर आईनॉक्स ने राजधानी के वसंत विहार में स्थिति प्रिया सिनेमा में एकमात्र स्टैंडअलोन आईमैक्स थिएटर लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस अत्याधुनिक सिनेमा में अगली जनरेशन के लेज़र प्रोजेक्शन लेज़र टेक्नॉलॉजी के साथ आईमैक्स होगा और मल्टी-चैनल साउंड सिस्टम होगा, जो शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए केवल आईमैक्स थिएटरों के लिए विकसित किया गया है। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय बिजली ने इस मौके पर कहा हमें अपना पहला और सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा, पीवीआर प्रिया, आईमैक्स जैसे ट्रुली इमर्सिव सिनेमेटिक अनुभव में अपग्रेड करने की बहुत खुशी है।

# आरबीआई के खुदरा महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी से शेयर बाजार धड़ाम

**मुंबई** 10 अगस्त (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों को यथावत रखने के साथ ही चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से हताश निवेशकों की एफएमसीजी, दूरसंचार और बैंकिंग समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 307.63 अंक लुढ़ककर 65,688.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.45 अंक की गिरावट लेकर 19,543.10 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.09 प्रतिशत फिसलकर 30,469.34 और स्मॉलकैप 0.15 प्रतिशत टूटकर 35,398.74 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3742 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1917 में बिकवाली जबकि 1679 में लिवाली हुई वहीं 146 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां गिरावट जबकि 18 तेजी पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

आरबीआई ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक बैठक के नतीजे की घोषणा में चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही नीतिगत दरों को यथावत रखने से भी निवेशकों की निवेशधारणा कमजोर पड़ी। इससे बीएसई के 12 समूहों में जमकर बिकवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज

**बीएसई सेंसेक्स ▼ 10 अगस्त 2023**

**अधिकतम गिरावट**

खुला: 65,945.39

बंद: 65,688.18

पिछला बंद: 65,995.81

बदलाव: -307.63 (-0.47%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| एशियन पेंट्स | 3,234.25 | -2.89 |
| कोटक बैंक | 1,800.40 | -1.63 |
| आईटीसी | 451.45 | -1.56 |
| ऐक्सिस बैंक | 939.65 | -1.12 |
| भारती एयरटेल | 874.45 | -1.05 |
| नेस्ले इंडिया | 22,012.00 | -0.88 |
| आईसीआईसीआई | 964.20 | -0.86 |
| एचडीएफसी बैंक | 1,636.30 | -0.84 |
| टाटा मोटर्स | 618.10 | -0.75 |
| एचसीएल टेक | 1,136.00 | -0.64 |

KBK Infographics

0.18, एफएमसीजी 0.88, वित्तीय सेवाएं 0.61, हेल्थकेयर 0.61, इंडस्ट्रियल्स 0.22, आईटी 0.33, दूरसंचार 1.05, ऑटो 0.19, बैंकिंग 0.81, कैपिटल गुड्स 0.46, रियल्टी 0.25 और टेक समूह के शेयर 0.19 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रिटेन के एफटीएसई की 0.05 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष अन्य बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.34, जापान का निक्केई 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.31 प्रतिशत मजबूत रहा।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 50 अंक फिसलकर 65,945.39 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,956.25 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली होने से यह दोपहर से पहले 65,509.14 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया और अंत तक संभल नहीं पाया। अंत में पिछले दिवस के 65,995.81 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत गिरकर 65,688.18 अंक पर रहा। निफ़्टी भी 27 अंक फिसलकर 19,605.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,623.60 अंक के उच्चतम जबकि 19,495.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,632.55 अंक की तुलना में 0.46 प्रतिशत उतरकर 19,543.10 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की 20 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए। इनमें सबसे अधिक 2.89 प्रतिशत का नुकसान एशियन पेंट ने उठाया। इसके अलावा कोटक बैंक 1.63, आईटीसी 1.56, ऐक्सिस बैंक 1.12, भारती एयरटेल 1.05, नेस्ले इंडिया 0.88, आईसीआईसीआई 0.86, एचडीएफसी बैंक 0.84, टाटा मोटर्स 0.75, एचसीएल टेक 0.64, मारुति 0.62, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.60, टीसीएस 0.59, एनटीपीसी 0.53, इंफोसिस 0.37, एलटी 0.25, अल्ट्रासिम्को 0.17, टाटा स्टील 0.12, सन फ़ार्मा 0.11 और एसबीआई के शेयर 0.03 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

# अधिकांश दाल-दलहन में तेजी

**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग आने से अधिकांश दाल-दलहन के भाव चढ़ गए जबकि अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3730 रिंगिट प्रति टन पर आ गया गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.19 सेंट की तेजी लेकर 60.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 200, दाल चना 200 और मसूर दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगी रही। वहीं, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर



रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 5400-5500, दाल चना 6400-6500, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 10900-11000, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल ¬ 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 3800-3900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12308 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 11721 रुपये, पाम ऑयल 8933 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# जीएसटी वृद्धि के बीच गेमिंग स्टार्टअप हाइक ने 22 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) के बाद, गेमिंग स्टार्टअप हाइक ने ऑनलाइन गेमिंग पर सरकार के 28 प्रतिशत जीएसटी फैसले का दूसरा शिकार बना है, कविन भारती मित्तल द्वारा स्थापित स्टार्टअप ने लगभग 55 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। मित्तल ने कहा, जीएसटी में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी हमारी ओर तानी गई बंदूक है। उन्होंने कहा, लगभग 55 लोग (22 प्रतिशत कर्मचारी) - जिनमें से 24 गैर-पूर्णकालिक कर्मचारी हैं। कारोबार अब तक की सबसे अच्छी स्थिति में है, लेकिन जीएसटी में यह 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी हमारी ओर तानी गई बंदूक है। उन्होंने कहा, हमें इसमें से कुछ आत्मसात् करने की आवश्यकता होगी और परिणामस्वरूप हाइक/रश में कार्यबल में कमी आएगी। हाइक रश गेमिंग यूनिवर्स (आरजीयू) नामक ब्लॉकचेन-आधारित रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म संचालित करता है। मित्तल ने एक आंतरिक ईमेल में कहा, जीएसटी ब्लैक स्वान इवेंट म2 है और यह टीडीएस से कहीं बड़ा है। जीएसटी में 400 फीसदी की बढ़ोतरी हमारी ओर तानी गई बंदूक है। हालांकि हम इसमें से कुछ को आत्मसात् करने की उम्मीद करते हैं, लेकिन हम इसे पूरा आत्मसात् नहीं कर सकते हैं। प्रभाव बहुत बड़ा है। गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म का दावा है कि उसके 52 लाख से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

इससे पहले, घरेलू ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म एमपीएल ने अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे लगभग 350 लोग प्रभावित हुए थे।

# नीतिगत दरों को यथावत बनाये रखना रियल एस्टेट के लिए महत्वपूर्ण कदम

**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर को लगातार तीसरी बार यथावत बनाये रखने का रियल एस्टेट उद्योग ने स्वागत करते हुये आज कहा कि यह इस क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। नरेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन बन्देलकर ने कहा रेपो दरों को आरबीआई द्वारा अपरिवर्तित रखने का निर्णय रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। ब्याज दरों में स्थिरता से उन डेवलपरों को राहत मिलेगी जो एक जटिल आर्थिक परिदृश्य से गुजर रहे हैं। अपरिवर्तित दरें कुछ हद तक दीर्घकालिक परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक आवश्यक स्थिति प्रदान करती है। इसके साथ ही यह निर्णय सेक्टर की स्थिरता की आवश्यकता के साथ अच्छी तरह से मेल भी खाता है और एक सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देता है। हालाँकि, हमें उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक उभरते बाजार की गतिशीलता के प्रति सचेत रहेगा और विकासोन्मुख उपायों का समर्थन करना जारी रखेगा।



रियल एस्टेट डेवलपरों का निकाय विभिन्न आर्थिक कारकों पर विचार करते हुए आरबीआई द्वारा किए जा रहे सावधानीपूर्वक संतुलन कार्य को स्वीकार करता है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हम एक मजबूत रियल एस्टेट क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर और नियामक अधिकारियों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आशा करते हैं जो देश के आर्थिक पुनरुत्थान में योगदान दे। त्रेहान ग्रुप के प्रबंध निदेशक सारांश त्रेहान ने कहा रेपो रेट को अपरिवर्तित बनाए रखने से रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए विकास के आंकड़े समान रहेंगे। आवास की मांग लगातार बढ़ रही है और आरबीआई की नीति रियल एस्टेट परिसंपत्तियों में पैसा लगाने की योजना बना रहे खरीदारों की संपत्ति-अनुकूल भावनाओं में काफी मूल्य जोड़ रही है। आरबीआई के इस कदम से मुद्रास्फीति की दरें और कम हो जाएंगी, जो निस्संदेह कम हो रही है लेकिन कंस्ट्रक्शन संबंधित क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है और समग्र आर्थिक माहौल को बाधित कर रही है। आरबीआई को 4 प्रतिशत के अपने मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्णय करने के लिए प्रेरित किया गया है और रेपो रेट को अपरिवर्तित रखकर यह अपने उद्देश्यों को महत्वपूर्ण रूप से प्राप्त करेगा। गंगा रियल्टी के संयुक्त प्रबंध निदेशक विकास गर्ग ने कहा कि आरबीआई के इस निर्णय से आवास की मांग को स्थिर करने और संपत्ति बाजारों में सकारात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। रेपो दर को अपरिवर्तित रखकर आरबीआई ने उद्योग-अनुकूल रुख की मौद्रिक नीति को बनाए रखा है जो रुझानों के समेकन का समर्थन करेगा। यह रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अच्छे परिणाम देगा और इसके अलावा व्यापक आर्थिक स्थितियों को स्थिर रखने में भी मदद करेगा।

इमामी रियल्टी के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. नितेश कुमार ने आरबीआई नीति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति के बावजूद आरबीआई ने रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रखा है। इससे घर खरीदने की भावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

# कृषि केन्द्रों पर अफसरों की दबिश,दो को नोटिस

**बिलासपुर**, 10 अगस्त ( देशबन्धु) ।कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2023 में जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये विभिन्न कृषि आदान सामग्री विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।



इस दौरान दो प्रतिष्ठानों में नियमों का उल्लंघन एवं गड़बड़ी पाये जाने पर उन्हें नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई। उप संचालक कृषि पी.डी. हथेश्वर के निर्देश पर बीज, उर्वरक, कीटनाशक निरीक्षक दिलीप रात्रे द्वारा विकासखण्ड कोटा के मेसर्स युवराज कृषि केन्द्र रतनपुर एवं ओम कृषि केन्द्र रतनपुर का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान मेसर्स युवराज कृषि केन्द्र रतनपुर में स्टॉक पंजी अपूर्ण, बिल बुक में कृषको का हस्ताक्षर नहीं, कालातित हुए कीटनाशक औषधि का भण्डारण, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के कीटनाशक औषधि का भण्डारण, मूल्य सूची चस्पा नहीं, इसी प्रकार ओम कृषि केन्द्र रतनपुर में स्टॉक पंजी का संधारण नहीं, बिल बुक नहीं, कालातित हुए कीटनाशक औषधि का भण्डारण, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के कीटनाशक औषधि का भण्डारण, मूल्य सूची चस्पा नहीं पाया गया। उक्त अनियमितता एवं कमियों के आधार पर नोटिस दिया जाकर और उक्त अनियमितता को 03 दिवस के भीतर सुधार कर लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए। समयावधि में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में लाईसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

# संजू त्रिपाठी हत्याकांड का फरार शूटर गिरफ्तार

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु) ।बिलासपुर के चर्चित संजू त्रिपाठी हत्याकांड के फरार शूटर को पकड़ने में पुलिस को कामयाबी मिली है। संजू त्रिपाठी की हत्या उसके ही भाई कपिल त्रिपाठी ने सुपारी देकर कराई थी। इस मामले में अब तक 21 आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं, जिसमें मृतक के पिता और भाई भी शामिल है। पुलिस को हत्याकांड में शामिल शूटर दानिश अंसारी, एजाज अंसारी, विनय द्विवेदी और इरफान अहमद उर्फ ताबीज की तलाश थी। यह सभी उत्तर प्रदेश निवासी होने के चलते बिलासपुर पुलिस एटीएस लखनऊ के साथ समन्वय बनाकर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच एटीएस लखनऊ की सूचना पर पुलिस के हाथ शूटर इरफान अहमद उर्फ ताबीज उम्र 28 वर्ष हाथ लगा जो मऊपारा, देवकली सैदपुर नंदगंज गाज़ीपुर उत्तर प्रदेश निवासी है, जिसकी मदद से पुलिस अन्य शूटर की तलाश कर रही है ।आपको बता दे की पिछले साल 14 दिसंबर शाम करीब 4=15 बजे सकरी थाना क्षेत्र के खनिज बैरियर के पास स्पीड ब्रेकर पर गाड़ी रुकते ही कांग्रेस नेता और हिस्ट्री सीटर संजू त्रिपाठी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में पता चला कि इसके पीछे उसके ही करीबी रिश्तेदारों का हाथ था फिलहाल इस हत्याकांड में तीन शूटर फरार है, जिनकी तलाश सकरी पुलिस कर रही है।



# अरपा पार अब नया जोन

## बिजली कंपनी ने तैयार किया जोन कार्यालय का सेटअप

### 22 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु) ।अरपा पार के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। अब बिजली बंद या अन्य शिकायतों के समाधान के लिए दिक्कत नहीं होगी और न तोरवा जोन कार्यालय जाना पड़ेगा। इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली कंपनी ने वसंत विहार को नया जोन बनाया है।इसकी स्वीकृति के साथ नए जोन कार्यालय का सेटअप भी जारी कर दिया गया है।

इसमें 27 अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ होंगे। जोन पर 22 हजार उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी होगी। शहर में बिजली सप्लाई की कमान तोरवा व नेहरू नगर मंडल संभालता है।दोनों मंडल में अलग-अलग जोन बने हैं, ताकि सप्लाई व्यवस्था बेहतर हो और उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके।तोरवा मंडल में 72 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं ।इसके लिए केवल तीन जोन लिंकरोड, सिरगिट्टी व तोरवा जोन बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा दबाव तोरवा जोन पर है।

यहां 39 हजार उपभोक्ता है। इनमें वसंत विहार, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह समेत आसपास के उपभोक्ता शामिल हैं ।अरपा पार निवासरत इन उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा दिक्कत होती थी। इसे देखते हुए तोरवा जोन के दायरे को दो भाग में बांटकर अरपा पार एक नया जोन बनाने का प्रयास किया गया। वसंत विहार को एक अलग जोन बना दिया गया है। रायपुर मुख्यालय से इस नए जोन कार्यालय के लिए सेटअप भी जारी कर दिया गया है। इस नए जोन कार्यालय में 27 अधिकारी व कर्मचारियों पदस्थ होंगे।

### नए जोन कार्यालय के लिए स्वीकृत सेटअप

जोन कार्यालय में एक एई, दो जेई, एक ओए ग्रेड-1, दो ओए ग्रेड- 3, एक डीइओ, एक एलए ग्रेड- 1, दो एलए ग्रेड-2, समेत 27 अधिकारी व कर्मचारी कमान संभालेंगे। इतना ही नहीं एक फ्यूज काल सेंटर भी होगा। अभी राजकिशोर नगर में एक फ्यूज काल सेंटर है ।कार्यालय भवन किराया पर लिया जाएगा बिजली वितरण कंपनी ने अब जोन कार्यालय के लिए भवन की तलाश शुरू कर दी है। भवन किराए पर लिया जाएगा। कुछ भवन को चिंहित भी किया गया है। इन्हीं में एक को चयनित कर किराया पर लेने की प्रक्रिया को पूरी की जाएगी।

## सार-संक्षेप



### मौर्य समाज की ज्योति बनी सावन सुंदरी

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु) । मौर्य समाज महिला संगठन द्वारा सावन का रंगारंग कार्यक्रम होटल में मनाया गया । कार्यक्रम में सावन से सबंधित गीत गाया गया गीत की प्रस्तुति श्रीमती अर्चना मौर्य , चुन्नी मौर्य व सारिका कश्यप द्वारा दी गई । मनमोहक डांस पूजा मौर्य , सोना कश्यप , आशी सिन्हा , तनु कश्यप शुभी कश्यप, अंजना सिन्हा साक्षी कश्यप खुशबु मौर्य भावना कश्यप , अनुष्का कश्यप द्वारा किया। सभी जमकर थिरके सभी को लग्र रहा था कि कार्यक्रम चलता ही रहे । समाज की अध्यक्ष श्रीमती शोभा कश्यप द्वारा बताई गया कि कार्यक्रम का उदेश्य सभी महिलाओं का घर से निकलना सभी का आपस मे मिलना और अपने अंदर छिपे प्रतिभा को बाहर लाना है ।अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई मंच संचालन सारिका कश्यप ने किया ।रीता मौर्य ने एक्सक्यूज़्मी गेम खिलाया गया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की ।उपाध्यक्ष चुन्नी मौर्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।सभी महिलाओं ने खूब एन्जॉय किया ।कार्यक्रम मे कविता कश्यप उषा कश्यप , रूही कश्यप ,नीलू कश्यप लक्ष्मी मौर्य ममता कश्यप ।अनिता , सविता ,आरती ,सोना ,पूजा ,विनीता , मंजू आशा ,अर्चना , आँचल शांति , गायत्री ,अंजना , आशी तनु , अपेक्षा पिंकी कविता आदि ।महिलाये उपस्थित थी ।शुभी ,खुशबु , श्रद्धा , उर्मिला , शीतल भावना ,कलावती ,राजकुमारी सरस्वती रेणु , प्रियंका कुसुमलता ,साक्षी आदि मौजूद रहे।

### मेरी माटी मेरा देश के तहत वृहद वृक्षारोपण

**बिलासपुर**, 10 अगस्त ( देशबन्धु) । नेहरू युवा केन्द्र बिलासपुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत् तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम बेलसरा में वृहद् पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र संस्थान रायपुर के राज्य निदेशक श्रीकांत पाण्डेय, कर्नल जे.जे. लालजी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश केसरी, वरिष्ठ समाज सेवी श्रीमान दास मानिकपुरी, वरिष्ठ शिक्षक, ग्राम सरपंच श्रीमती वेदिन इतवारी मरावी, बेलसरा उप सरपंच प्रदीप पाटले, पूर्व सरपंच अशोक बंजारे, पंच- शोभा पाटले, पंच जोगी राम पाटले, स्व सहायता समूह से श्रीमती मीना जोशी, श्रीमती पद्मिनी बंजारे, पूर्व उप सरपंच विमला जोशी उपस्थित रहें ।कार्यक्रम के अर्न्तगत सर्वप्रथम बेलसरा ग्राम के प्राथमिक स्कूल के परिसर में सभी अतिथियों द्वारा माटी को नमन कर पौधारोपण किया गया एवं उसके पश्चात् वीरो के वंदन के अंतर्गत कर्नल जे.जे. लालजी का शॉल एवं श्रीफल से श्रीकांत पाण्डेय द्वारा सम्मान किया गया एवं कर्नल जे.जे. लाल द्वारा सभी युवाओं एवं ग्रामवासियों को पंचप्राण की शपथ दिलाई गयी। इसी दिन तखतपुर ब्लॉक के 16 ग्रामों में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहन लाल सोनी, लेखापाल नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर एवं आभार प्रदर्शन श्रीमानदास मानिकपुरी, वरिष्ठ शिक्षक ने किया। कार्यकम को सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र के राष्टीय युवा स्वयं सेवक नीरज कंठालेय एवं शारदा ने अपनी सक्रिय भूमिका निभायी।

### तीन जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त एसी कोच

**बिलासपुर** , 10 अगस्त ( देशबन्धु) । रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है 7 इसी क्रम में यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 03 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में एसी कोच की अतिरिक्त सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है । विवरण इस प्रकार है। गाड़ी संख्या 12222/12221 हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-2 कोच की सुविधा हावड़ा से 12 अगस्त 2023 से तथा पुणे से 14 अगस्त 2023 से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी । गाड़ी संख्या 12262/12261 हावड़ा-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-2 कोच की सुविधा हावड़ा से 11 अगस्त 2023 से तथा सीएसएमटी से 13 अगस्त 2023 से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी । गाड़ी संख्या 20822/20821 सांतरागाछी-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा सांतरागाछी से 12 अगस्त 2023 से तथा पुणे से 14 अगस्त 2023 से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी।

# हमारे संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है-सुभाष

### बिलासपुर में सर्व आदिवासी समाज ने निकाली आक्रोश रैली

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु) ।प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग छत्तीसगढ़ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में आक्रोश रैली के रूप में आदिवासी समाज ने इस वर्ष पारंपरिक नृत्य संगीत से निकलने वाले रैली को एवं मंची प्रोग्राम को छोड़ आक्रोश रैली के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया। जिसमें अपने लोक पारंपरिक वेशभूषा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए रैली निकले एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की नीतियों से आदिवासीयो के हितों पर हो रहे कुठाराघात को पोस्टर के माध्यम से पूरे शहर में प्रदर्शित किये।



इस अवसर पर युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते ने कहा आज के प्रदेश में देश और प्रदेश में जिस तरीके की स्थितियां बन रही है वह यहां के मूल निवासियों के लिए बहुत ही चिंताजनक विषय है क्योंकि लगातार उनके संवैधानिक हक अधिकारों को छीना जा रहा है, जिससे युवाओं में आक्रोश का माहौल पूरे देश में फैल रहा है। आपसी भाईचारा की भावनाएं देश में खत्म हो रही है। जल जंगल जमीन को बचाने की जरूरत है । देश में खनिज संसाधनों का बेहतरीन ढंग से जिस तरह से दोहन हो रहा है। या प्रकृति के लिए खतरा है जिससे मानवी जीवन में एक संकट का माहौल पैदा हो जाएगा आदिवासी समाज विश्व बंधुत्व की भावना पर विश्वास करता है युवाओ को एकजुट होने की आवश्यकता है कहे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष युवराज प्रधान महिला प्रभाग की प्रदेश अध्यक्ष सविता शाह जी बिलासपुर युवा अध्यक्ष शिव चेचाम नगर अध्यक्ष सूरज मरकाम जी महिला प्रभाग अध्यक्ष रागिया प्रधान शासकीय सेवा संघ अध्यक्ष आरसी ध्रुव,हेमंत मरकाम, राजेन्द्र पोर्ते राजू धुर्व चरण सिंह राज, अनिल धुर्व,कोटा जनपद अध्यक्ष मनोहर राज, प्रांजल आनंद, अभिषेक प्रधान, पंकज उईके, डॉ पंकज सिंह परते, डॉ संतोष उद्देय मनोज मरावी, विवेक मरकाम, अनिल मारवी लखन पैकरा एवं आदिवासी समाज के मुखिया युवाओं की बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे।

# बच्चे हुनर सीखें और आत्मनिर्भर बनें-अटल

### कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को प्रमाण पत्र का वितरण

**बिलासपुर**, 10 अगस्त ( देशबन्धु) । अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं युवा विकास एवं जनकल्याण संस्था रतनपुर द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को आज प्रमाण पत्र का वितरण महामाया मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान एवं अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभयनारायण राय उपस्थित थे।

अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे किसी न किसी हुनर को सीखें एवं आत्मनिर्भर बनें और सभी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। अभयनारायण राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस प्रकार के बहुत सारे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बेरोजगार युवकों के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ अवश्य रूप से उठायें। अतिथियों द्वारा आयोजक संस्था अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं युवा विकास एवं जनकल्याण संस्था रतनपुर को इस कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई ।उक्त कार्यक्रम में लाईवलीहुड कॉलेज बिल्हा के प्राचार्य ओम पाण्डेय, जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक उमाकांत पटेल, श्री अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र रतनपुर के प्रबंधक श्रीकांत झा,युवा विकास एवं जनकल्याण संस्था रतनपुर के अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### कर्मचारियो को तृतीय वेतनमान दिया जाए

**बिलासपुर**, 10 अगस्त (देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र दवे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञापन प्रेषित कर नियमित कर्मचारियों को मिल रहा तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ अल्प वेतन भोगी कार्यभारितकर्मचारियों को भी दिए जाने की मांग की है, ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नियमित अधिकारी कर्मचारियों को तृतीय समय मान वेतनमान का लाभ मिल रहा है।

**NECC**

| 11.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.20 | 55 | 150 |
| चिल्हर | 5.00 | 70 | 175 |
| डिलीवरी | 4.35 | सैकड़ा | |

दर्जन अंडा 60 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

# आप ने घेरा विधायक धरमलाल कौशिक का निवास,मांगा 5 साल का हिसाब

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु)। आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह बिलासपुर जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर बिलासपुर जिला सचिव प्रमोद पटेल एवं अन्य साथियों ने पानी बिजली सड़क सफाई रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य पेंशन आदि मुद्दों को लेकर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के निवास का घेराव कर पिछले 5 सालों का जवाब मांगा।



विधायक के वर्तमान कार्यकाल के 5 वर्ष लगभग पूर्ण होने वाले हैं किंतु तेलसरा, कराड आदि गांव में आज तक पीने का पानी उपलब्ध नहीं करा पाए हैं ।शिवनाथ और अरपा नदी का पानी पास होते हुए भी मंगला,पासिद अमलीडी, बेलटुकरी, कनेरी, दुर्गाडीह और पिरैया को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता है कोटिया सेवार और कटुवा मैं करीब 10 दिन बिजली बंद रही मंगल पासिद से सिलपहरी रोड लोहदा नगपुरा(प) की स्थिति जर्जर है ।तिफरा, सिरगिटटी,अंगूरी और सिलपहरी जैसे इंडस्ट्रियल एरिया होने के बावजूद बिल्हा विधानसभा के ग्रामीणों को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है लाइवली हूड कॉलेज भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कई गांव की शिक्षा स्थिति दयनीय है शिक्षक समय पर नहीं आते कई जगह तो शिक्षक नशे में धुत होकर आते हैं। कई गांव के स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है चो से पानी टपकता है ।बिल्हा मैं 50 बेड का अस्पताल तो है और वहां एक्सरे की सुविधा भी उपलब्ध है किंतु मशीन ऑपरेटर अक्सर छुट्टी पर रहता है सरकारी बैंकों में घंटों लाइन में लगना पड़ता है पासबुक प्रिंट करने के लिए भी कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है कभी लाइन नहीं है प्रिंटर खराब है कभी सर्वर डाउन है बोलकर आम नागरिकों को वापस लौटा दिया जाता है।

तारबहार और बिल्हा में आम जनता रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की बाँट पिछले 25 वर्षों से जोह रही है चकरभाटा ओवरब्रिज में कई वर्षों से लाइट नहीं है गजरा चौक के पास ओवरब्रिज सिर्फ एक स्लैब की बांट जोह रहा है तिफरा वार्ड नंबर आठ में नाली जाम होने से पानी घरों और रोड पर बह रहा है ।इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह ,बिलासपुर जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर ,जिला सचिव प्रमोद पटेल ,बिल्हा ब्लाक प्रभारी संजय श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष रवि यादव ,ब्लॉक अध्यक्ष सरगांव खगेश केवट, मनोज जांगड़े , महिला प्रकोष्ठ गीता देवी, संजय गढ़ेवाल, बसंत पथरी, योगेश बंजारे, सर्किल इंचार्ज वेदराम पटले ,वार्ड प्रभारी राजेंद्र नवरंग, वार्ड अध्यक्ष संतोष यादव, जेठू प्रसाद एवं भारी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहकारी बैंक से उपकरण खरीदी के लिए भी मिलेगा ऋण

### प्रचार-प्रसार के लिए बैंक के अध्यक्ष ने किया पोस्टर का विमोचन

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु) । जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के किसानों के बीच ऋण सेवाओं का कृषको को अधिक से अधिक लाभ मिले। इस जागरूकता अभियान के तहत आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर के द्वारा जन जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला पेंड्रा मरवाही, जांजगीर-चांपा, शक्ति एवं कोरबा के कृषक सदस्यों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत अल्पकालीन केसीसी ऋण प्रदान किया जाना है। जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के लगभग 2 लाख 60 हजार से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा और भी नए किसानों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।



प्रमोद नायक ने कहा कि अनाज दलहन एवं तिलहन के साथ ही उद्यानिकी फसल सब्जीयों, फल फूल, पशुपालन, मुर्गी पालन एवं मछली पालन के लिए ऋण का निर्धारण किया गया है, जिसका प्रचार प्रसार संमुचित रूप से किए जाने के लिए के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी बैंक के प्राधिकत अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा जारी किया गया है।

बैंक के द्वारा किसानों को अल्पकालिक, दीर्घकालीन, मध्यकालीन ऋण ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि की खेती किसानी उपकरण खरीदने के लिए भी प्रदान किया जाएगा। अधिक से अधिक किसान ऐसी योजना और ऋण सुविधा का लाभ लें, इसकी अपील जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने की है। किसानों से आवेदन प्राप्त होने के बाद किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार तत्काल प्रदान किया जाएगा ।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर, नोडल अधिकारी आशीष दुबे, जांजगीर नोडल अधिकारी अस्वनी पांडेय, सुशील चंद्राकर, रवि जैसवाल, ओजस्वी बिसेन, अनुराग निर्मलकर बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रमजानी बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 25 से

**बिलासपुर**,10 अगस्त ( देशबन्धु) ।हजरत हाफिज अब्दुस्सलाम उर्फ रमजानी बाबा के 57 वा सालाना उर्स पाक 25/26 / 27 अगस्त 2023 को मनाया जाएगा ।उसे पाक मुबारक मौके पर हर साल की तरह इस साल भी तीन दिवसीय उर्स का आयोजन होने जा रहा है। पहले दिन 25 अगस्त को फर्ज की नमाज के बाद कुरान खानी, मगरिब के बाद संदल चादर जनाब अनिल टाह के निवास से निकाल कर शहर का गश्त कर दरगाह शरीफ में चादर पोशी की रस्म अदा की जायगी। दूसरे दिन 26 अगस्त शनिवार को आजीमुश्शान जलसा तकरीर का आयोजन इशा की नमाज के बाद रात 9.30 रखा गया है. जलसे में हजरत मुफ्ती मोहम्मद सद्दाम हुसैन बरकाती फैजी गोरखपुर यूपी से तशरीफ ला रहे हैं और जायरिंन को खीताब फरमाएंगे. सायरे इस्लाम हाफिज मुस्तकीम साहब बिलासपुर अपने कलम से महफिल को सजाएँगे मस्तुरातों के पर्व का खास इंतेजाम है ।तीसरे दिन 27 अगस्त रविवार को कुल शरीफ की फातेहा सुबह 11 बजे व आम लंगर का आयोजन उर्स कमेटी के तत्वाधान में रखा गया है जिसमें सभी धर्म और समाज के लोग शिरकत करते हैं और बाबा के दरबार में अपनी अकीदत का नजराना पेश करते हैं। मस्तुरातों के पर्दे का खास इंतेजाम है ।उर्स कमेटी ने आम मीटिंग कर आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जायरीनों से ज्यादा से ज्यादा तादाद में आयोजन में शरीक होने की गुजारिश दरगाह उर्स कमेटी ने किया है।



प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188